वीज, नपु०, वीज ।

वीज-कोस, पु०, फूलो का वीज-कोष ।

वीज-गाम, पु०, वीजो का समूह ।

वीज-जात, नपु०, वीजो के अलग-अलग विभेद ।

वीज-वीज, नपु०, वीजो से उगाये जा सकने वाले पौधे ।

वीभच्च, वि० वीभत्स ।

वीरण, नपु०, वीरण घास ।

वीरण-थम्भ, पु०, वीरण घास का खम्वा।

बुज्झति, क्रिया, जानता है, समझता है, वूझता है ।

(बुज्झि, बुद्ध, बुज्झन्त, बुज्झित्वा) ।

वुज्झन, नपु०, वूझना, ज्ञान प्राप्त करना ।

बुज्झनक, वि०, समझदार ।

बुज्झितु, पु०, जागने वाला, वूझने वाला, ज्ञानी ।

बुड्ढ, वि०, वृद्ध ।

बुड्ढतर, वि०, वृद्धतर ।

बुद्ध, सम्पूर्ण ज्ञान के प्रतीक बुद्धत्व-पद का लाभी ।

बुद्धकारक-धम्म, पु०, बुद्धत्व-प्राप्ति मे सहायक चर्या ।

बुद्ध-काल, पु०, बुद्धोत्पत्ति का काल ।

बुद्ध-कोलाहल, पु०, बुद्ध के आगमन की पूर्व-सूचना ।

बुद्धक्खेत्त, नपु०, बुद्ध की शक्ति का सीमा-क्षेत्र ।

बुद्ध-गुण, पु०, बुद्ध के गुण ।

बुद्धंकुर, पु०, जिसका बुद्ध वनना स्थिर है ।

बुद्ध-चक्खु, नपु०, बुद्ध की अन्तर्दृष्टि ।

बुद्ध-ञाण, नपु०, अनन्त ज्ञान ।

बुद्धन्तर, नपु०, एक बुद्ध और दूसरे बुद्ध के वीच का काल ।

बुद्ध-पुत्त, पु०, बुद्ध-पुत्र ।

बुद्ध-वल, नपु०, बुद्ध की शक्ति ।

बुद्ध-भाव, पु०, बुद्ध-भाव, बुद्धत्व ।

बुद्ध-भूमि, स्त्री०, बुद्ध-भूमिका ।

बुद्ध-मामक, वि०, बुद्धभक्त ।

बुद्ध-रस्मि, बुद्ध-रंसि, स्त्री०, बुद्ध के शरीर से निकलने वाली रश्मियां ।

बुद्ध-लीळ्हा, स्त्री०, बुद्ध-लीला ।

बुद्ध-वचन, नपु०, बुद्ध की शिक्षा ।

बुद्ध-विसय, पु०, बुद्ध-क्षेत्र ।

बुद्ध-वेनेय्य, वि०, बुद्ध के द्वारा ही विनीत वनाया जा सकने वाला ।

बुद्ध-सासन, नपु०, बुद्धो की शिक्षा ।

बुद्धानुभाव, पु०, बुद्धो का प्रताप ।

बुद्धानुस्सति, स्त्री०, बुद्ध का अनुस्मरण ।

बुद्धारम्मण, बुद्धालम्बन, नपु०, बुद्ध के

गुणों का ध्यान ।
बुद्धपट्ठाक, वि०, बुद्ध सेवक ।
बुद्धुप्पाद, पु०, बुद्ध-युग ।
बुद्धघोस, त्रिपिटक का सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार अट्ठकथाचार्य ।
बुद्धघोसुप्पत्ति, इस नाम का एक ग्रन्थ ।
बुद्धत्त, नपु०, बुद्धत्व-प्राप्ति की अवस्था ।
बुद्ध-वंस, खुद्दक निकाय का चौदहवाँ ग्रन्थ ।
बुद्धि, स्त्री०, प्रज्ञा ।
बुद्धिमन्तु, वि०, बुद्धिमान ।
बुद्धि-सम्पन्न, बुद्धिमान ।
बुध, पु०, बुद्धिमान आदमी, बुध-ग्रह, बुध(-वार) ।
बुब्बुल, बुब्बुलक, नपु०, बुलबुला ।
बुभुक्खति, क्रिया, खाने की इच्छा करना है ।
(बुभुक्खि, बुभुक्खित) ।
बुन्द, पु०, जड़ ।
बेलुव, पु०, बिल्व-फल का पेड़ ।
बेलुव-पक्क, पका बेल ।
बेलुव-लट्ठि, स्त्री०, बेल का गाछ ।
बेलुव-सलाटुक, नपु०, बेल का कच्चा फल ।
बोज्झङ्ग, नपु०, बोधि-प्राप्ति के लिए आवश्यक सहायक गुण ।
बोध, पु०, बोधन; नपु०, बुद्धत्व, ज्ञान ।
बोधनीय, बोधनेय, वि०, बुद्धत्व लाभ कर सकने वाला ।
बोधि, स्त्री०, श्रेष्ठतम ज्ञान ।
बोधि-अङ्गण, नपु०, बोधि वृक्ष का आंगन ।
बोधि-पक्खिक, वि०, बोधिपक्षीय धर्म ।
बोधि-पादप, बोधि-रुक्ख, पु०, बोधि-वृक्ष, पीपल ।
बोधि-पूजा, स्त्री०, बोधि-वृक्ष की पूजा ।
बोधि-मण्ड, पु०, बोधि-वृक्ष के नीचे का वह स्थान जहाँ सिद्धार्थ गौतम वज्रासन लगाकर बुद्ध-प्राप्ति के लिए कृत-संकल्प होकर बैठे थे ।
बोधि-मह, पु०, बोधि वृक्ष के सम्मान मे उत्सव ।
बोधि-मूल, नपु०, बोधि-वृक्ष की जड़ ।
बोधिसत्त, बुद्धत्व-प्राप्ति के लिए कृत-संकल्प प्राणी, बुद्धत्व-प्राप्ति से पूर्व का सिद्धार्थ गौतम बुद्ध का परिचायक नाम ।
बोधेति, क्रिया, ज्ञान प्राप्त कराता है । (बोधेसि, बोधित, बोधेन्त, बोधेत्वा) ।
बोधेतु, पु०, जाग्रत होने वाला, ज्ञान लाभी ।
बोन्दि, पु०, शरीर ।
ब्यग्घ, पु०, व्याघ्र ।
ब्यञ्जन, नपु०, स्वरों के अतिरिक्त वर्णमाला के शेष अक्षर, सालन, कढ़ी, पकवान ।
ब्यापाद, पु०, क्रोध, द्वेष ।
ब्याम, पु०, ब्याम-मात्र (माप) ।
ब्यामप्पभा, स्त्री०, बुद्ध के शरीर से निकलने वाली प्रभा ।
ब्यूह, पु०, सेना की रचना-पद्धति ।
ब्रहन्त, वि०, विशाल ।
ब्रह्म, ब्रह्मा, पु०, सृष्टि-कर्ता ।
ब्रह्म-कायिक, वि०, ब्रह्माओं की मण्डली का ।

ब्रह्म-घोस, वि०, ब्रह्मा सदृश आवाज।
ब्रह्मचर्या, स्त्री०, श्रेष्ठ जीवन।
ब्रह्मचारी, मैथुन-धर्म से विरत रहने वाला।
ब्रह्मजच्च, वि०, ब्राह्मण-जन्मा।
ब्रह्मञ्ञ, ब्रह्मञ्ञता, स्त्री०, श्रेष्ठ-जीवन।
ब्रह्म-दण्ड, पु०, दण्ड विशेष, जो छन्न को दिया गया था।
ब्रह्म-देय्य, नपु०, राजकीय भेंट।
ब्रह्मप्पत्त, वि०, श्रेष्ठतम अवस्था को प्राप्त।
ब्रह्म-बन्धु, पु०, ब्रह्म का सम्बन्धी, ब्राह्मण।
ब्रह्मभूत, वि०, सर्वश्रेष्ठ।
ब्रह्म-लोक, पु०, ब्रह्म-लोक।
ब्रह्म-विमान, नपु०, ब्रह्मा का निवास-स्थान।
ब्रह्म-विहार, चित्त की वाञ्छनीय स्थिति; मैत्री, करुणा, मुदिता तथा उपेक्षा का सम्मिलित नाम।
ब्रह्मदत्त जातक, तपस्वी ने राजा से विदा लेते समय केवल पत्तों का एक छाता और खडाऊँ की जोडी माँगी (३२३)।
ब्राह्मण, पु०, ब्राह्मण वर्ण का व्यक्ति।
ब्रह्म-कञ्ञा, स्त्री०, ब्राह्मण-कन्या।
ब्रह्म-वाचनक, नपु०, ब्राह्मणो द्वारा किया जाने वाला वेद-पाठ।
ब्राह्मण-वाटक, पु०, ब्राह्मणो के एकत्र होने का स्थान।
ब्रूति, क्रिया, बोलता है।
(अब्रवि, ब्रुवन्त, ब्रुवित्वा)।
ब्रूहन, नपु०, वृद्धि।
ब्रूहेति, क्रिया, बढाता है, वृद्धि करता है।
(ब्रूहेसि, ब्रूहित, ब्रूहेन्त, ब्रूहेत्वा)।
ब्रूहेतु, पु०, बढाने वाला।

भ

भक्ख, वि०, खाने योग्य; नपु०, भोजन, खाद्य-पदार्थ।
भक्खक, पु०, खाने वाला।
भक्खति, क्रिया, खाता है।
(भक्खि, भक्खित, भक्खितुं)।
भक्खन, नपु०, खाना।
भक्खेति, क्रिया, खाता है।
भग, नपु०, भाग्य, योनि।
भगन्दल, भगन्दर रोग।
भगवन्तु, वि०, भाग्यवान्, पु०, भगवान् (बुद्ध)।
भगिनी, स्त्री०, बहन।
भगु, (नाम), भृगु ऋषि।
भग्ग, कृदन्त, टूटा हुआ।
भङ्ग, पु०, टूटना; नपु०, पटुआ।
भङ्ग-खण, नपु०, टूटने का क्षण।
भङ्गानुपस्सना, स्त्री०, वस्तुओ के विनाश के सम्बन्ध मे अन्तर्दृष्टि।
भच्च, पु०, भृत्य, नौकर; वि०, पालित-पोषित।
भजति, क्रिया, सगति करता है।
(भजि, भजित, भजमान, भजित्वा, भजितब्ब)।
भजन, नपु०, सगति।
भज्जति, क्रिया, भूँजता है।
(भज्जि, भज्जित, भज्जमान

भञ्जित्वा)।

भञ्जक, वि०, तोडने वाला, खराब करने वाला।

भञ्जति, क्रिया, तोड़ता है, नष्ट करता है।
(भञ्जि, भग्ग, भञ्जित, भञ्जन्त, भञ्जमान, भञ्जित्वा)।

भञ्जन, नपु०, तोड, विनाश।

भञ्जनक, नपु०, तोडना, नष्ट करना।

भट, पु०, सैनिक, सिपाही, नौकर।

भट-सेना, स्त्री०, पैदल सेना।

भट्ठ, कृदन्त, भुना हुआ, गिरा हुआ।

भणति, क्रिया, बोलता है।
(भणि, भणित, भणन्त, भणितब्ब, भणित्वा, भणितुं)।

भणे, अव्यय, सम्बोधन-विशेष।

भण्ड, नपु०, सामान।

भण्डक, नपु०, सामान, चीजें।

भण्डागार, नपु०, भण्डार, खजाना।

भण्डागारिक, पु०, भंडारी, खज़ानची।

भण्डति, क्रिया, झगडा करता है।
(भण्डेति, भण्डि, भण्डेसि, भण्डेत्वा)।

भण्डन, नपुं०, कलह, झगडा।

भण्डिका, स्त्री०, बण्डल, गठडी।

भण्डु, पु०, सिरमुंडा।

भण्डु-कम्म, नपु०, हजामत बनाना।

भत, कृदन्त, पालित-पोषित, पु०, नौकर।

भतक, पु०, भृत्य, कुली।

भति, स्त्री०, मजदूरी।

भत्त, नपु०, भात।

भत्त-कारक, पु०, रसोइया।

भत्त-किच्च, नपु०, भात खाना, भोजन करना।

भत्त-किलमथ, पु०, भोजनानन्तर आलस्य।

भत्त-सम्मद, पु०, भोजनानन्तर तन्द्रा।

भत्त-गाम, पु०, भेंट या सेवा देने वाला ग्राम।

भत्तग्ग, नपु०, भोजनालय।

भत्त-पुट, नपु०, भात का दोना।

भत्त-विस्सग्ग, पु०, भोजन परोसना।

भत्त वेतन, नपु०, भोजन और तनख्वाह।

भत्त-वेला, स्त्री०, भोजन का समय।

भत्ति, स्त्री०, भक्ति।

भत्तिक, भत्तिमन्तु, वि०, भक्त।

भत्तु, पु०, भर्तृ, पति।

भदन्त, वि०, गौरवार्ह, पूज्य।

भद्द (भद्र भी), वि०, शुभ (मुहूर्त)।

भद्दक, नपु०, भाग्य-सम्पन्न वस्तु; वि०, भाग्य-सम्पन्न (वस्तु)।

भद्दकच्चाना, स्त्री०, यशोधरा (राहुल माता) का एक और नाम।

भद्दकुम्भ, पु०, पानी का भरा घड़ा।

भद्द-दारु, पु०, देव-दारु की जाति का वृक्ष।

भद्द-पदा, स्त्री०, भाद्रपद नक्षत्र।

भद्द-पीठ, नपु०, भद्रासन।

भद्द-मुख, वि०, सुन्दर मुख, शिष्ट सम्बोधन।

भद्द-युग, नपु०, श्रेष्ठ जोडा।

भद्दसाल जातक, राजा के उद्यान के श्रेष्ठ भद्रशाल वृक्ष के काटे जाने की कथा (४६५)।

भस्सति, क्रिया, गिर पड़ता है।
(भस्सि, भट्ठ, भसन्त, भसमान, भसित्वा)।
भस्सर, वि०, प्रकाशमान।
भा, स्त्री०, प्रकाश की चमक।
भाकुटिक, वि०, भ्राकुटिक, भृकुटि टेढी करने वाला।
भाग, पु०, हिस्सा।
भागवन्तु, वि०, हिस्से वाला, हिस्सेदार।
भागदेय्य, भागधेय्य, नपु०, भाग्य।
भागसो, क्रि० वि०, हिस्सो के अनुसार।
भागिनेय्य, पु०, भानजा।
भागिनेय्या, स्त्री०, भानजी।
भागीय, वि०, (समास मे) सम्बन्धित।
भागी, वि०, हिस्सेदार।
भागीरथी, गङ्गा नदी का एक नाम।
भाग्य, नपु०, सौभाग्य।
भाजक, भाजेतु, बांटने वाला।
भाजन, नपु०, बँटवारा, बर्तन, पात्र।
भाजन-विकति, स्त्री०, नाना प्रकार के बर्तन।
भाजेति, क्रिया, बांटता है।
(भाजेसि, भाजित, भाजेन्त, भाजेत्वा, भाजेतब्ब, भाजीयति)।
भाणक, पु०, धर्म-ग्रन्थो का पाठ करने वाला, बड़ा मटका।
भाणवार, पु०, त्रिपिटक के अनेक भागो मे से एक। एक भाणवार आठ सहस्र अक्षरो से समन्वित माना जाता है।
भाणी, वि०, बोलने वाला।
भाति, क्रिया, चमकता है।
(भासि)।
भातिक, भातु, पु०, भाई।
भानु, पु०, प्रकाश, सूर्य।
भानुमन्तु, वि०, प्रकाशवान, पु०, सूर्य।
भायति, क्रिया, डरता है।
(भायि, भायन्त, भायितब्ब, भायित्वा)।
भायापेति, क्रिया, डराता है।
(भायापेसि, भायापित, भायापेत्वा)।
भार, पु०, बोझा।
भार-निक्खेपन, नपु०, भार उतार कर रख देना।
भार-मोचन, नपु०, भार-मुक्ति।
भार-वाही, पु०, भार ढोने वाला।
भार-हार, पु०, बोझा ढोने वाला।
भारिक, वि०, भार-युक्त।
भारिय, वि०, भारी।
भाव, पु०, स्वभाव।
भावना, स्त्री०, विकास, योगाभ्यास।
भावनानुयोग, पु०, योगाभ्यास मे लगना।
भावनामय, वि०, भावनायुक्त।
भावना-विधान, नपु०, योगाभ्यास की पद्धति।
भावनीय, वि०, अभ्यास करने योग्य, सम्माननीय।
भावित, कृदन्त, अभ्यस्त, विकसित।
भावितत्त, वि०, विशेष अभ्यासी, सयत।
भावी, वि०, होने वाला, अनिवार्य।
भावेति, क्रिया, वृद्धि करता है, अभ्यास करता है।
(भावेसि, भावित, भावेन्त, भावयमान, भावेतब्ब, भावेत्वा, भावेतु)

भासति, क्रिया, बोलता है, चमकता है।
(भासि, भासित, भासन्त, भासित्वा, भासितब्ब)।
भासन, नपु०, भाषण।
भासन्तर, नपु०, दूसरी भाषा।
भासा, स्त्री, भाषा, बोली।
भासित, नपु०, कथन।
भासितु, भासी, पु०, बोलने वाला, कहने वाला।
भासुर, वि०, चमकदार।
भिक्खक, पु०, भिखमगा।
भिक्खति, क्रिया, भीख माँगता है।
(भिक्खि, भिक्खन्त, भिक्खमान, भिक्खित्वा)।
भिक्खन, नपु०, भीख माँगना।
भिक्खा, स्त्री०, भिक्षा।
भिक्खाचरिया, स्त्री०, भिक्षाटन।
भिक्खाचार, पु०, भिक्षाटन।
भिक्खाहार, पु०, भिक्षु द्वारा प्राप्त आहार।
भिक्खा-परम्पर जातक, राजा को प्राप्त भोजन क्रमश प्रत्येक बुद्ध को प्राप्त हुआ (४९६)।
भिक्खु, पु०, बौद्ध भिक्षु।
भिक्खुणी, स्त्री०, बौद्ध भिक्षुणी।
भिक्खु-भाव, पु०, भिक्षुत्व।
भिक्खु-भेद, पु०, भिक्षु विशेष।
भिक्खु-सघ, पु०, भिक्षुओं का सघ।
भिङ्क, पु०, हाथी का बच्चा।
भिङ्कार, पु०, पानी की झारी।
भिज्जति, क्रिया, टूट जाता है, नष्ट हो जाता है।
(भिज्जि, भिन्न, भिज्जमान, भिज्जित्वा)।
भिज्जन, नपु०, टूटना।
भिज्जन-धम्म, वि०, टूटने के स्वभाव वाला।
भित्ति, स्त्री०, दीवार।
भित्ति-पाद, पु०, दीवार की नींव।
भिन्दति, क्रिया, तोड़ता है, फाड़ता है, पृथक्-पृथक् कर देता है।
(भिन्दि, भिन्दित, भिन्न, भिन्दन्त, भिन्दित्वा, भिन्दितु)।
भिन्दन, नपु०, टूटना।
भिन्न, कृदन्त, टूटा हुआ।
भिन्नत्त, नपु०, भिन्नत्व।
भिन्न-भाव, पु०, पार्थक्य।
भिन्न-नाव, वि०, टूटा जहाज।
भिन्न-पट, नपु०, फटा वस्त्र।
भिन्न-मरियाद, वि०, सीमोल्लंघित।
भिन्न-सील, वि०, शील-भ्रष्ट।
भिय्यो, भिय्योसो, अव्यय, अत्यधिक।
भिय्योसो मत्ताय, अत्यधिक, अपनी योग्यता से अधिक।
भिस, नपु०, कमल-नालिका।
भिस-पुप्फ, नपु०, कमल-पुष्प।
भिस-मुळाल, नपु०, कमल मृणाल।
भिस जातक, पिता के मरने पर सभी भाई तथा उनकी बहिन हिमालयाभिमुख हुए (४८८)।
भिसक्क, पु०, भिषक्, चिकित्सक।
भिसपुप्फ, जातक, देवी ने बोधिसत्व को फूल की गन्ध मात्र सूंघने के लिए गन्ध-चोर कहा (३९२)।
भिसि, स्त्री०, गद्दा।
भिसन, भिसनक, वि०, भयानक।
भीत, कृदन्त, डरा हुआ।

भीति, स्त्री०, भय ।
भीम, भीसन, वि०, भयानक ।
भीमसेन जातक, भीमसेन का उपयोग कर बौने धनुषधारी ने यश प्राप्त किया (८०) ।
भीयो, वि०, बहुत ।
भीरु, भीरुक, वि०, डरपोक ।
भीरुत्ताण, नपु०, डरपोक का संरक्षण ।
भुक्करण, नपु, (कुत्ते का) भौंकना ।
भुकार, भुक्कार पु०, (कुत्ते का) भौंकना ।
भुकरोति, क्रिया, भौंकता है ।
(भुंकरि, भुंकत, भुकरोन्त, भुकत्वा, भुकरित्वा) ।
भुज, पु०, हाथ, वि०, मुडा हुआ ।
भुज-पत्त, पु०, भोज-पत्र ।
भुजग, भुजङ्ग, भुजङ्गम, पु०, साँप ।
भुजिस्स, पु० स्वतन्त्र आदमी ।
भुञ्जक, पु०, खाने वाला या भोगने वाला ।
भुञ्जति, क्रिया, खाता है, भोगता है ।
(भुञ्जि, भुत्त, भुञ्जन्त, भुञ्जमान, भुञ्जितब्ब, भुञ्जित्वा, भुञ्जिय, भुत्वा, भुञ्जितु, भोत्तुं) ।
भुञ्जन, नपु०, खाना ।
भुञ्जन-काल, पु०, भोजन का समय ।
भुत्त, कृदन्त, खाया हुआ, भोगा हुआ ।
भुत्तावी, वि०, खाने वाला ।
भुम्म, वि०, तल्लो वाला (मकान) ।
भुम्मट्ठ, वि०, भूमि-स्थित ।
भुम्मत्थरण, नपु०, दरी, बिछावन ।
भुम्मन्तर, नपु०, भिन्न भूमियाँ ।
भुवन, नपु०, संसार ।
भुस, नपु०, भूसा, वि०, बहुत, अधिक ।
भुसं, क्रि० वि०, अधिकांश रूप से ।
भुसति, क्रिया, भौंकता है ।
(भुस्सि, भुस्सन्त, भुस्समान, भुस्सित्व) ।
भुसत्थ, पु०, आधिक्य का अर्थ ।
भू, स्त्री, पृथ्वी ।
भूत, कृदन्त, हुआ, उत्पन्न हुआ; पु० तथा नपु०, (महा-)भूत, भूत(-प्रेत), प्राणी, भूतार्थ (यथार्थ) ।
भूत-काय, पु०, महाभूतों से उत्पन्न शरीर ।
भूत-गाम, पु०, वनस्पति ।
भूत-गाह, पु०, भूत-प्रेत द्वारा ग्रसित ।
भूत-वादी, वि०, सत्यवादी ।
भूत-वेज्ज, पु०, भूत-प्रेत उतारने वाला ओझा ।
भूतत्त, नपु०, होने का भाव ।
भूतिक, वि०, भौतिक ।
भू-तिण, नपु०, भू-तृण ।
भू-धर, पु०, पहाड ।
भू-नाथ, पु०, राजा ।
भू-भुज, पु०, भूपति ।
भूमक, वि०, तल्लो वाला (मकान) ।
भूमि, स्त्री०, पृथ्वी ।
भूमि-कम्पा, स्त्री०, भू-कम्प ।
भूमि-गत, वि०, पृथ्वी-स्थित ।
भूमि-तल, नपु०, पृथ्वी-तल ।
भूमिप्पदेस, भूमि-भाग, पु०, जमीन का टुकडा ।
भूरि, स्त्री०, प्रज्ञा, वि०, विपुल ।
भूरिदत्त जातक, तपस्वी के नाग-कन्या द्वारा लुभाये जाने की कथा (५४३) ।
भूरि-पञ्ञ, वि०, बहुत प्रज्ञा वाला ।

भूरिपञ्ह जातक, महाउम्मग्ग जातक का एक अंश (४५२)।
भूरि-मेघ, वि०, बहुत मेघा वाला।
भूसन, नपु०, भूषण।
भसा, स्त्री०, सजावट।
भूसापेति, क्रिया, सजवाता है।
(भूसापेसि, भूसापित, भूसापेत्वा)।
भूसेति, क्रिया, सजाता है।
(भूसेसि, भूसित, भूसेन्त, भूसेत्वा)।
भेक, पु०, मेंढक।
भेज्ज, वि०, भुरभुरा, जो टूट सके, नपु०, टूटना या काटना।
भेण्डिवाल, पु०, अस्त्र-विशेष।
भेण्डुक, खेलने की गेंद।
भेत्तु, पु०, तोडने वाला।
भेद, पु०, मेल का अभाव, अनेकता।
भेदक, वि०, एकता नष्ट करने वाला।
भेदकर, वि०, भेद पैदा करने वाला।
भेदन, नपु० टूटना।
भेदनक, वि०, तोड डालने योग्य, फूटने योग्य।
भेदन-धम्म, वि०, टूटने के स्वभाव वाला।
भेदित, कृदन्त, टूटा हुआ।
भेदति, क्रिया, तोडता है।
(भेदित, भेदेत्वा)।
भेरण्ड, पु०, गीदड।
भेरण्डक, नपु०, गीदड की आवाज।
भेरव, वि०, भयानक।
भेरि, स्त्री०, ढोल।
भेरि-चारण, नपु०, ढोल बजाकर मुनादी कराना।
भेरि-तल, नपु०, ढोल का तल्ला।
भेरि-वादक, पु०, ढोल बजाने वाला।
भेरि-वादन, नपु०, ढोल का बजाना।
भेरि-सद्द, पु०, ढोल की आवाज।
भेरिवाद-जातक, लड़के ने पिता का कहना न मान ढोल को बार-बार बजाया। डाकुओं ने आकर पिता-पुत्र को लूट लिया (५९)।
भेसज्ज, नपु०, दवाई।
भेसज्ज-कपाल, नपु०, दवाई का बर्तन।
भो, अव्यय, सम्बोधन-विशेष।
भोग, पु०, धन, सम्पत्ति।
भोगक्खन्ध, पु०, धन का ढेर।
भोग-गाम, पु०, करदाता गाँव।
भोग-मद, पु०, धन का अभिमान।
भोगवन्तु, वि०, धनी।
भोगी, पु०, सर्प, धनी आदमी; वि० (समास में) भोग भोगने वाला।
भोग्ग, वि०, भोग्य।
भोजक, पु०, खिलाने वाला, कर उगाहने वाला।
गाम-भोजक, पु०, गाँव का मुखिया।
भोजन, नपु०, खाद्य-सामग्री।
भोजनिय, वि०, खाने योग्य, नरम खाद्य-सामग्री।
भोजाजानीय जातक, श्रेष्ठ घोडे की कथा, जिसने जख्मी होने पर भी शत्रु पर आक्रमण किया (२३)।
भोजापेति, खिलाता है।
(भोजापेसि, भोजापित, भोजापेत्वा)।
भोजी, वि०, भोजन करने वाला।
भोजेति, क्रिया, खिलाता है।
(भोजेसि, भोजित, भोजेत्वा, भोजेन्त, भोजेतुं)।

भोज्ज, नपु०, खाने योग्य वस्तु ।
भोति, सम्बोधन, भवति ।
भोत्तब्ब, देखो भोज्ज ।
भोत्तुं, खाने के लिए ।
भोवादी, पु०, ब्राह्मण ।

म

मंस, नपु०, मास, गोश्त ।
मंस-चक्खु, नपुं०, दिव्य चक्षु आदि से भिन्न भौतिक आँखें ।
मस जातक, शिकारी से मांस माँगने की कथा (३१५) ।
मंस-पुञ्ज, पु०, मास का ढेर ।
मंस-पेसि, स्त्री०, मास-पेशी ।
मकचि, पु०, धनुष की डोरी का पटुआ ।
मकचि-वाक, नपु०, पटुए का छिलका ।
मकचि-वत्थ, नपुं०, पटुए का बुना वस्त्र ।
मकर, पु०, मगरमच्छ ।
मकर-दन्तक, नपु०, मगरमच्छ के दांतों के समान ।
मकरन्द, पु०, पुष्प-रेणु ।
मकस, पु०, मच्छर ।
मकस-वारण, नपुं०, मसहरी ।
मकस जातक, बेटे ने बाप के सिर पर बैठा मच्छर हटाने जाकर कुल्हाडी से उसका सिर चीर डाला (४४) ।
मकुट, पुं० तथा नपुं०, मुकुट, ताज ।
मकुल, नपुं०, फूल की कली ।
मक्कट, पु०, बदर ।
मक्कटक, पु०, मकडी ।
मक्कटक-सुत्त, नपुं०, मकड़ी का जाल ।
मक्कट जातक, वन्दर ने तपस्वी का वल्कल-चीर धारण कर कुटी मे रहने वाले एक तपस्वी की कुटी मे प्रवेश करना चाहा। उसे सफलता नहीं मिली (१७३) ।
मक्कटी, स्त्री०, बंदरी ।
मक्ख, पु०, दूसरे के गुण का मूल्य घटाना ।
मक्खण, नपुं०, (तेल) माखना ।
मक्खली-गोसाल, बुद्ध के समकालीन छह भिन्न मतावलम्बी आचार्यों में से एक ।
मक्खिका, स्त्री०, मक्खी ।
मक्खित, कृदन्त, माखा हुआ ।
मक्खी, पु०, दूसरे के गुणो का मूल्य घटाने वाला ।
मक्खेति, क्रिया, माखता है, चुपडता है ।
(मक्खेसि, मक्खित, मक्खेत्वा) ।
मखादेव जातक, राजा ने सिर मे उगे सफेद बाल को 'देव-दूत' समझा, प्रव्रज्या ग्रहण की (६) ।
मग, पु०, चौपाया ।
मगसिर, मार्गशीर्ष, नक्षत्र-विशेष ।
मगध, कोसल, वस, अवन्ति के समान ही भगवान् बुद्ध के समय का एक प्रधान राज्य ।
मग्ग, पु०, रास्ता, सडक, पथ ।
मग्ग-किलन्त, वि०, चलने से थका हुआ ।
मग्ग-कुसल, वि०, रास्ते का जानकार ।
मग्गक्खायी, वि०, रास्ता बताने वाला ।

मग्गङ्ग, नपुं०, सम्यक् दृष्टि आदि आर्य-मार्ग के आठ अङ्ग ।
मग्ग-ञाण, नपुं०, मार्ग के बारे मे ज्ञान ।
मग्गञ्जू, मग्गविदू, वि०, मार्ग का जानकार ।
मग्गट्ठ, वि०, मार्ग-स्थित ।
मग्ग-दूसी, पु०, मुसाफिरो को लूटने वाला डाकू ।
मग्ग-देसक, वि०, मार्ग-दर्शक ।
मग्ग-पटिपन्न, वि०, यात्री, मार्गारूढ ।
मग्ग-भावना, स्त्री, आर्य-मार्ग का अभ्यास ।
मग्ग-मूळ्ह, वि०, मार्ग-भ्रष्ट, रास्ता-भूला ।
मग्ग-सच्च, नपुं०, आर्य-मार्ग नामक सत्य ।
मग्गति, क्रिया, खोजता है, पता लगाता है ।
(मग्गि, मग्गित, मग्गित्वा)।
मग्गन, नपु०, खोज, तलाश ।
मग्गना, स्त्री०, खोज, तलाश ।
मग्गिक, पु०, मार्गारूढ ।
मग्गित, कृदन्त, खोजता हुआ ।
मग्गुर, पु०, एक प्रकार की मछली ।
मग्गेति, क्रिया, देखो मग्गति ।
मघवन्तु, पु०, शक्र (इन्द्र) का एक और नाम ।
मघा, स्त्री०, मघा नक्षत्र ।
मङ्कु, वि०, उत्साहहीन ।
मङ्कु-भाव, पु०, नैतिक दौर्बल्य, उत्साह-मन्दता ।
मङ्कु-भूत, वि०, मन्दोत्साह ।
मङ्गल, वि०, शुभ मुहूर्त ।
मङ्गल-किच्च, नपुं०, मङ्गल-कृत्य, उत्सव ।
मङ्गल-कोलाहल, पु०, शुभ-मुहूर्त आदि को लेकर झगडा ।
मङ्गल-दिवस, पु०, उत्सव का दिन, शादी का दिन ।
मङ्गल-अस्स, पु०, राजकीय अश्व ।
मङ्गल-सिन्धव, पु०, राजकीय घोड़ा ।
मङ्गल-पोक्खरणी, स्त्री०, मङ्गल-पुष्करणी ।
मङ्गल-सिलापट्ट, नपुं०, राज्यासन ।
मङ्गल-सुपिन, नपुं०, अच्छा स्वप्न ।
मङ्गल-हत्थी, पु०, राजकीय हाथी ।
मङ्गल-जातक, चूहे द्वारा काट डाले गये कपडो को घर मे रखना अशुभ समझ ब्राह्मण ने उन्हें श्मशान-भूमि मे फिकवाना चाहा (८७) ।
मङ्गुर, पु०, नदी की मछली-विशेष; वि०, पीत-वर्णी ।
मच्च, पु०, आदमी, मनुष्य ।
मच्चु, पु०, मृत्यु, मौत ।
मच्चुतर, वि०, मृत्युजयी ।
मच्चु-धेय्य, नपुं०, मृत्यु-क्षेत्र ।
मच्चु-परायण, वि०, मरणाधीन ।
मच्चु-पास, पु०, मृत्यु-पाश ।
मच्चु-मुख, नपुं०, मृत्यु-मुख ।
मच्चु-राज, पु०, मृत्यु-राज ।
मच्चु-वस, मृत्यु की सामर्थ्य ।
मच्चु-हायी, वि०, मृत्यु को जीतने वाला ।
मच्छ, पु०, मछली ।
मच्छण्ड, नपुं०, मछली का अण्डा ।
मच्छण्डि, स्त्री०, गुड, शक्कर आदि की तरह गन्ने की विकृति ।

मच्छ-मंस, नपुं०, मत्स्य और मांस।
मच्छ-बन्ध, पु०, मछुवा।
मच्छ-जातक, मछली की सत्य-क्रिया से वर्षा हुई (७५)।
मच्छ-जातक, कथा उक्त कथा से मिलती-जुलती है (२१६)।
मच्छर, धरिया, नपुं०, मात्सर्य।
मच्छरचारी, पु०, कंजूस।
मच्छरायति, क्रिया, कंजूसी करता है।
मच्छरिय, नपुं०, मात्सर्य, कजूसपन।
मच्छा, सोलह जनपदो मे से एक जनपद मत्स्य के वासी।
मच्छिक, पु०, मछलीमार।
मच्छी, स्त्री०, मछली।
मच्छुद्दान जातक, मछली के पेट मे से रुपयो की थैली वापिस मिली (२८८)।
मच्छेर, देखो मच्छरिय।
मज्ज, नपुं०, मद्य।
मज्जन, नपुं०, नशा।
मज्जप, वि०, मद्यप, शराबी।
मज्जपान, नपुं०, शराब पीना।
मज्जपायी, देखो मज्जप।
मज्ज-विक्कयी, पु०, मद्य-विक्रेता।
मज्जति, क्रिया, मांजता है, साफ करता है, पालिश करता है। (**मज्जि**, **मत्त**, **मट्ठ**, **मज्जित**, **मज्जन्त मज्जित्वा**)।
मज्जना, स्त्री०, मांजना।
मज्जार, पु०, मार्जार, बिल्ला।
मज्जारी, स्त्री०, मार्जारी, बिल्ली।
मज्झ, पु०, मध्य-भाग, वि०, बीच का।
मज्झट्ठ, **मज्झत्त**, वि०, मध्यस्थ, पक्षपात रहित।
मज्झण्ह, पु०, मध्याह्न।
मज्झत्तता, स्त्री०, मध्यस्थता।
मज्झ-देस, पु०, मध्य-देश।
मज्झन्तिक समय, पु०, मध्याह्न, दोपहर।
मज्झन्तिक (थेर), अशोक-पुत्र महेन्द्र स्थविर को उपसम्पदा देने वाले महा-स्थविर। बाद मे वे धर्म-प्रचारार्थ काश्मीर-गन्धार की ओर गये।
मज्झिम, वि०, मध्यम, केन्द्रीय।
मज्झिम पुरिस, पु०, मध्याकार का आदमी, मध्यम पुरुष।
मज्झिम-याम, पु०, अर्धरात्रि।
मज्झिम-वय, पु०, प्रौढ।
मज्झिम-निकाय, सुत्त पिटक के पाँच निकायो मे से मध्यमाकार के सूत्रो का सग्रह।
मज्झिम-देस, मध्य मण्डल, जिसकी पूर्वी-सीमा वर्तमान ककजोल मानी जा सकती है, जिसके मध्य मे वर्तमान सिलई नदी थी, जिसके दक्षिण भाग मे हजारी बाग जिले का सेतकण्णिक नाम का कोई कस्बा रहा, जिसकी पश्चिमी सीमा हरियाणा प्रदेश के कर्नाल जिले का थानेसर नाम का कस्बा था और जिसकी उत्तरी सीमा उशीरध्वज नाम का हिमालय का कोई पर्वत-भाग रही।
मञ्च, पु०, चारपाई।
मञ्चक, पु०, छोटी चारपाई।
मञ्च-परायण, वि०, चारपाई पर पडा।
मञ्च-पीठ, नपुं०, चारपाई तथा कुर्सी आदि।

मञ्च-वान, नपु०, चारपाई का बुनना ।
मञ्जरी, स्त्री०, गुच्छा ।
मञ्जिट्ठ, **मञ्जेट्ठ**, वि०, मजीठिया रंग ।
मञ्जिट्ठा, स्त्री०, वृक्ष-विशेष ।
मञ्जिर, नपु०, पाँव के आभरण ।
मञ्जु, वि०, आकर्षक, प्रियकर ।
मञ्जु-भाणक, वि०, प्रियंवद ।
मञ्जुस्सर, वि०, प्रियभाणी ।
मञ्जूसक, पु०, देवताओं का वृक्ष ।
मञ्जूसा, स्त्री०, पेटी ।
मञ्जेट्ठी, स्त्री०, मजीठ (लता) ।
मञ्ञति, क्रिया, कल्पना करता है, संकल्प करता है, विचार करता है । (**मञ्ञि**, **मञ्ञित**, **मञ्ञमान**, **मञ्ञित्वा**) ।
मञ्ञना, स्त्री०, मान्यता, कल्पना ।
मञ्ञित, नपु०, मान्यता, कल्पना ।
मञ्ञे, अव्यय, मैं कल्पना करता हूँ ।
मट्ठ, **मट्ठ**, वि०, चिकना, घिसा हुआ, पालिश किया हुआ ।
मट्ठ-साटक, नपुं०, चिकना वस्त्र ।
मट्ठकुण्डलि जातक, ब्राह्मण के पुत्र-शोक से मुक्त होने की कथा (४४९) ।
मणि, पु०, मणि, जवाहिर ।
मणि-कुण्डल, नपु०, मणियों की वाली ।
मणिक्खन्ध, पु०, बड़ी भारी मूल्यवान मणि ।
मणि-पल्लङ्क, पु०, मणि-जड़ा सिंहासन ।
मणि-बन्ध, पु०, कलाई ।
मणि-मय, पु०, मणि-निर्मित ।
मणि-रतन, नपु०, मूल्यवान मणि ।
मणि-वण्ण, वि०, मणि के रंग का ।
मणि-सप्प, पु०, मणि वाला सर्प ।
मणिक, पु०, बड़ा वर्तन ।
मणिकण्ठ जातक, मणिकण्ठ नाम के सर्प से उसकी मणि माँगने पर सर्प ने तपस्वी को हैरान करना छोड दिया (२५३) ।
मणि-कुण्डल जातक, राजा ने अपना रनिवास दूषित करने वाले मन्त्री को देश से निकाल बाहर किया (३५१) ।
मणिचोर जातक, राजा ने अपनी मणि गृहस्थ की गाड़ी में छिपा, उसे चोर घोषित करा, उसकी सुन्दर पत्नी को हथियाना चाहा (१९४) ।
मणिसूकर जातक, सूअरों ने मणि को जितना ही रगड़ा, उतनी ही वह अधिकाधिक चमकी (२८५) ।
मण्ड, पु०, मांड, वि०, अति स्पष्ट ।
मण्डन, नपु०, सजावट ।
मण्डन-जातिक, वि०, सजावट-प्रिय ।
मण्डप, पु०, मण्डप ।
मण्डल, नपु०, घेरा, गोल-वेदिका ।
मण्डल-माल, पु०, गोलाकार मण्डप ।
मण्डलिक, वि०, प्रदेश (मण्डल) से सम्बन्धित ।
मण्डलिस्सर, पु०, मण्डल का शासक ।
मण्डली, वि०, मण्डल वाला ।
मण्डित, कृदन्त, सुसज्जित ।
मण्डूक, पु०, मेंढक ।
मण्डेति, क्रिया, सजाता है । (**मण्डेसि**, **मण्डित**, **मण्डेत्वा**) ।
मत, कृदन्त, मृत ।
मत-किच्च, नपु०, मृत व्यक्ति के

सम्बन्ध मे करणीय।

मतक, पु०, मृतक, मरा हुआ।

मतक-भत्त, नपु०, मृत व्यक्ति के सम्बन्धियों द्वारा दिया जाने वाला दान। श्राद्ध।

मतक-वत्थ, नपु०, मृत व्यक्ति के सम्बन्धियों द्वारा दान दिया गया वस्त्र।

मतकभत्त जातक, श्राद्ध करने के इच्छुक ब्राह्मण ने बकरी की बलि देने से पूर्व अपने शिष्यो से कहा कि उसे नहला लाओ (१८)।

मतरोदन जातक, भाई तथा पिता के मरने पर भी अनित्यता का स्मरण कर 'बोधिसत्व' ने एक भी आँसू नहीं गिराया (३१७)।

मति, स्त्री०, प्रज्ञा, विचार।

मतिमन्तु, वि०, बुद्धिमान्।

मति-विप्पहीन, वि०, मूर्ख।

मत्त, कृदन्त, नशे मे चूर, (समास में) मात्रा।

मत्त-हत्थी, पु०, नशे मे चूर हाथी।

मत्तञ्ञू, वि०, मात्रज्ञ, मात्रा का जानकार।

मत्तञ्ञुता, स्त्री०, मात्रज्ञ होना।

मत्ता, स्त्री०, मात्रा।

मत्तासुख, नपु०, सीमित सुख।

मत्तिका, स्त्री०, मिट्टी।

मत्तिका-पिण्ड, पु०, मिट्टी का पिण्ड।

मत्तिका-भाजन, नपु०, मिट्टी का बर्तन।

मत्तिघ, पु०, मातृहता।

मत्तेय्य, वि०, माता की सेवा करने वाला।

मत्तेय्यता, स्त्री०, मातृ-भक्ति।

मत्थक, पु०, मस्तक, शिखर, दूरी पर।

मत्थ-लुङ्ग, नपु०, दिमाग।

मत्थु, नपु०, दही से पृथक् मथा हुआ जल।

मथति, क्रिया, मथता है।
(**मथि, मथित, मथित्वा**)।

मथन, नपु०, मथना।

मद, पु०, अहकार।

मदन, पु०, कामदेव, नपु०, नशा।

मदनीय, वि०, नशीला।

मदिरा, स्त्री०, सुरा, धान्य-निर्मित शराब।

मद्द, देश विशेष, मद्र।

मद्दति, क्रिया, दबाता है, निचोडता है, रौंदता है।
(**मद्दि, मद्दित, मद्दन्त, मद्दित्वा, मद्दिय**)।

मद्दन, नपु०, मर्दन करना, रौंदना।

मद्दल, पु०, वाद्य-यंत्र विशेष।

मद्दव, नपु०, मार्दव, कोमलता; वि०, कोमल।

मद्दित, कृदन्त, मर्दन किया गया, रौंदा गया।

मधु, नपु०, शहद, सुरा।

मधुक, पु०, वह वृक्ष जिससे मधु तैयार होती है।

मधुकर, पु०, शहद की मक्खी।

मधु-गन्ध, पु०, शहद का छत्ता।

मधु-पटल, पु०, शहद का छत्ता।

मधुप, पु०, भ्रमर।

मधु-पिण्डिका, स्त्री०, शहद-पिण्ड।

मधुब्बत, पु०, शहद की मक्खी।

मधु-मक्खित, वि०, शहद से माखा हुआ।

मधु-मेह, पु०, मधु-मेह, बहुमूत्र रोग ।
मधु-लट्ठिका, स्त्री०, मुलहठी ।
मधु-लाज, पु०, शहद-मिश्रित खील ।
मधु-लीह, पु०, मक्खी ।
मधुस्सव, वि०, शहद से चूता हुआ ।
मधुका, स्त्री०, मुलहटी, औषधि-विशेष ।
मधुर, वि०, मीठा, नपु०, मीठी चीज ।
मधुरत्त, नपु०, मधुरता ।
मधुरस्सर, पु० मधुर स्वर, वि०, मधुर-भाषी ।
मधुरा, यमुना-तट पर स्थित सूरसेन जनपद की राजधानी, दक्षिण भारत का प्रसिद्ध मदुरा नगर ।
मध्वासव, पु०, सुरा ।
मन, पु० तथा नपु, चित्त, विज्ञान ।
मनक्कार, मनसिकार, पु०, मनो-सकल्प ।
मनता, स्त्री०, मनोभाव, [अत्त-मनता, स्त्री०, आनन्दपूर्ण मनोभाव] ।
मनन, नपु०, विचार करना ।
मनसिकरोति, क्रिया, मन मे रखता है।
(मनसिकरि, मनसिकत, मनसिकरोन्त, मनसिकत्वा, मनसिकातब्ब) ।
मनं, अव्यय, लगभग ।
मनाप, मनापिक, वि०, मनोनुकूल आकर्षक ।
मनुज, पु०, मनुष्य ।
मनुजाधिप, पु०, राजा ।
मनुजिन्द, पु०, नरेन्द्र, राजा ।
मनुञ्ञ, वि०, मनोज्ञ, सुन्दर ।
मनुस्स, पु०, मनुष्य ।
मनुस्सत्त, नपु०, मनुष्यत्व ।
मनुस्स-भाव, पु०, मनुष्य-भाव ।
मनुस्स-भूत, वि०, जो आदमी होकर उत्पन्न हुआ ।
मनुस्स-लोक, पु०, मनुष्य-लोक ।
मनेसिका, स्त्री०, दूसरे के विचार की जानकारी ।
मनो, (समास मे) मन ।
मनोकम्म, नपु०, मानसिक कर्म ।
मनोजव, वि०, मन के समान तीव्र गति ।
मनोदुच्चरित, नपु०, मानसिक दुष्कर्म ।
मनोद्वार, नपु०, मन रूपी द्वार (इन्द्रिय) ।
मनोधातु, स्त्री०, चित्त ।
मनोपदोस, पु०, द्वेष ।
मनोपसाद, पु०, भक्ति ।
मनोपुब्बङ्गम, वि०, जिसका पूर्वगामी मन हो ।
मनोमय, वि०, मन से उत्पन्न ।
मनोरथ, पु०, इच्छा, सकल्प ।
मनोरम, वि०, आनन्ददायक ।
मनोविञ्ञाण, नपु०, मनोविज्ञान ।
मनोविञ्ञेय्य, वि०, मन के द्वारा जानने योग्य ।
मनोवितक्क, पु०, विचार ।
मनोहर, वि०, सुन्दर, आकर्षक ।
मनोज जातक, मनोज ने राजकीय अश्वो पर आक्रमण किया । राजा के धनुर्धारियो द्वारा मारा गया (३९७) ।
मनोसिला, स्त्री०, सखिया ।
मन्त, नपु०, मन्त्र ।
मन्तज्झायक, वि०, मन्त्रो का अध्ययन करने वाला ।
मन्तन, नपु०, मन्त्रणा, विचार-विमर्श ।

मन्तना, स्त्री०, मन्त्रणा, विचार-विमर्श करना ।
मन्ता, स्त्री०, प्रज्ञा ।
मन्ती, पु०, मन्त्री ।
मन्तिणी, स्त्री०, मन्त्रिणी ।
मन्तु, पु०, कल्पना करने वाला ।
मन्तेति, क्रिया, मन्त्रणा करता है, विचार-विमर्श करता है ।
(मन्तेसि, मन्तित, मन्तेन्त, मन्तयमान, मन्तेत्वा, मन्तेतु) ।
मन्थ, पु०, मथानी, च्युडा ।
मन्थर, पु०, कछुवा ।
मन्द, वि०, मन्द(-बुद्धि), आलसी ।
मन्दता, स्त्री०, मन्द-भाव, मूर्खता ।
मन्दत्त, नपु०, मन्द भाव, जडता ।
मन्द, मन्दमन्द, क्रि० वि०, धीरे-धीरे ।
मन्दाकिनी, स्त्री०, झील तथा नदी का नाम ।
मन्दामुखी, स्त्री०, अँगीठी ।
मन्दार, पु०, पर्वत-विशेष ।
मन्दिय, नपु०, मूर्खता, आलस्य ।
मन्दिर, नपु०, भवन, महल ।
मन्धातु जातक, मान्धाता नरेश की कथा (२५८) ।
ममङ्कार, पु०, ममत्व ।
ममायना, स्त्री०, स्वार्थपरता, आसक्ति ।
ममायति, क्रिया, आसक्त होता है ।
(ममायि, ममायित, ममायन्त, ममायित्वा) ।
मम्म, मम्मट्ठान, नपु०, मर्म-स्थान ।
मम्मच्छेदक, वि०, मर्म-स्थान को चोट पहुँचाने वाला ।
मम्मन, वि०, हकलाने वाला ।
मयं, सर्वनाम, हम ।
मय्हक जातक—भाई ने भतीजे को नदी मे डुबाकर मार डाला (३९०) ।
मयूख, पु०, प्रकाश की किरण ।
मयूर, पु०, मोर ।
मरण, नपु०, मृत्यु, मौत ।
मरण-काल, पु०, मरने का समय ।
मरण-चेतना, स्त्री०, मार डालने का इरादा ।
मरण-धम्म, वि०, मरण-स्वभाव ।
मरणन्त, वि०, जीवन जिसका अन्त मृत्यु हो ।
मरण परियोसान, देखो मरणन्त ।
मरण-भय, नपु०, मृत्यु-भय ।
मरण-मञ्चक, पु०, जिस चारपाई पर किसी की मृत्यु हुई हो या होने वाली हो ।
मरण-मुख, नपु०, मृत्यु का मुंह ।
मरण-लिङ्ग, नपु०, मृत्यु के चिह्न ।
मरण-सति, स्त्री०, मरणानुस्मृति, मृत्यु का स्मरण ।
मरण-समय, पु०, मृत्यु का समय ।
मरति, क्रिया, मरता है ।
(मरि, मत, मरन्त, मरमान, मरितब्ब, मरित्वा, मरितु) ।
मरिच, नपु०, मिर्च ।
मरियादा, स्त्री०, सीमा, नियम ।
मरीचि, स्त्री०, प्रकाश-किरण ।
मरीचिका, स्त्री०, मृगतृष्णा ।
मरीचि-धम्म, वि०, मृगतृष्णा सदृश ।
मरु, स्त्री०, कान्तार; पु०, देवता ।
मरुम्ब, नपु०, बिलौर ।
मल, नपु०, मैल, मैला ।
मल-तर, वि०, अधिक मैला ।

मलय, पु०, मलय पर्वत ।
मलयज, पु०, चन्दन ।
मलिन, वि०, धब्बेदार, मैला ।
मल्ल, पु०, पहलवान, मल्ल जाति से सम्बन्धित ।
मल्ल-युद्ध, नपु०, कुश्ती ।
मल्लक, पु०, बर्तन, थैला ।
मल्लिका, स्त्री०, चमेली ।
मसारगल्ल, नपु०, बहुमूल्य पत्थर-विशेष ।
मसि, पु०, कालिख ।
मस्सु, नपु०, दाढी ।
मस्सुक, वि०, दाढी वाला ।
मस्सु-कम्म, नपु०, हजामत ।
मस्सु-करण, नपु०, हजामत बनाना ।
मह, पु०, धार्मिक उत्सव ।
महग्गत, वि०, बहुत ऊँचा ।
महग्घ, वि०, अत्यन्त मूल्यवान् ।
महग्घता, स्त्री०, कीमतीपन ।
महग्घस, वि०, बहुत खाने वाला, भुक्खड़ ।
महण्णव, पु०, विशाल समुद्र ।
महति, क्रिया, आदर करता है, गौरव करता है ।
(महि, महित, महित्वा) ।
महत्त, नपु०, महत्त्व ।
महद्धन, वि०, अत्यन्त धनवान् ।
महनीय, वि०, आदरणीय ।
महन्त, वि०, महान्, बडा ।
(महन्तर, महन्तता, महन्त-भाव) ।
महप्फल, वि०, महान् फल वाला ।
महब्बल, वि०, महान् बलशाली; नपु०, बडी भारी सेना ।
महब्भय, नपु०, महान् भय ।
महल्लक, वि०, बूढा, पु०, बूढ़ा आदमी ।
महल्लकतर, वि०, वृद्धतर ।
महल्लिका, स्त्री०, वृद्धा स्त्री ।
महा, समास पदों में 'महन्त' का 'महा' हो जाता है, और 'ा' का ह्रस्व हो जाता है । महान् ।
महाउपासक, पु०, बुद्ध का श्रद्धा-सम्पन्न अनुयायी ।
महाउपासिका, स्त्री०, महान् श्रद्धा-सम्पन्न उपासिका ।
महाकरुणा, स्त्री०, महान् दया ।
महाकाय, वि०, बडे शरीर वाला ।
महागण, पु०, बडी मण्डली, बडा समूह ।
महागणी, पु०, अनेक अनुयायियों सहित ।
महाजन, पु०, जनता ।
महातण्ह, वि०, बहुत लोभी ।
महातल, नपु०, भवन के ऊपर की खुली छत ।
महादीप, पु०, जम्बुद्वीप, उत्तर कुरु आदि चार महाद्वीप ।
महाधन, नपु०, विशाल धन ।
महानरक, पु०, भयानक नरक ।
महानस, नपु०, रसोई-घर ।
महानुभाव, वि०, महान् प्रतापी ।
महापञ्ञ, वि०, अत्यन्त प्रज्ञावान् ।
महापथ, पु०, महामार्ग ।
महापितु, पु०, पिता का बड़ा भाई, ताया, ताऊ ।
महापुरिस, पु०, महापुरुष ।

महाभूत, नपु०, पृथ्वी, जल आदि चार महाभूत ।
महाभोग, वि०, ऐश्वर्यशाली ।
महामति, पु०, महान् बुद्धिमान् ।
महामत्त, (महामच्च भी), पु०, मुख्य-मन्त्री ।
महामुनि, पु०, महान् मुनि ।
महामेघ, पु०, वर्षा की तेज बौछाड ।
महायञ्ञ, महायाग, पु०, महान् यज्ञ ।
महायस, वि०, महान् यशस्वी ।
महारह, वि०, अत्यन्त मूल्यवान् ।
महाराजा, पु०, महान् नरेश ।
महालतापसाधन, नपु०, स्त्रियो के शृंगार मे सहायक होने वाली लता ।
महासत्त, महान् सत्व ।
महासमुद्द, पु०, महासमुद्र ।
महासर, नपु०, एक बडी झील ।
महासार, महासाल, विशाल धन के स्वामी ।
महासावक, पु०, बडा शिष्य ।
महाअस्सारोह जातक, युद्ध मे हारकर राजा घोडे पर चढकर भाग गया (३०२) ।
महाउक्कुस जातक, मित्रो ने मित्र की सहायता की (४८६) ।
महा-उम्मग्ग जातक, महोषध पण्डित के पाण्डित्य की कथाएँ (५४६) ।
महाकण्ह जातक, शक्र (इन्द्र) ने महाकण्ह नाम के अपने कुत्ते को साथ ले दुराचारी मनुष्यो को बुरी तरह भयभीत किया (४६९) ।
महाकपि जातक, बन्दर ने नदी पर अपने शरीर का पुल बना, अपनी सारी जाति को अपने शरीर पर से गुजरने देकर यथार्थ नेता का धर्म निभाया (४०७) ।
महाकपि जातक, कृतघ्न आदमी ने बन्दर का सिर फोड दिया । परहित-कामी बन्दर ने ऐसे आदमी की भी जान बचाई (५१६) ।
महाकस्सप थेर, भगवान् बुद्ध के प्रधान शिष्यो मे से एक प्रमुख शिष्य ।
महाजनक जातक, मिथिला के महाजनक नाम के राजा के दो पुत्रो के सघर्ष की कथा (५३९) ।
महाजानपद, अनेक स्थलो पर नामांकित सोलह जनपद (राज्य) । वे थे कासी, कोसल, अङ्ग, मगध, वज्जि, मल्ल, चेतिय, वस, कुरु, पञ्चाल, मच्छ, सूरसेन, अस्सक, अवन्ति, गन्धार तथा कम्बोज । इनमे से प्रथम चौदह मज्झिम-देस (मध्य-मण्डल) मे हैं, अन्त के दो उत्तरापथ मे ।
महातक्कारि जातक, देखो तक्कारि जातक ।
महाथूप, राजा दुट्ठगामणी द्वारा निर्मित अनुराधपुर स्थित महान् चैत्य ।
महाधम्मपाल जातक, चिरजीवी होने का रहस्य (४४७) ।
महाधम्मरक्खित थेर, तृतीय सगीति के बाद अशोक और मोग्गलिपुत्त तिस्स स्थविर द्वारा महाराष्ट्र मे भेजे गये धर्म-प्रचारक महास्थविर ।
महानारदकस्सप जातक, नारद कस्सप ब्रह्मा ने अगति नरेश को परलोक का विश्वास दिलाया (५४४) ।

महानेरु, महामेरु, सुमेरु पर्वत का ही एक और नाम ।

महापजापति गोतमी, सिद्धार्थ गौतम की माता महामाया का देहान्त होने पर, मौसी महाप्रजापति गौतमी ने ही सिद्धार्थ को दूध पिलाकर पाला था। भिक्षुणी सघ की स्थापना का सारा श्रेय महाप्रजापति गौतमी को ही है ।

महापदुम जातक, विमाता ने पुत्र पर झूठा लांछन लगाया (४७२) ।

महापनाद जातक, इसकी कथा सुरुचि जातक मे आई है (२६४) ।

महापलोभन जातक, इसकी कथा चुल्ल-पलोभन जातक की कथा के ही समान है (५०७) ।

महापिङ्गल जातक, दुष्ट महापिङ्गल नरेश के मरने पर उसकी प्रजा ने खुशियाँ मनाई (२४०) ।

महाबोधि जातक, राजा ने बोधि की न्याय-प्रियता के कारण उसे न्याया-धीश नियुक्त किया (५२८) ।

महामङ्गल जातक, शकुनो की व्याख्या । वास्तविक महामङ्गल कौन-कौनसे हैं (४५३) ।

महामाया, देखो माया ।

महामोग्गल्लान थेर, भगवान् बुद्ध के दो प्रधान शिष्यों में से एक । दूसरे थे धर्म-सेनापति सारिपुत्त ।

महारक्खित थेर, तृतीय संगीति के अनन्तर यवन-देश मे धर्म-प्रचारार्थ जाने वाले महास्थविर ।

महारट्ठ, तृतीय सगीति के अनन्तर महाधम्मरक्खित महारट्ठ (महा-राष्ट्र) मे ही धर्म-प्रचारार्थ गये ।

महावंस, सिंहल-द्वीप का प्रसिद्ध ऐति-हासिक महाकाव्य । इसके प्रथम खण्ड की रचना चौथी शताब्दी मे महानाम स्थविर के द्वारा हुई । उसके बाद से इसके उत्तर-कालीन खण्डो की भी रचना बराबर होती रही ।

महावग्ग, विनय-पिटक के पांच ग्रन्थो मे से एक, जो आगे खन्धको में विभक्त है ।

महावाणिज जातक, वट वृक्ष की एक शाखा से व्यापारियो को पानी मिला, दूसरी से भोजन, तीसरी से सुन्दर लडकियाँ और चौथी से अनेक दूसरी मूल्यवान् वस्तुएँ (४९३) ।

महाविहार, अनुराधपुर (सिंहल-द्वीप) का प्रसिद्ध विहार । शताब्दियो तक यही बौद्ध धर्म का प्रधान केन्द्र बना रहा ।

महावेस्सन्तर जातक, देखो वेस्सन्तर जातक ।

महासघिक, द्वितीय सगीति के ही समय स्थविरवाद से पृथक् हो जाने वाला एक बौद्ध सम्प्रदाय ।

महासार जातक, एक बंदरी रानी की मोतियो की माला उठा ले गई (९२) ।

महासीलव जातक, मन्त्री ने राजा के रनिवास को दूषित किया। राजा ने उसे देश-निकाला दे दिया (५१) ।

महासुक जातक, गूलर के वृक्ष के फल-रहित हो जाने पर भी तोते ने उसका परित्याग नही किया (४२९) ।

महासुतसोम जातक, मनुष्य-मांस भोजी राजा की कथा (५३७)।
महासुदस्सन जातक, महासुदस्सन की मृत्यु का वृत्तान्त (९५)।
महासुपिन जातक, कोसल-नरेश प्रसेनजित् द्वारा देखे गये सोलह महान् स्वप्नों की व्याख्या (७७)।
महाहंस जातक, रानी की बलवती इच्छा हुई कि स्वर्ण-वर्ण राजहंस उसे सिंहासन पर बैठ धर्मोपदेश दे (५३४)।
महिंसासक, स्थविरवाद से पृथक् हो जाने वाला एक और बौद्ध सम्प्रदाय।
महिका, स्त्री०, धुंध।
महिच्छ, वि०, अत्यन्त लोभी।
महिच्छता, स्त्री०, अत्यधिक लोभ।
महित, कृदन्त, पूजित।
महिद्धिक, वि०, महाऋद्धिवान्।
महिन्द, महान् इन्द्र, भिक्षुणी संघमित्रा के भाई तथा महाराज अशोक के सुपुत्र, जो महामोग्गलिपुत्त तिस्स की प्रेरणा से धर्म-प्रचारार्थ सिंहल पहुँचे थे।
महिला, स्त्री०, स्त्री।
महिलामुख जातक, महिलामुख नामक राजकीय हाथी की कथा (२६)।
महिंस, पु०, भैंस।
महिंस जातक, भैंसे ने बन्दर द्वारा की गई सभी शरारतों को सहन किया। वह बन्दर एक दूसरे भैंसे द्वारा मारा गया (२७८)।
महिंस-मण्डल, महादेव स्थविर का धर्म-प्रचार क्षेत्र। वर्तमान मैसूर।
महिस्सर, पु०, महेश्वर, महादेव।
मही, स्त्री०, पृथ्वी, नदी-विशेष।
मही-तल, नपु०, जमीन की सतह।
मही-धर, पु०, पर्वत।
महीपति, महीपाल, पु०, राजा।
महीभाग, पु०, कान्तार।
महीरूह, पु०, वृक्ष।
महेसक्ख, वि०, महाप्रतापशाली।
महेसि, पु०, महर्षि; स्त्री०, रानी।
महोघ, पु०, महान् बाढ।
महोदधि, वि०, समुद्र।
महोदर, वि०, बड़े पेट वाला।
महोरग, पु०, साँपों (नागों) का राजा।
महोसध, नपु०, सोंठ, सूखा अदरक।
मा, अव्यय, निषेधार्थक, मत, पु०, चन्द्रमा।
मागध, मागधक, वि०, मगध सम्बन्धी।
मागधी, स्त्री०, पालि भाषा का प्रारम्भिक नाम।
मागविक, पु०, शिकारी।
मागसिर, पु०, मार्गशीर्ष महीना।
माघ, पु०, महीना-विशेष।
माघात, पु०, हत्या-विरत रहने की आज्ञा।
माणव, माणवक, पु०, तरुण, ब्रह्मचारी।
माणविका, स्त्री०, तरुणी, ब्रह्मचारिणी।
मातङ्ग, पु०, हाथी का नाम; नीची मानी जाने वाली जाति।
मातली, इन्द्र के सारथी का नाम।
मातापितु, पु०, माता-पिता।
मातापेत्तिक, वि०, माता-पिता से

आगत ।
मातापेत्ति-भार, माता-पिता की सेवा मे रहना ।
मातामह, पु०, नाना ।
मातामही, नानी ।
मातिक, वि०, माता सम्बन्धी ।
मातिका, स्त्री०, जल-मार्ग, अभिधर्म सम्बन्धी विषयो के शीर्षस्थान, प्राति-मोक्ष-नियमावलि ।
मातिपक्ख, पु०, मातृपक्ष ।
मातु, स्त्री०, माँ ।
मातु-कुच्छि, पु०, माता की कोख ।
मातु-गाम, पु०, स्त्री ।
मातु-घात, पु०, मातृ-हत्या ।
मातु-घातक, पु०, मातृ-हत्यारा ।
मातुच्छा, स्त्री०, मौसी ।
मातुपट्ठान, नपु०, माता की सेवा ।
मातुपोसक, वि०, माता का पोषक ।
मातुपोसक जातक, हाथी ने अपनी अन्धी माता की सेवा की (४५५) ।
मातु-भगिनी, स्त्री०, मातुच्छा, मौसी ।
मातु-भातु, पु०, मामा ।
मातुल, पु०, मामा ।
मातुलानी, स्त्री०, मामी ।
मातुलुङ्ग, पु०, चकोतरा ।
मादिस, वि०, मेरे जैसा ।
मान (माण भी), नपु०, माप; पु०, अहकार ।
मानकूट, पु०, खोटा माप ।
मानत्थद्ध, वि०, अहंकार से जड़ीभूत ।
मानव, वि०, गौरवार्ह, आदरणीय ।
मानन, नपुं०, आदर करना, सम्मान करना ।
मानव, पु०, मनुष्य ।
मानस, नपु०, मन, चित्त, विज्ञान; (समास मे) सकल्प लिये हुए ।
मानित, कृदन्त, सम्मानित ।
मानी, पु०, अभिमानी ।
मानुस, वि०, मनुष्य सम्बन्धी; पु०, मनुष्य ।
मानुसक, वि०, मनुष्य सम्बन्धी ।
मानुसी, स्त्री०, मानुषी, स्त्री ।
मानेति, क्रिया, आदर करता है, सत्कार करता है ।
(मानेसि, मानेन्त, मानेत्वा) ।
मापक, पु०, रचयिता, निर्माण करने वाला ।
मापित, कृदन्त, रचित, निर्मापित ।
मापेति, क्रिया, निर्माण करता है ।
(मापेसि, मापेत्वा) ।
मामक, वि०, श्रद्धावान्, प्रेमी, ममत्व-युक्त ।
माया, ठगी, जादू ।
माया, महामाया, सिद्धार्थ गौतम (बुद्ध) की माता । उसका पिता था देवदह का अञ्जन शाक्य और उसकी माता थी जयसेन की लडकी यशोधरा ।
मायाकार, पु०, जादूगर ।
मायावी, वि०, माया करने वाला, ढोगी, जादूगर ।
मायु, पु०, पित्त ।
मार, पु०, चित्त की अकुशल वृत्तियों की साकार मूर्ति, लुभाने वाला, साक्षात् यमराज ।
मार-कायिक, वि०, मार-लोक सम्बन्धी ।
मार-धेय्य, नपुं०, मार का क्षेत्र ।
मार-बन्धन, नपु०, मृत्यु का बंधन ।

मार-सेना, स्त्री०, मार की सेना।
मारक, वि०, मारने वाला।
मारण, नपु०, मार डालना।
मारापित, कृदन्त, मरवाया।
मारापेति, क्रिया, मरवाता है।
(मारापेसि, मारापित, मारापेत्वा, मारापेन्त)।
मारित, कृदन्त, मारा गया।
मारिस, वि०, सम्बोधन-विशेष, मित्र, मान्यवर।
मारुत, पु०, हवा।
मारेति, क्रिया, मारता है।
(मारेसि, मारेन्त, मारेत्वा, मारेतुं)।
मारेतु, पु०, मारने वाला।
माल, मालक, पु०, घेरेदार जगह, गोल आँगन।
माळ, पु०, एक तल्ले वाला मकान।
मालती, स्त्री०, मालती-लता।
माला, स्त्री०, (फूलो की) माला।
माला-कम्म, नपु०, माला गूंथने का काम, दीवार पर उत्कीर्ण फूल।
मालाकार, पु०, माली।
माला-गच्छ, पु०, फूल देने वाला पौधा।
माला-गुण, पु०, माला गूथने का धागा।
माला-गुळ, नपु०, फूलो का ढेर।
माला-चुम्वटक, पु०, फूलो का गजरा।
माला-दाम, पु०, माला गूंथने का धागा।
माला-धर, वि०, मालाधारी।
माला-भारी, वि०, मालाधारी।
माला-पुट, पु०, फूलो का दोना।
मालावच्छ, नपु०, पुष्पोद्यान, पुष्प-शैया।
मालिक, माली, वि०, मालाधारी।
मालिनी, स्त्री०, मालाधारिणी।
मालुत, पु०, हवा।
मालुत जातक, तपस्वी ने निर्णय दिया कि जब कभी भी हवा चलती है, तब अधिक ठण्ड पडती है (१७)।
मालुवा, स्त्री०, आकाश-वेल।
मालूर, पु०, वृक्ष-विशेष।
माल्य, नपु०, पुष्प-माला।
मास, पु०, महीना, माश की दाल।
मासिक, वि०, माहवार।
मासक, पु०, मासा (सिक्का)।
मिग, पु०, पशु, चौपाया, हिरण।
मिग-चापक, मिग-पोतक, पु०, हिरण का बच्चा।
मिग तण्हिका, स्त्री०, मृगतृष्णा।
मिग-दाय, पु०, मृगोद्यान।
मिग-मद, पु०, कस्तूरी।
मिग-मातुका, स्त्री०, मृग-विशेष।
मिग-लुद्दक, पु०, शिकारी।
मिग-पोतक जातक, तपस्वी ने बडे स्नेह से हिरण के बच्चे का पालन-पोषण किया। उसके मरने पर तपस्वी बहुत सतप्त हुआ (३७२)।
मिगव, नपु०, शिकार।
मिगार-मातु-पासाद, श्रावस्ती के पूर्व के पूर्वाराम मे विसाखा मिगारमाता द्वारा बनवाये गये विहार का नाम।
मिगालोप जातक, मिगालोप ने अपने पिता गृध्र का कहना न मान जान गँवाई (३८१)।
मिगिन्द, पु०, पशुओ का राजा, सिंह।

मिगी, स्त्री०, हरिणी ।
मिच्छत्त, नपु०, मिथ्यात्व ।
मिच्छा, अव्यय, मिथ्या, झूठ ।
मिच्छा-कम्मन्त, पु०, मिथ्याचरण, दुराचरण ।
मिच्छा-गहण, नपु०, गलत समझ ।
मिच्छाचार, पु०, कदाचार, मिथ्याचरण ।
मिच्छाचारी, वि०, कदाचारी, दुराचारी ।
मिच्छा-दिट्ठि, स्त्री०, मिथ्यादृष्टि; वि०, मिथ्या-मतधारी ।
मिच्छा-पणिहित, वि०, गलत ओर झुका हुआ ।
मिच्छा-वाचा, स्त्री०, मिथ्या वाणी ।
मिच्छा-वायाम, पु०, मिथ्याप्रयत्न ।
मिच्छा-सङ्कप्प, पु०, मिथ्या संकल्प ।
मिज्ज, नपु०, मज्जा ।
मिणन, नपु०, माप ।
मिणति (मिनाति भी), क्रिया, मापता है, तोलता है ।
(मिणि, मित, मिणन्त, मिणित्वा, मिणितुं, मिणीयति) ।
मित, कृदन्त, मापा गया, तोला गया ।
मित-भाषी, पु०, सयत-भाषी ।
मितचिन्ती जातक, बहुचिन्ती, अप्पचिन्ती तथा मितचिन्ती मछलियो की कथा (११४) ।
मित्त, पु० तथा नपु०, मित्र ।
मित्तद्दु, मित्तदुब्भि, मित्तदूभी, पु०, मित्र-द्रोही ।
मित्त-पतिरूपक, वि०, झूठा मित्र ।
मित्त-भेद, पु०, मैत्री-विच्छेद ।
मित्त-सन्थव, पु०, मैत्री-सम्बन्ध ।
मित्तविन्दक जातक, चतुद्वार जातक मे वर्णित मित्तविन्द जातक-कथा का एक अश (८२) ।
मित्तविन्द जातक, चतुद्वार जातक का ही एक और अतिरिक्त अश (१०४) ।
मित्तविन्द-जातक, चतुद्वार जातक का ही एक और दूसरा अतिरिक्त अश (३६९) ।
मित्तामित्त जातक, तपस्वी ने हाथी के बच्चे का पोषण किया । उसने बड़े होने पर तपस्वी को मार डाला (१९७) ।
मित्तामित्त जातक, सच्चे मित्र के लक्षण (४७३) ।
मिथिला, विदेह जनपद की राजधानी । नेपाल की सीमा के अन्दर वर्तमान जनकपुर ।
मिथु, अव्यय, एक के बाद एक, छिप कर ।
मिथु-भेद, पु०, मैत्री-विच्छेद ।
मिथुन, नपु०, पुल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग, युगल, जोड़ा ।
मिथो, अव्यय, परस्पर ।
मिद्ध, नपुं०, आलस्य ।
मिद्धी, वि०, आलसी ।
मिय्यति, मीयति, क्रिया, मरता है ।
मीयमान, कृदन्त, मृतमान्, मरता हुआ ।
मिलक्ख, पु०, बर्बर जाति का ।
मिलक्ख-देस, पु०, बर्बर-देश ।
मिलात, कृदन्त, म्लान हुआ ।
मिलातता, स्त्री०, म्लान-भाव, कुम्हलायापन ।
मिलायति, क्रिया, कुम्हलाता है ।

(मिलायि, मिलायमान) ।
मिलिन्द, सागल का राजा मिनाण्डर। उसका जन्म अलसन्दा (अलैक्ज़ैण्ड्रिया) के समीप कलसी में हुआ था। मिलिन्द-पञ्ह मे उसी के साथ का नागसेन स्थविर का शास्त्रार्थ दर्ज है।
मिलिन्द-पञ्ह, भिक्षु नागसेन तथा राजा मिलिन्द के प्रश्नोत्तरों से समन्वित ग्रन्थ ।
मिस्स, मिस्सक, वि०, मिश्रित ।
मिस्सेति, क्रिया, मिश्रित करता है ।
(मिस्सेसि, मिस्सेन्त, मिस्सेत्वा) ।
मिहित, नपु०, मुस्कराहट ।
मीन, पु०, मछली ।
मीळ्ह, नपु० गूंह ।
मुकुल, नपु०, कली ।
मुख, नपु०, मुंह, चेहरा, प्रवेश-द्वार, वि०, प्रमुख ।
मुख-तुण्ड, नपु०, चोंच ।
मुख-द्वार, नपु०, मुंह ।
मुख-धोवन, नपु०, मुंह का धोना ।
मुख-पुञ्छन, नपु०, मुंह पोछने का वस्त्र ।
मुख-पूर, नपुं०, मुंह भरना, वि०, मुंह भरने वाला ।
मुख-वट्टि, स्त्री०, किनारा ।
मुख-वण्ण, पु०, चेहरे का रंग ।
मुख-विकार, पु०, चेहरे का रग-ढग ।
मुख-सकोचन, नपु०, चेहरे की विकृति ।
मुख-संयत, वि०, वाणी का सयमी ।
मुखर, वि०, वाचाल ।
मुखरता, स्त्री०, वाचालता ।
मुखाधान, नपुं०, लगाम ।
मुखुल्लोकक, वि०, आदमी के चेहरे की ओर देखने वाला ।
मुखोदक, नपुं०, मुंह धोने का जल ।
मुख्य, वि०, प्रमुख, प्रधान, अति महत्त्वपूर्ण ।
मुग्ग, पु०, मूंग ।
मुग्गर, पु०, मुगदर ।
मुंगुस, पु०, नेवला ।
मुचलिन्द, पु०, वृक्ष-विशेष, (नाम) उरुवेल मे अजपाल न्यग्रोध के पास का एक वृक्ष, जिसके नीचे बुद्धत्व-प्राप्ति के अनन्तर भगवान् बुद्ध ने तीसरा सप्ताह मनाया ।
मुच्चति, क्रिया, स्वतन्त्र होता है, मुक्त होता है ।
(मुच्चि, मुत्त, मुच्चित, मुच्चमान, मुच्चित्वा) ।
मुच्छति, क्रिया, मूछित होता है ।
(मुच्छि, मुच्छित, मुच्छन्त, मुच्छित्वा, मुच्छिय) ।
मुच्छन, नपु०, मूर्छा ।
मुच्छना, स्त्री०, मूर्छा ।
मुञ्चक, वि०, मुक्त करने वाला ।
मुञ्चति, क्रिया, मुक्त करता है, ढीला करता है ।
(मुञ्चि, मुक्ति, मुञ्चित, मुञ्चन्त, मुञ्चमान, मुञ्चित्वा, मुञ्चिय) ।
मुञ्चन, नपु०, छोडना, मुक्त करना ।
मुञ्ज, नपु०, मूंज, तृण का एक प्रकार ।
मुट्ठ, कृदन्त, विस्मृत ।
मुट्ठसच्च, वि०, विस्मृति ।
मुट्ठस्सती, पु०, विस्मृत करने वाला ।
मुट्ठि, पु० तथा स्त्री०, मुट्ठी, मूठ ।
मुट्ठिक, पु०, पहलवान ।

मुट्ठि-मल्ल, पु०, मुक्केबाज।
मुट्ठि-युद्ध, नपु०, मुक्का-मुक्की।
मुण्ड, वि०, बाल-रहित।
मुण्डक, पु०, बाल-रहित (मुण्डित) सिर वाला।
मुण्डच्छद, पु०, चौडी छत वाला मकान।
मुण्डत्त, मुण्डिय, नपु०, मुण्ड-भाव।
मुण्डेति, क्रिया, मूंडता है, सिर की हजामत बनाता है।
(मुण्डेसि, मुण्डित, मुण्डेत्वा)।
मुणिक जातक, मालिक की बेटी के विवाह के अवसर पर बैलो की उपेक्षा कर सूग्रर को बहुत खिलाया-पिलाया गया, उसे मोटा कर उसकी हत्या करने के लिए (३०)।
मुत, नपु०, नाक, जीभ तथा स्पर्शेन्द्रिय द्वारा होने वाला इन्द्रियानुभव।
मुतिङ्ग, मुदिङ्ग, पु०, मृदङ्ग।
मुतिमन्तु, वि०, बुद्धिमान्।
मुत्त, कृदन्त, मुक्त, नपु०, मूत्र।
मुत्ताचार, वि०, शिथिलाचार।
मुत्तकरण, नपुं०, पेशाब करना।
मुत्तवत्थि, स्त्री०, अण्डकोश।
मुत्ता, स्त्री०, मोती।
मुत्तावलि, स्त्री०, मोती-माला।
मुत्ताहार, पु०, मोतियों का हार।
मुत्ता-जाल, नपु०, मोतियो का जाल।
मुत्ति, स्त्री०, मुक्ति।
मुदा, स्त्री०, प्रसन्नता।
मुदित, वि०, प्रसन्न।
मुदित-मन, वि०, प्रसन्न-चित्त।
मुदिता, स्त्री०, दूसरो की समृद्धि देख-कर आनन्दित होना।
मुदु मुदुक, वि०, कोमल।
मुदु-चित्त, वि०, मृदु-चित्त।
मुदु-जातिक, वि०, मृदु-स्वभाव वाला।
मुदुता, स्त्री०, मृदु-भाव।
मुदुत्त, नपु०, मृदुत्व।
मुदु-भूत, वि०, कोमल।
मुदुलक्खण जातक, मुदुलक्खण नामक तपस्वी राजा की रानी पर मोहित हो गया (६६)।
मुद्दङ्कन, नपु०, छपाई।
मुद्दा, स्त्री०, मुद्रा, सकेत (हस्त-मुद्रा)
मुद्दापक, पु०, मुद्रक।
मुद्दापन, नपु०, मुद्रण।
मुद्दायन्त, नपु०, मुद्रणालय।
मुद्दापेति, क्रिया, छापता है, मुद्रित करता है।
(मुद्दापेसि, मुद्दापित, मुद्दापेत्वा)।
मुद्दिका, स्त्री०, अँगूठी, अंगूरी शराब।
मुद्दिकासव, पु०, अगूरी आसव।
मुद्ध, वि०, मूर्ख, चकित।
मुद्धातुक, वि०, मूर्ख-स्वभाव।
मुद्धता, स्त्री०, मूर्खता।
मुद्धा, पु०, शीर्ष, शिखर।
मुद्धज, पु०, मूर्धा से उत्पन्न अक्षर, बाल।
मुद्धाधिपात, पु०, सिर का गिरना।
मुद्धावसित्त, वि०, राज-तिलक किया हुआ नरेश।
मुधा, अव्यय, मुफ्त।
मुनाति, क्रिया, जानता है।
(मुनि, मुत)।
मुनि, पु०, मुनि, मनन करने वाला साधु।
मुनिन्द, पु०, मुनियो मे प्रधान (बुद्ध)।

मुय्हति, क्रिया, भूल जाता है, मन्द-बुद्धि होता है।
(मुय्हि, मूळ्ह, मूय्हमान, मुय्हित्वा)।
मुय्हन, नपुं०, भूल, विस्मृति।
मुरज, पु०, चंग या झांझ।
मुरमुरायति, क्रिया, मुर-मुर शब्द करके काट डालता है।
मुसल, पु०, मूसल।
मुसली, वि०, मूसल वाला।
मुसा, अव्यय, मृषा, झूठ।
मुसावाद, पु०, मृषावाद, झूठ।
मुस्सति, क्रिया, भूल जाता है, अन्तर्धान हो जाता है।
(मुस्सि, मुट्ठ, मुस्सित्वा)।
मुहुत्त, पु० तथा नपुं०, मुहूर्त।
मुहुत्तेन, क्रि० वि०, क्षण-भर मे।
मुहुत्तिक, वि०, मुहूर्त-भर रहने वाला; पु०, ज्योतिषी।
मुळाल, नपुं०, मृणाल, कमल-नाल।
मुळाल-पुप्फ, नपुं०, कमल का फूल।
मूग, वि०, गूँगा।
मूगपक्ख जातक, (५३८), देखो तेमिय जातक।
मूल, नपुं०, जड़, मूल (-धन), नकद, उत्पत्ति, तल्ला, कारण, नींव, प्रारम्भ।
मूल-कन्द, पु०, कन्द-विशेष।
मूल-बीज, नपुं०, कोंपल निकले मूल-बीज।
मूलपरियाय जातक, 'काल सबको खाता है, अपने-आपको भी। सभी को खाने वाले काल को कौन खा सकता है?' प्रश्न का समाधान (२४५)।
मूलक, वि०, (समास मे) कारणी-भूत।
मूलिक, वि०, महत्त्वपूर्ण।
मूल्य, नपुं०, कीमत, मजदूरी।
मूसा, स्त्री०, धातु पिघलाने की घरिया।
मूसिक, पु०, चूहा।
मूसिका, स्त्री०, चुहिया।
मूसिक-छिन्न, वि०, चूहों द्वारा काटा गया।
मूसिक-वच्च, नपुं०, चूहे की मेंगन।
मूसिक जातक, पुत्र ने पिता की हत्या करने की चेष्टा की (३७७)।
मूळ्ह, कृदन्त, मूढ।
मे, सर्वनाम, मुझे, मेरा।
मेखला, स्त्री०, करधनी।
मेघ, पु०, बादल, वर्षा।
मेघनाद, पु०, गर्जना।
मेघ-पासाण, पु०, ओले।
मेघ-वण्ण, वि०, बादलों के वर्ण का।
मेचक, वि०, काला या गहरा नीला।
मेज्झ, वि०, पवित्र।
मेण्ड, मेण्डक, पु०, मेंढा या भेड़।
मेण्डक, विशाखा मिगारमाता का पितामह।
मेत्त-चित्त, मैत्रीपूर्ण चित्त।
मेत्ता, स्त्री०, मैत्री-भावना, उदारता।
मेत्ता-कम्मट्ठान, नपुं०, मैत्री कर्म-स्थान।
मेत्ता-भावना, स्त्री०, मैत्री का अभ्यास करना।
मेत्तायना, स्त्री०, मैत्री-भाव।
मेत्ताविहारी, वि०, मैत्री-भाव मे रमता हुआ।

मेत्तायति, क्रिया, मैत्री करता है ।
(मेत्तायि, मेत्तायित्वा, मेत्तायन्त) ।
मेत्तेय्य-नाथ, पु०, भावी बुद्ध, मेत्तेय्य ।
मेथुन, नपु०, मैथुन ।
मेथुन धम्म, पु०, मैथुन-क्रिया ।
मेद, पु०, चर्बी ।
मेदक-तालिका, स्त्री०, चर्बी भूनने का भाजन ।
मेद-वण्ण, वि०, चर्बी के रंग का ।
मेदिनी, स्त्री०, पृथ्वी ।
मेध, पु०, यज्ञ ।
मेधग, पु०, झगडा ।
मेधा, स्त्री०, बुद्धि, प्रज्ञा ।
मेधावी, वि०, प्रज्ञावान् ।
मेरय, नपु०, शराब ।
मेरु, पु०, उच्चतम पर्वत का नाम ।
मेलक, नपु०, मेल, लोगो की परिषद् ।
मेलन, नपु०, मिलना ।
मेस, पु०, मेष, भेडा ।
मेह, पु०, मूत्र-रोग ।
मेहन, नपु०, पुरुषेन्द्रिय अथवा स्त्री की इन्द्रिय ।
मोक्ख, पु०, मोक्ष, मुक्ति ।
मोक्खक, वि०, मोक्षदाता ।
मोक्ख-मग्ग, पु०, मोक्ष का मार्ग ।
मोक्खति, क्रिया, मुक्त होता है ।
मोग्गल्लान, भगवान् बुद्ध के दो प्रधान शिष्यो में से एक ।
मोग्गलिपुत्त तिस्स थेर, तृतीय संगीति के प्रधान, अशोक-गुरु ।
मोघ, वि०, व्यर्थ ।
मोघपुरिस, पु०, बेकार आदमी, मूर्ख ।
मोच, पु०, केला ।
मोचन, नपु०, मुक्त करना ।
मोचापन, नपु०, मुक्त कराना ।
मोचापेति, क्रिया, मुक्त कराता है ।
मोचेति, क्रिया, मुक्त करता है ।
(मोचेसि, मोचित, मोचेन्त, मोचेत्वा, मोचिय, मोचेन्तुं) ।
मोदक, पु०, लड्डू ।
मोदति, क्रिया, आनन्दित होता है ।
(मोदि, मोदित, मोदमान, मोदित्वा] ।
मोदन, नपु०, आनन्दित होना ।
मोदना, स्त्री०, प्रमुदित होना ।
मोन, नपु०, बुद्धि, मौन ।
मोनेय्य, नपु०, नैतिक सम्पूर्णता ।
मोमुह, वि०, जड-बुद्धि, मूर्ख ।
मोर, पु०, मोर पक्षी ।
मोर-पिञ्ज, नपु०, मोर की पूंछ ।
मोर जातक, सूर्य तथा बुद्ध की प्रशंसा मे स्तोत्र गाने वाला मोर हर तरह से सुरक्षित रहा (१५९) ।
मोस, पु०, चोरी ।
मोसन, नपु०, चोरी ।
मोसवज्ज, नपु०, असत्य ।
मोह, पु०, मोह, मूर्खता ।
मोहक्खय, पु०, अविद्या का नाश ।
मोह-चरित, वि०, मूढ-चरित ।
मोहतम, पु०, मोहांधकार ।
मोहनीय, वि०, मोहने वाला, मूर्ख बनाने वाला ।
मोहन, नपु०, मोहना, मूर्ख बनाना ।
मोहक, वि०, मोह उत्पन्न करने वाला ।
मोहेति, क्रिया, मोह उत्पन्न करता है, धोखा देता है ।

(मोहेसि, मोहित, मोहेत्वा) ।

मोलि, पु० तथा स्त्री०, मौली, सिर का उच्चतम भाग ।

य

य, सर्वनाम, जो, जो कौन, जो क्या, जो कुछ भी ।

यकन, नपु०, यकृत ।

यक्ख, पु०, यक्ष ।

यक्ख-गण, पु०, यक्ष-गण ।

यक्ख-गाह, पु०, यक्षाधिकृत ।

यक्खत्त, नपु०, यक्षत्व ।

यक्खभूत, वि०, यक्ष होकर पैदा हुआ ।

यक्ख-समागम, पु०, यक्षों का सम्मेलन ।

यक्खाधिप, पु०, यक्षों का राजा ।

यक्खिनी, यक्खी, स्त्री०, यक्षिणी ।

यग्घे, वि०, आदरसूचक सम्बोधन ।

यजति, क्रिया, यज्ञ करता है, दान करता है ।
(यजि, यिट्ठ, यजित, यजित्वा, यजमान) ।

यजन, नपु०, यज्ञ करना, दान देना ।

यजु, नपु०, यजुर्वेद ।

यञ्ञ, पु०, यज्ञ ।

यञ्ञ-सामी, पु०, यज्ञ-स्वामी ।

यञ्ञावाट, पु०, यज्ञ-वेदिका (यज्ञ-गर्त) ।

यञ्ञ-उपनीत, वि०, यज्ञ (-वलि) के लिए लाया गया ।

यट्ठि, पु० तथा स्त्री०, लकडी ।

यट्ठि-कोटि, स्त्री०, लकडी का सिरा ।

यट्ठि-मधुका, स्त्री०, मुलहठी ।

यत, कृदन्त, रोका गया, सयत किया गया ।

यतति, क्रिया, प्रयत्न करता है ।

यतन, नपु०, प्रयत्न ।

यति, पु०, भिक्षु, साधु, ब्रह्मचारी ।

यतो, अव्यय, जहाँ से, जब से ।

यत्तक, वि०, जितना ।

यत्थ, यत्र, क्रि० वि०, जहाँ कहीं ।

यथत्त, नपु०, यथार्थावस्था ।

यथरिय, अव्यय, जैसा ।

यथा, क्रि० वि०, जैसे ।

यथाकम्म, क्रि० वि०, यथा कर्म ।

यथा काम, क्रि० वि०, यथेच्छ ।

यथाकारी, वि०, अपनी मर्जी से करने वाला ।

यथकाल, क्रि० वि०, योग्य समय, उपयुक्त समय ।

यथाक्कम, क्रि० वि०, क्रमानुसार ।

यथाठित, वि०, यथास्थित ।

यथातथ, वि०, यथा-तथ्य, सत्य ।

यथातथं, क्रि० वि०, यथा-सत्य ।

यथाधम्म, क्रि० वि०, धर्म के मुताबिक, नियमानुसार ।

यथाधोत, वि०, जैसे धुला हो ।

यथानुसिट्ठ, क्रि० वि०, उपदेशानुसार ।

यथानुभाव, क्रि० वि०, योग्यतानुसार ।

यथापसादं, क्रि० वि०, प्रसन्नता के अनुसार ।

यथापूरित, वि०, भरे होने के अनुसार, पूरी तरह भरा हुआ ।

यथाफासुक, वि०, सुविधाजनक ।

यथाबल, क्रि० वि०, यथाबल, शक्ति के

अनुसार।
यथाभत, क्रि० वि०, जैसे लाया गया।
यथाभिरतं, क्रि० वि०, जब तक इच्छा हो।
यथाभूत, वि०, यथार्थ।
यथाभूत, क्रि० वि०, यथार्थ रूप से।
यथारह, क्रि० वि०, योग्यतानुसार।
यथारुचि, क्रि०वि०, रुचि के अनुसार।
यथावतो, क्रि० वि०, यथावत्।
यथाविधि, क्रि० वि०, यथा विधि, विधि-अनुसार।
यथाविहित, क्रि० वि०, व्यवस्था के अनुसार।
यथावुड्ढ, क्रि० वि०, ज्येष्ठपन के अनुसार।
यथावुत्तं, क्रि० वि०, यथोक्त।
यथासक, क्रि० वि०, मिल्कियत के अनुसार।
यथासत्ति, क्रि० वि०, शक्ति के अनुसार।
यथासद्धं, क्रि० वि०, श्रद्धा के अनुसार।
यथासुख, क्रि० वि०, सुखपूर्वक।
यथिच्छित, क्रि० वि०, इच्छानुसार।
यदा, क्रि० वि०, जब।
यदि, अव्यय, अगर।
यदिच्छा, स्त्री०, इच्छा, प्रवृत्ति।
यन्त, नपु०, यन्त्र, मशीन।
यन्त-नालि, स्त्री०, पाइप।
यन्त-मुत्त, वि०, मशीन द्वारा फेंका गया।
यन्तिक, पु०, यान्त्रिक, मशीन बनाने या सुधारने वाला, टेकनीशियन।
यम, पु०, यमराज।
यम-दूत, पु०, यमराज का दूत।
यम-पुरिस, पु०, नरक मे यन्त्रणा देने वाले।
यम-लोक, पु०, प्रेत-लोक।
यमक, वि०, जुडवाँ, दोहरा; नपु०, जोड़ा।
यमक, अभिधम्म पिटक का छठा प्रकरण (ग्रन्थ)।
यमक-साल, पु०, शाल-वृक्षो की जोड़ी।
यमुना, जम्बुद्वीप की पाँच बड़ी नदियो मे से एक।
यव, पु०, जौ।
यव सूक, पु०, जौ की रोटी।
यवस, पु०, घास-विशेष।
यस, पु० तथा नपु०, यश, प्रसिद्धि।
यस-दायक, वि०, ऐश्वर्यदाता।
यस-महत्त, नपु०, ऐश्वर्य अथवा प्रसिद्धि की विशालता।
यस-लाभ, पु०, यश अथवा ऐश्वर्य का लाभ।
यस थेर, वाराणसी सेठ का पुत्र यश, जिसके सन्तप्त हृदय को बुद्ध की अमृत-वाणी ने शान्ति प्रदान की थी।
यसोधर, वि०, प्रसिद्ध।
यसोलद्ध, वि०, यश के द्वारा प्राप्त।
यहिं, क्रि० वि०, यहाँ।
यं, नपु०, जो, जो कौन (वस्तु)।
या, स्त्री०, जो कोई भी (स्त्री)।
याग, पु०, यज्ञ।
यागु, स्त्री०, यवागु।
याचक, पु०, माँगने वाला।
याचति, क्रिया, माँगता है। (याचि, याचित, याचन्त, याचमान, याचितुं, याचित्वा)।

याचन, नपु०, याचना ।
याचयोग, वि०, दानशील ।
याचित, कृदन्त, माँगा गया ।
याचितक, वि०, माँगी गयी, नपु, माँगी हुई वस्तु या चीज ।
याजक, पु०, यज्ञ कराने वाला ।
यात, कृदन्त, गया ।
याति, क्रिया, जाता है ।
यात्रा, स्त्री०, गमन, मुसाफरी ।
याथाव, वि०, ठीक-ठीक ।
यादिस, वि०, जिसके समान, जिस-सा ।
यान, नपु०, गाडी, रथ ।
यानक, नपु०, छोटी गाडी ।
यानगत, वि०, गाडी मे बैठा ।
यान-भूमि, स्त्री०, गाडी जा सकने लायक भूमि ।
यानी, पु०, गाडी हाँकने वाला ।
यानीकत, वि०, अभ्यस्त ।
यापन, नपु०, गुजारा, आहार ।
यापनीय, वि०, जीवन-आधार ।
यापेति, क्रिया, गुजारा करता है । (यापेसि, यापित, यापेन्त, यापेत्वा) ।
याम, पु०, रात्रि का पहर ।
याम-कालिक, वि०, भिक्षु द्वारा अपराह्न तथा रात के समय ग्रहण की जा सकने वाली वस्तु ।
यायी, वि०, जाते हुए ।
याव, अव्यय, तक (याव-ततिय = तीसरी बार तक) ।
याव-कालिक, वि०, अस्थायी ।
याव-जीव, वि०, जीवन-पर्यन्त
याव-जीव, क्रि० वि०, जीवन-भर ।
याव-जीविक, वि०, जीवन-पर्यन्त बने रहने वाला ।
यावतक, वि०, जितना ।
यावदत्थ, क्रि० वि०, आवश्यकतानुसार ।
यावता, अव्यय, जहाँ तक ।
यावतायुक, क्रि० वि०, जीवन बना रहने तक ।
यावतावतिह, क्रि० वि०, जितने दिन तक ।
यिट्ठ, कृदन्त, आहुति दी गई ।
युग, नपु०, जोडा, जुआ, युग, जमाना ।
युगन्त, पु०, युग का अन्त ।
युगग्गाह, पु०, ईर्षा, काबू, ।
युगच्छिद्द, नपु०, जुए का छेद ।
युगनद्ध, वि०, जुए मे जुता ।
युगमत्त, वि०, युग-मात्र, जुए की लम्बाई भर की दूरी ।
युगन्धर, हिमालय के पर्वतो मे से एक ।
युगल, **युगलक**, नपु०, जोडा ।
युज्झति, क्रिया, युद्ध करता है । (युज्झि, युज्झित, युज्झन्त, युज्झमान, युज्झित्वा, युज्झिय, युज्झितु) ।
युज्झन, नपु०, युद्ध करना ।
युञ्जति, क्रिया, शामिल होता है, प्रयत्न करता है । (युञ्जि, युत्त, युञ्जन्त, युञ्जमान, युञ्जित्वा, युञ्जितब्ब) ।
युञ्जन, नपु०, जोडना, सम्मिलित होना ।
युत्ति, स्त्री०, न्याय ।
युद्ध, नपु०, संग्राम, लडाई ।
युद्ध-भूमि, स्त्री०, सग्राम-भूमि ।

युद्ध-मण्डल, नपु०, सग्राम-भूमि ।
युव, पु०, तरुण, नौजवान ।
युवती, स्त्री०, तरुणी ।
युवञ्जय जातक, ओस की बूँदो का सूख जाना देख राजकुमार को ससार की अनित्यता का बोध हुआ (४६०) ।
यूथ, पु०, समूह, पशु-समूह ।
यूथ-जेट्ठ, पु०, पशुओ के झुण्ड का मुखिया ।
यूप, पु०, यज्ञ-स्तम्भ ।
यूस, पु०, (मास का) सूप ।
येन, क्रि० वि०, जिसके कारण से ।
येभुय्य, वि०, अनेक ।
येव, अव्यय, ही ।
यो, सर्वनाम, जो, जो कोई (पुरुष) ।
योग, पु०, सम्बन्ध ।
योगक्खेम, पु०, आसक्ति से मुक्ति ।
योग-युत्त, वि०, आसक्ति से बँधा ।
योगावचर, पु०, योगी ।
योगातिग, वि०, पुनर्जन्म के बधन से मुक्त ।
योग्ग, वि०, योग्य, नपु०, गाडी, रथ ।
योजक, पु०, सम्मिलित होने वाला ।
योजन, नपु०, नियुक्त होना, दूरी का माप-विशेष (=करीब दो मील) ।
योजना, स्त्री०, निर्माण ।
योजनिक, वि०, योजना बनाने वाला ।
योजित, कृदन्त, मिला हुआ ।
योजेति, क्रिया, जोडता है ।
(योजेसि, योजेन्त, योजेत्वा, योजिय) ।
योत्त, नपु०, धागा, रस्सी ।
योध, पु०, योधा ।
योधाजीव, पु०, सैनिक ।
योधेति, क्रिया लडता है, युद्ध करता है ।
(योधेसि, योधित, योधेत्वा) ।
योनकधम्मरक्खित थेर, तृतीय सगीति के बाद मोग्गलिपुत्त तिस्स द्वारा अपरन्तक जनपद की ओर धर्म-प्रचारार्थ भेजे गये स्थविर ।
योना (युवाना, योनका भी), यवन, ग्रीस (यूनान) के निवासी ।
योनि, स्त्री०, मूल, (मनुष्य-)योनि, (स्त्री-)योनि ।
योनिसो, क्रि० वि०, यथार्थ ढग से, बुद्धिपूर्वक ।
योनिसो मनसिकार, पु०, यथार्थ विचार ।
योब्बन (योबञ्ञ भी), नपु०, यौवन ।
योब्बन-मद, पु०, यौवन-मद ।

र

रक्खक, पु०, रक्षक, पहरेदार ।
रक्खति, क्रिया, रक्षा करता है ।
(रक्खि, रक्खित, रक्खन्त, रक्खित्वा, रक्खितब्ब) ।
रक्खन, नपु०, रक्षण ।
रक्खनक, वि०, रक्षण करता हुआ ।
रक्खस, पु०, राक्षस ।
रक्खा, स्त्री०, आरक्षा ।
रक्खित, कृदन्त, सरक्षित ।
रक्खित थेर, तृतीय संगीति की समाप्ति

पर वनवासि प्रदेश मे भेजे गये स्थविर।

रक्खिय, वि०, रक्षण करने योग्य।

रगा, मार की तीन कन्याओ मे से एक, जिसने बुद्ध को प्रलोभित करने की चेष्टा की थी।

रङ्कु, पु०, मृगो की एक जाति।

रङ्ग, पु०, रग।

रङ्गकार, पु०, रँगने वाला, नाटक के पात्र।

रङ्गजात, नपु०, नाना प्रकार के रग।

रङ्गरत्त, वि०, रग से रँगा।

रङ्गाजीव, पु०, चित्रकार या रग-साज।

रचयति, क्रिया, रचता है, व्यवस्था करता है, तैयार करता है। (रचयि, रचित, रचित्वा)।

रचना, स्त्री०, व्यवस्था।

रच्छा, (रथिया, रथिका भी), स्त्री०, गली, बाजार।

रज, पु० तथा नपु०, धूलि।

रजक्ख, वि०, रज (=चित्त-मैल) से युक्त।

रजक्खन्ध, पु०, धूल का अबार।

रजक, पु०, धोबी।

रजत, नपु०, चाँदी।

रजति, क्रिया, रँगता है। (रजि, रजित्वा, रजितब्ब)।

रजन, नपु०, रँगना।

रजन-कम्म, नपु०, रँगना।

रजनी, स्त्री०, रात्रि।

रजनीय, वि०, आकर्षक।

रजस्सला, स्त्री०, मासिक धर्म वाली स्त्री।

रजोजल्ल, नपु०, कीचड।

रजोहरण, नपु०, धूल का हटाना, धूल का पोछना।

रज्ज, नपु०, राज्य।

रज्ज-सिरि, स्त्री०, राज्य-श्री।

रज्ज-सीमा, स्त्री०, राज्य-सीमा।

रज्जति, क्रिया, आनन्दित होता है, प्रसन्न होता है, मजा करता है। (रज्जि, रत्त, रज्जन्त, रज्जित्वा)।

रज्जन, नपु०, अनुरजन।

रज्जु, स्त्री०, रस्सी।

रज्जुगाहक, पु०, जमीन मापने वाला।

रञ्जति, क्रिया, आनन्दित होता है। (रञ्जि, रञ्जित, रत्त, रञ्जन्त, रञ्जमान, रञ्जित्वा)।

रञ्जेति, क्रिया, आनन्द देता है, रँगता है। (रञ्जेसि, रञ्जित, रञ्जेन्त, रञ्जेत्वा)।

रट्ठ, नपु०, राष्ट्र।

रट्ठ-पिण्ड, पु०, राष्ट्र-पिण्ड, लोगो का दिया हुआ भोजन।

रट्ठवासी, रट्ठवासिक, पु०, राष्ट्र का अधिवासी।

रट्ठिक, वि०, राष्ट्रिक, राष्ट्र-विशेष का, सरकारी अफसर।

रण, नपु०, युद्ध, लडाई।

रणञ्जह, वि०, राग-मुक्त।

रत, कृदन्त, अनुरक्त, आनन्द लेता हुआ।

रतन, नपु०, रतन, लम्बाई का माप।

रतनत्तय, नपु०, रत्न-त्रय—बुद्ध, धर्म तथा सघ।

रतनवर, नपु०, श्रेष्ठ रतन।

रतनाकर, पु०, समुद्र ।
रतनिक, वि०, (इतने) रतन लम्बा-चौडा ।
रति, स्त्री०, ग्रासक्ति, प्रेम ।
रति-कीडा, स्त्री०, मैथुन-क्रीडा ।
रती, मार की कन्याओ मे से एक ।
रत्त, वि०, लाल, नपु०, रक्त, खून ।
रत्तक्ख, वि०, लाल आँख वाला ।
रत्त-चन्दन, नपु०, लाल चदन ।
रत्त-फला, स्त्री०, लाल फलो वाली लता ।
रत्त-पदुम, नपु०, लाल कमल ।
रत्त-मणि, पु०, लाल मणि ।
रत्त-अतिसार, पु०, रक्त अतिसार ।
रत्तञ्ञू, वि०, दीर्घकालीन ।
रत्तन्धकार, पु०, रात का अँधेरा ।
रत्तपा, स्त्री०, जोक ।
रत्ति, स्त्री०, रात्रि ।
रत्तिक्खय, पु०, रात्रि-क्षय ।
रत्तिखित्त, वि०, रात्रि मे फेका गया ।
रत्ति-भाग, पु०, रात्रि का समय ।
रत्ति-भोजन, नपु०, रात्रि का भोजन ।
रत्तूपरत, वि०, रात्रि-भोजन से विरत ।
रथ, पु०, गाडी ।
रथकार, पु०, रथ बनाने वाला ।
रथङ्ग, नपु०, रथ के अङ्ग ।
रथ-गुत्ति, स्त्री०, रथ की रक्षा ।
रथ-चक्क, नपु०, रथ का पहिया ।
रथ-पञ्जर, पु०, रथ का ढाँचा ।
रथ-युग, नपु०, रथ की वल्ली ।
रथ-रेणु, पु०, रथ-धूलि ।
रथाचरिय, पु०, रथ हाँकने वाला ।
रथानीक, नपु०, युद्ध-रथो का समूह ।
रथारोह, पु०, रथ मे बैठा योद्धा ।
रथ-लट्ठि जातक, पुरोहित की पैनी से उसके अपने सिर मे चोट लगी (३३२) ।
रथिक, पु०, रथ मे बैठकर युद्ध करने वाला ।
रथिका, स्त्री०, देखो रच्छा ।
रद, पु०, (हाथी-)दाँत ।
रदन, नपु०, दाँत ।
रन्ध, नपु०, रन्ध्र, छेद ।
रन्ध-गवेसी, पु०, छिद्रान्वेषी ।
रन्धक, पु०, राँधने वाला, रसोइया ।
रन्धन, नपु०, राँधना, पकाना ।
रन्धेति, क्रिया, पकाता है, उबालता है, राँधता है ।
(रन्धेसि, रन्धित, रन्धित्वा) ।
रमन, (रमण भी), नपु०, मजा लेना ।
रमनी, (रमणी भी), स्त्री०, औरत ।
रमनीय, (रमणीय भी), वि०, आकर्षक ।
रमति, क्रिया, आनन्दित होता है ।
(रमि, रत, रमन्त, रममान, रमित्वा, रमितु) ।
रम्भा, स्त्री०, केले का गाछ ।
रम्म, वि०, रम्य, सुन्दर ।
रम्मक, चैत्र मास का नाम ।
रय, पु०, वेग ।
रव, पु०, आवाज ।
रवन, नपु०, चिल्लाना ।
रवति, क्रिया, शोर करता है, ऊँची आवाज निकालता है ।
(रवि, रवन्त, रवमान, रवित्वा, रवित, रुत) ।
रवि, पु०, सूर्य ।
रवि-हंस, पु०, पक्षी-विशेष ।

रस, पु०, स्वाद।

रसक, पु०, रसोइया।

रसग्ग, अत्यन्त स्वादिष्ट।

रसञ्जन, नपु०, आँख मे लगाने का एक प्रकार का अजन।

रस-तण्हा, स्त्री०, रस-तृष्णा।

रसना, स्त्री०, स्त्रियो की मेखला।

रसवती, स्त्री०, रसोईघर।

रसवाहिनी, वेदेह नाम के एक भिक्षु द्वारा सगृहीत पालि कथा-ग्रन्थ।

रसातल, नपु०, पाताल लोक।

रसाल, पु०, ऊख।

रसित नपु०, मेघ-ध्वनि, गर्जन।

रस्मि, स्त्री०, (घोडे के मुँह की) लगाम, सूर्य की किरण।

रस्स, वि०, ह्रस्व, बौना।

रस्सत्त, नपु०, ह्रस्वत्व, बौनापन।

रह, नपु०, एकान्त स्थान।

रहद, पु०, तालाब।

रहस्स, नपु०, रहस्य।

रहाभाव, पु०, रहस्य के अभाव की स्थिति।

रहित, वि०, बिना।

रहो, अव्यय, रहस्यमय ढग से।

रहो-गत, वि०, एकान्त जगह पर स्थित।

रंसि, देखो रस्मि।

रंसिमन्तु, पु०, सूर्य, वि०, प्रकाशमान।

राग, पु०, रग, आसक्ति।

रागक्खय, पु०, आसक्ति का नाश।

रागग्गि, पु०, रागाग्नि।

राग-चरित, वि०, राग-प्रवृत्त।

राग-रत्त, वि०, राग से अनुरक्त।

रागी, वि०, अनुरागी, कामुक।

राज, पु०, राजा।

राजककुधभण्ड, नपु०, राजकीय चिह्न।

राजकथा, स्त्री०, राजाओ के बारे मे बातचीत।

राज-कम्मिक, पु०, सरकारी अफसर।

राजकुमार, पु०, राजपुत्र।

राजकुमारी, स्त्री०, राजकन्या।

राज-कुल, नपु०, राज्य-कुल, महल।

राज-गेह, राज-भवन, राज-मन्दिर, नपु०, राजा का महल।

राजङ्गण, नपु०, राजमहल का आँगन।

राज-दण्ड, पु०, राजा द्वारा दिया गया दण्ड।

राज-दाय, पु०, राजा द्वारा दी गई भेंट।

राज-दूत, पु०, राजा का दूत।

राज-देवी, स्त्री०, राजा की रानी।

राज-धम्म, पु०, राजा का कर्तव्य।

राजधानी, स्त्री०, राजकीय नगर।

राज-धीतु, राजपुत्ती, स्त्री०, राज-पुत्री।

राज-निवेसन, नपु०, राजभवन।

राजन्तेपुर, नपु०, रनिवास।

राज-परिसा, स्त्री०, राज्य-परिषद्।

राज-पुत्त, पु०, राजकुमार।

राज-पुरिस, पु०, सरकारी नौकर।

राज-बलि, पु०, राज्य-कर, टैक्स।

राज-भट, पु०, सैनिक।

राज-भय, नपु०, राजा का भय, सरकार का डर।

राज-भोग्ग, वि०, राजा के लिए योग्य।

राज-महामत्त, पु०, प्रधान मत्री।

राज-महेसी, स्त्री०, पटरानी।

राज-मुद्दा, स्त्री०, राजकीय मुद्रा ।

राजवर, पु०, श्रेष्ठ राजा ।

राज-वल्लभ, वि०, राजा का प्रिय पात्र, प्रेम-भाजन ।

राज-सम्पत्ति, स्त्री०, सरकारी ठाट-बाट, राजकीय ऐश्वर्य ।

राजगह, मगध जनपद की राजधानी, आधुनिक राजगिर।

राजञ्ञ, पु०, क्षत्रिय-जन ।

राजति, क्रिया, चमकता है । (**राजि, राजित, राजमान**) ।

राजत्त, नपु०, राजत्व ।

राजहंस, पु०, राजकीय हंस ।

राजाणा, स्त्री०, राजाज्ञा ।

राजानुभाव, पु०, राजा का प्रताप या ठाट-बाट।

राजामच्च, पु०, राजामात्य ।

राजायतन, पु०, वृक्ष-विशेष । तपस्सु-मल्लिक नाम के दो व्यापारियो ने ऐसे ही एक वृक्ष के नीचे भगवान् बुद्ध की मधु-पिण्ड से सेवा की थी ।

राजि, स्त्री०, पक्ति ।

राजित, कृदन्त, चमक वाला ।

राजिद्धि, स्त्री०, राजकीय शक्ति ।

राजिनी, स्त्री०, रानी ।

राजिसि, पु०, राजर्षि ।

राजुपट्ठान, नपु०, राजा की सेवा मे रहना ।

राजुय्यान, नपु०, राजकीय उद्यान ।

राजुल, पु०, राजल सांप, दोमुहाँ सांप ।

राजोरोध, पु०, राजा का रनिवास ।

राजोवाद जातक, काशी तथा कोसल नरेश अपने-अपने राज्यों की सीमा लाँघकर अपने अवगुणों का पता लगाने चले (१५१) ।

राजोवाद जातक, राजा का अन्याय-पूर्ण शासन फलो की कडवाहट का कारण (३३४) ।

राध जातक, पोट्ठपाद तथा राध नाम के दो तोतो की कथा (१४५) ।

राध जातक, पोट्ठपाद तथा राध नाम के दो तोतो की कथा (१९८) ।

राधित, कृदन्त, तैयार किया गया ।

राम, राजा दशरथ का ज्येष्ठ पुत्र । राम का ही दूसरा नाम राम पण्डित था । उसने अपनी बहन सीता से विवाह किया ।

रामगाम, गगा के तट पर बसा हुआ एक कोलिय-ग्राम । इसके बाशिन्दो ने भी बुद्ध के शरीर की पवित्र धातु का एक अश प्राप्त कर उस पर चैत्य बनवाया था ।

रामञ्ञ, बर्मा देश का पालि नाम ।

रामणेय्यक, वि०, सुन्दर, आकर्षक ।

राव, पु०, शब्द, चिल्लाहट, आवाज ।

रासि, पु०, ढेर, मात्रा ।

रासि-वड्ढक, पु०, राज्य-कर का व्यवस्थापक ।

राहसेय्यक, वि०, रहस्य या एकान्त मे रहने वाला ।

राहु, एक असुर-राजा, चाँद को ग्रसने वाला राहु ।

राहु-मुख, नपु०, राहु का मुंह, दण्ड-विशेष ।

राहुल थेर, गौतम बुद्ध के एकमात्र पुत्र, जिनका जन्म सिद्धार्थ गौतम के गृह-त्याग करने के दिन ही हुआ था ।

राहुल-माता, गौतम बुद्ध की पत्नी तथा राहुल-जननी। उसके दूसरे नाम हैं भद्दकच्चाना, यशोधरा, बिम्बा देवी और सम्भवत. बिम्बा सुन्दरी भी।
रिञ्चति, क्रिया, छोड देता है, खाली कर देता है।
(रिञ्चि, रित्त, रिञ्चित्वा, रिञ्चमान)।
रित्त, कृदन्त, रिक्त।
रित्त-मुट्ठि, वि०, खाली मुट्ठी।
रित्त-हत्थ, वि०, खाली-हाथ (आदमी)।
रिपु, पुं०, शत्रु।
रुक्ख, पु०, वृक्ष।
रुक्ख-गहण, नपु०, वृक्षों का झुण्ड।
रुक्ख-देवता, स्त्री०, वृक्ष-देवता।
रुक्ख-मूल, नपु०, वृक्ष की जड।
रुक्ख-मूलिक, वि०, वृक्ष के नीचे रहने वाला।
रुक्ख-सुसिर, नपु०, पेड का खोडर (खोखला)।
रुक्खधम्म जातक, वृक्ष-देवताओं की कथा (७४)।
रुचि, स्त्री०, पसन्द, पसन्दगी।
रुचिर, वि०, सुन्दर, रुचिकर, अनुकूल।
रुच्चति, क्रिया, अच्छा लगता है।
(रुच्चि, रुच्चित, रुच्चित्वा)।
रुच्चन, नपु०, रुचि, आनन्द।
रुच्चनक, वि०, अच्छा लगने वाला।
रुजति, क्रिया, दर्द होता है, पीडा होती है।
(रुजि, रुजित्वा)।
रुजन, नपु०, पीडा।
रुजा, स्त्री०, पीडा।
रुजक, वि०, दुखता हुआ।
रुज्झति, क्रिया, रुंधता है, रुकावट पैदा होती है।
(रुज्झि, रुद्ध)।
रुट्ठ, कृदन्त, रुष्ट।
रुण्ण, कृदन्त, रोता हुआ, चिल्लाता हुआ।
रुत, नपु०, किसी जानवर का शब्द।
रुदति, क्रिया, रोता है।
(रुदि, रुदित, रुत, रुदन्त, रुदमान, रुदित्वा)।
रुदम्मुख, वि०, अश्रु-मुख।
रुद्ध, कृदन्त, अवरुद्ध, रुका हुआ।
रुधिर, नपु०, रक्त, खून।
रुन्धति, क्रिया, रोकता है, बाधा डालता है, जेल मे डालता है।
(रुन्धि, रुन्धित, रुद्ध, रुन्धित्वा)
रुन्धन, नपु०, रोक, जेल मे डालना।
रुप्पति, क्रिया, परिवर्तित होता है, चिढता है।
(रुप्पि, रुप्पमान)।
रुप्पन, नपु०, लगातार परिवर्तन।
रुरु, पु०, मृग-विशेष।
रुरु (मिग) जातक, अयोग्य पुत्र ने माता-पिता की सारी सम्पत्ति नष्ट कर दी और ऋणी हो गया (४८२)।
रुह, वि०, (समास मे) उगने वाला, वृद्धि को प्राप्त होने वाला।
रुहक जातक, रुहक की पत्नी ने अपने पुरोहित पति को उल्लू बनाया (१९१)।

रुहिर, नपु०, रुधिर, रक्त, खून ।
रूप, नपु०, चक्षुरेन्द्रिय का विषय, भौतिक पदार्थ, आकार, मूर्ति ।
रूपक, नपु०, एक छोटा आकार-प्रकार, उपमा ।
रूप-तण्हा, स्त्री०, रूप-तृष्णा ।
रूप-दस्सन, नपु०, रूप दर्शन ।
रूप-भव, पु०, रूप-लोक ।
रूप-राग, पु०, रूप-लोक में उत्पन्न होने की इच्छा ।
रूपवन्तु, त्रि०, सुन्दर ।
रूप-सम्पत्ति, स्त्री०, सौन्दर्य ।
रूप-सिरि, स्त्री०, लावण्य ।
रूपारम्मण, नपु०, चक्षुरेन्द्रिय का विषय ।
रूपावचर, वि०, रूप-लोक से सम्बन्धित ।
रूपिय, नपु०, चाँदी ।
रूपियमय, वि०, रजतमय ।
रूपिनी, स्त्री०, सुन्दरी ।
रूपी, वि०, रूप वाला ।
रूपूपजीविनी, स्त्री०, वेश्या ।
रूळ्ह, कृदन्त, उगा हुआ ।
रूहति, क्रिया, उगता है, चढता है, (जख्म) अच्छा करता है ।
(रूहि, रूळ्ह, रूहित्वा) ।
रूहन, नपु०, उगना, चढना, वृद्धि, (जख्म का) भरना ।
रेचन, नपु०, बाहर निकलना, पेट साफ होना ।
रेणु, पु० तथा नपु०, धूलि, रेणु ।
रेणुक, पु०, रेणुक नाम का सुगन्धित द्रव्य ।
रेवती, स्त्री०, एक सौ बीस नक्षत्रों में से एक ।
रोग, पु०, रोग, बीमारी ।
रोग-निड्ड, रोग-नीळ, नपु०, रोग-स्थान ।
रोग-हारी, पु०, वैद्य ।
रोगातुर, वि०, रोगी ।
रोगी, पु०, बीमार ।
रोचति, क्रिया, चमकता है ।
(रोचि, रोचित्वा) ।
रोचन, नपु०, चुनाव, पसन्द, चमक ।
रोचेति, क्रिया, पसन्द करता है ।
(रोचेसि, रोचित, रोचेत्वा) ।
रोदति, क्रिया, चिल्लाता है, रोता है ।
(रोदि रोदित, रोदन्त, रोदमान, रोदित्वा, रोदितुं) ।
रोदन, नपु०, रोना ।
रोध, पु०, रुकावट ।
रोधन, नपु०, रोक ।
रोप, पु०, पौधे लगाने का कार्य ।
रोपित, कृदन्त, रोपा हुआ ।
रोपेति, क्रिया, रोपता है ।
(रोपेसि, रोपेन्त, रोपयमान, रोपेत्वा, रोपिय) ।
रोम, नपु०, शरीर के बाल ।
रोमक, वि०, रोम-निवासी ।
रोमञ्च, नपुं०, रोमाञ्च, बालों का उठ खडे होना ।
रोमन्थति, क्रिया, जुगाली करता है ।
(रोमन्थि, रोमन्थित्वा) ।
रोमन्थन, नपु०, जुगाली करना ।
रोरुव, पु०, रौरव-नरक ।
रोस, पु०, क्रोध ।
रोसक, वि०, रोषक, क्रोधित करने वाला ।

रोसना, स्त्री०, रोष का भाव।
रोसेति, क्रिया, क्रोधित करता है।
(रोसेसि, रोसित, रोसेत्वा)।
रोहति, देखो रुहति।
रोहन, रुहन, नपुं०, उठना, उगना।
रोहिणी, स्त्री०, रोहिणी नक्षत्र।
रोहित, वि०, लाल, पु०, मृग-विशेष।
रोहित-मच्छ, रोहित मछली।

ल

लकार, पु०, (नाव की) पाल।
लकुण्टक, वि०, बौना।
लक्ख, नपु०, निशान, लक्ष्य, लाख (सख्या, सौ हजार)।
लक्खण, नपु०, निशान, लक्षण, गुण।
लक्खण-पाठक, पु०, ज्योतिषी।
लक्खण-सम्पत्ति, स्त्री०, अच्छे लक्षण।
लक्खण-सम्पन्न, वि०, अच्छे लक्षणों वाला।
लक्खण जातक, लक्खण तथा काळ मृगो की कथा (११)।
लक्खिक, वि०, भाग्यवान्।
लक्खित, कृदन्त, लक्षित, चिह्नित।
लक्खी, स्त्री०, लक्ष्मी, भाग्य, ऐश्वर्य।
लक्खेति, क्रिया, चिह्न लगाता है।
(लक्खेसि, लक्खित, लक्खेत्वा)।
लगुळ, पु०, डण्डा।
लग्ग, वि०, लगा हुआ, जुडा हुआ।
लग्गकेस, पु०, जटाएँ, उलझे बाल।
लग्गति, क्रिया, लगता है, जुडता है, लटकता है।
(लग्गि, लग्गित)।
लग्गन, नपु०, लगना, जुडना, लटकना।
लग्गेति, क्रिया, लगता है, जुडता है, लटकता है।
(लग्गेसि, लग्गित, लग्गेत्वा)।
लङ्गी, स्त्री०, द्वार-दण्ड।
लङ्गुल, नपु०, पूंछ।
लङ्घक, पु०, लांघने वाला, बाजीगर।
लङ्घति, क्रिया, लांघता है, कूदता है।
(लङ्घि, लङ्घित्वा)।
लङ्घन, नपु०, लांघना, कूदना।
लङ्घापेति, क्रिया, लंघाता है, कुदवाता है।
लङ्घी, पु०, लांघने वाला, कूदने वाला, बाजीगर।
लङ्घेति, क्रिया, कूदता है, छलांग मारता है, उल्लघन करता है।
(लङ्घेसि, लङ्घित, लङ्घेत्वा)।
लज्जति, क्रिया, लज्जा करता है।
(लज्जि, लज्जित, लज्जन्त, लज्जमान, लज्जितवा)।
लज्जन, नपु०, लज्जा।
लज्जापन, नपु०, लज्जित करना।
लज्जापेति, क्रिया, लज्जित करता है।
(लज्जापेसि, लज्जापित)।
लज्जितब्बक, वि०, लज्जा करने योग्य, वह जिसके कारण लज्जित होना पड़े।
लज्जी, वि०, लज्जा अनुभव करने वाला, शर्मीला।
लच्छति, (लभिस्सति भी), क्रिया, प्राप्त करता है, प्राप्त करेगा।
लञ्च, पु०, रिश्वत।
लञ्च-खादक, वि०, रिश्वतखोर।
लञ्च-दान, नपुं०, रिश्वत, घूस देना।

लञ्छ, पु०, चिह्न, निशान ।
लञ्छन, नपु०, चिह्न, निशान ।
लञ्छक, पु०, निशान लगाने वाला ।
लञ्छति, लञ्छेति, क्रिया, निशान लगाता है ।
(लञ्छि, लञ्छेसि, लञ्छित्वा, लञ्छेत्वा) ।
लञ्छित, कृदन्त, चिह्नित ।
लटुकिक जातक, बटेरनी ने उसके बच्चों को रौंद डालने वाले हाथी से बदला लिया (३५७) ।
लटुकिका, स्त्री०, बटेरनी ।
लट्ठि, लट्ठिका, स्त्री०, लाठी ।
लण्ड, पु०, लेंडी ।
लण्डिका, स्त्री०, लेंडी ।
लता, स्त्री०, बेल ।
लता-कम्म, नपु०, बेल-बूटे का काम ।
लद्ध, कृदन्त, प्राप्त ।
लद्धक, वि०, आकर्षक, अच्छा लगने वाला ।
लद्धब्ब, कृदन्त, प्राप्तव्य ।
लद्ध-भाव, पु०, प्राप्ति ।
लद्धस्साद, वि०, दुख से मुक्त ।
लद्धा-लद्धान, पू० क्रि०, प्राप्त करके ।
लद्धि, स्त्री०, लब्धि, दृष्टिकोण, मत ।
लद्धिक, वि०, जिसका मत हो, सम्प्रदाय वाला ।
लद्धुं, प्राप्त करने के लिए ।
लपति, क्रिया, बोलता है ।
(लपि, लपित, लपित्वा) ।
लपन, नपु०, बोलना, बकना, मुंह ।
लपनज, पु०, दांत ।
लपना, स्त्री०, जबान की लपलप, खुशामद ।

लबुज, पु०, कटहल ।
लब्भति, क्रिया, प्राप्त करता है, प्राप्त होता है ।
(लद्ध, लब्भमान) ।
लब्भा, अव्यय, सम्भव ।
लभति, प्राप्त करता है ।
(लभि, लद्ध, लभन्त, लभित्वा लद्धा, लभितुं, लद्धुं) ।
लम्ब, वि०, लटकता हुआ ।
लम्बक, नपुं०, लटकने वाला ।
लम्बति, क्रिया, लटकता है ।
(लम्बि, लम्बन्त, लम्बमान, लम्बित्वा) ।
लय, पु०, समय का बहुत ही छोटा भाग ।
ललना, स्त्री०, स्त्री ।
ललित, वि०, सुन्दर, कोमल, आकर्षक, नपु०, लीला, खेल ।
लव, पु०, बूंद ।
लवङ्ग, नपु०, लौंग ।
लवण, नपु०, निमक, नमक ।
लवन, नपु०, काटना ।
लसति, क्रिया, चमकता है, खेलता है ।
(लसि, लसित्वा, लसित) ।
लसिका, स्त्री०, शरीर के जोड़ो को तर रखने वाला पदार्थ ।
लसी, स्त्री०, मस्तिष्क ।
लसुण, नपु०, लहसुन ।
लहु, वि०, हलका, शीघ्र, नपु०, ह्रस्व स्वर ।
लहुक, वि०, हलका ।
लहुकं, क्रि० वि०, शीघ्रता से ।
लहुता, स्त्री०, हलकापन ।
लहु-परिवत्त, वि०, शीघ्र बदलने

वाला।
लहुं, लहुसो, क्रि० वि०, जल्दी से।
लाखा, स्त्री०, लाख (मुहर लगाने की लाख)।
लाखा-रस, पु०, लाख का सार, जो रँगने के काम आता है।
लाज, पु०, खील।
लाजपञ्चमक, वि०, अन्य चार वस्तुओं सहित पाँचवी चीज खील।
लाप, पु०, बटेर।
लापु, लाबु, स्त्री०, लौकी।
लाबु-कटाह, पु०, तूम्बा।
लाभ, पु०, फायदा, प्राप्ति।
लाभ-कम्यता, स्त्री०, लाभ की इच्छा।
लाभग्ग, पु०, श्रेष्ठतम लाभ।
लाभ-मच्छरिय, नपु०, लाभ मात्सर्य।
लाभ-सक्कार, पु०, लाभ और सत्कार।
लाभगरह जातक, शिष्य ने दुनिया मे 'लाभ' कमाने का रास्ता बताया (२८७)।
लाभा, अव्यय, 'यह लाभ की बात है,' 'यह फायदे की बात है.' इन अर्थों मे प्रयुक्त होता है।
लाभी, पु०, जिसे बहुत लाभ होता है।
लामक, वि०, निकृष्ट।
लायक, पु०, काटने वाला।
लायति, क्रिया, काटता है।
(लायि, लायित, लायित्वा)।
लालन, नपु०, लाड।
लालपति, क्रिया, अधिक बोलता है।
(लालपि, लालपित)।
लालसा, स्त्री०, बलवती इच्छा।
लालेति, क्रिया, लाड करता है।
(लालेसि, लालित, लालेत्वा)।
लाळ, (लाट भी), विजय राजकुमार का जन्म-प्रदेश, वर्तमान गुजरात।
लास, पु०, नृत्य।
लासन, नपु०, नृत्य, लास(-विलास)।
लिकुच, पु०, कटहल।
लिक्खा, स्त्री०, जूं का अण्डा, लीख, माप-विशेष।
लिखति, क्रिया, लिखता है।
(लिखि, लिखित, लिखन्त, लिखित्वा, लिखितु)।
लिखन, नपु०, लेखन, लिखावट।
लिखापेति, क्रिया, लिखवाता है।
(लिखापेसि, लिखापेत्वा)।
लिखितक, पु०, जिसे विद्रोही घोषित कर दिया गया।
लिङ्ग, नपु०, चिह्न, निशान।
लिङ्ग-विपल्लास, पु०, लिङ्ग-परिवर्तन।
लिङ्गिक, वि०, (व्याकरण) लिङ्ग सम्बन्धी अथवा स्त्री-पुरुष, लिङ्ग सम्बन्धी।
लिच्छवि, बुद्ध की समकालीन, वैशाली जनपद की लिच्छवि जाति।
लित्त, कृदन्त, लेप किया हुआ।
लित्त जातक, छली जुआरी मुँह मे गोटी छिपा लेता था (९१)।
लिपि, स्त्री०, लेखाक्षर।
लिपि-कार, पु०, लेखक।
लिम्पति, क्रिया, लेप करता है।
(लिम्पि, लित्त, लिम्पित्वा)।
लिम्पन, नपु०, लेप करना।
लिम्पेति, क्रिया, लेप करता है।
(लिम्पेसि, लिम्पित, लिम्पेन्त, लिम्पेत्वा)।
लिम्पापेति, क्रिया, लिपवाता है।

लिहति, क्रिया, चाटता है।
(लिहि, लिहित्वा, लिहमान)।
लीन, कृदन्त, सकोची, शर्मीला।
लीनता, स्त्री०, सकोच, लज्जा।
लीनत्त, नपु०, संकोच, लज्जा।
लीयति, क्रिया, सकोच करता है।
(लीयि, लीन, लीयमान, लीयित्वा)।
लीयन, नपु०, सकुचित होना, बिखरना।
लीला, स्त्री०, हाव-भाव।
लुज्जति, क्रिया, टूटता हुआ है, तोडा जाता है।
(लुज्जि, लुग्ग, लुज्जित्वा)।
लुज्जन, नपु०, गिरना।
लुञ्चति, क्रिया, लुचन करता है, बाल नोचता है।
(लुञ्चि, लुञ्चित, लुञ्चित्वा)।
लुत, कृदन्त, काटा।
लुत्त, कृदन्त, टूटा हुआ, कटा हुआ।
लुद्द, वि०, निर्दयी।
लुद्दक, पु०, शिकारी।
लुद्ध, कृदन्त, लोभी।
लुनाति, क्रिया, काटता है।
लुब्भति, क्रिया, लोभ करता है।
(लुब्भि, लुद्ध)।
लुब्भन, नपु०, लोभ, लोभ करना।
लुम्पति, क्रिया, लूटता है, टूटता है।
(लुम्पि, लुम्पित, लुम्पित्वा)।
लुम्पन, नपु०, लूटना।
लुम्बिनी, कपिलवस्तु तथा देवदह के मध्य स्थित लुम्बिनी नाम का उद्यान, जहाँ सिद्धार्थ गौतम (बुद्ध) का जन्म हुआ था।
लुळित, कृदन्त, हिलाया गया।
लूख, वि०, रूखा।
लूख-चीवर, वि०, मोटा - झोटा चीवर।
लूखता, स्त्री ०, रूक्षता, मोटा-झोटा-पन
लूखप्पसन्न, वि०, मोटा-झोटा पहनने वाले के प्रति श्रद्धावान।
लूण, लून, कृदन्त, काटा गया।
लेखक, पु०, लिपि-कारक।
लेखिका, स्त्री०, लिखने वाली।
लेखन, नपु०, लिखना।
लेखनी, स्त्री०, कलम।
लेखनी-मुख, नपु०, निब।
लेखा, स्त्री०, लेख, पत्र, (शिला-)लेख, रेखा, लकीर, लेखन-कला।
लेड्डु, पु०, मिट्टी का ढेला।
लेड्डु-पात, पु०, ढेला फेंक सकने की दूरी-भर।
लेण, नपु०, सरक्षण, गुफा।
लेप, पु०, लेप।
लेपन, नपु०, लेप करना।
लेपेति, क्रिया, लेप करता है।
(लेपेसि, लेपित, लित्त, लेपेन्त, लेपेत्वा)।
लेय्य, वि०, जो चाटा जा सके।
लेस, पु०, बहाना, लेश (-मात्र)।
लोक, पु०, दुनिया, लोग।
लोकग्ग, पु०, लोकाग्र, यानी बुद्ध।
लोकनायक, पु०, लोक-स्वामी, यानी बुद्ध।
लोकन्त, पु०, लोक का अन्त।
लोकन्तगू, पु०, लोक के अन्त को पहुँचा हुआ।

लोकन्तर, नपुं०, दूसरा लोक, अन्य लोक।
लोकन्तरिक, वि०, दो लोको के बीच स्थित।
लोक-निरोध, पु०, लोक-विनाश।
लोक-पाल, पु०, लोक-सरक्षक।
लोक-वज्ज, नपु०, दुनिया की दृष्टि मे दोष।
लोक-विवरण, नपु०, लोक-उद्घाटन।
लोक-वोहार, पु०, सामान्य व्यवहार।
लोकाधिपच्च, नपु०, लोकाधिपत्य, लोक पर अधिकार।
लोकानुकम्पा, स्त्री०, लोगो पर दया।
लोकायतिक, वि०, लोकायत-दृष्टि वाला, भौतिकवादी।
लोकिक, **लोकिय**, वि०, लौकिक, दुनियावी।
लोकुत्तर, वि०, लोकोत्तर।
लोचक, वि०, (बालो को) नोचने वाला, जड से उखाडने वाला।
लोचन, नपु०, आंख।
लोण, नपु०, निमक, वि०, नमकीन।
लोणकार, पु०, नमक बनाने वाला।
लोण-धूपन, नपु०, नमक से छौंकना।
लोण-सक्खरा, स्त्री०, नमक के छोटे-छोटे टुकडे।
लोणिक, वि०, क्षार।
लोप, पु०, लुप्त होना, काटना।
लोभ, पु०, लालच।
लोभनीय, वि०, लोभ करने योग्य।
लोभ-मूलक, वि०, जिसके मूल मे लोभ हो।
लोम, नपु०, बदन का बाल।
लोम-कूप, पु०, लोम-छिद्र।
लोम-हट्ठ, वि०, जिसे लोमहर्ष (बालो का सीधा खडा होना) हुआ हो।
लोम हस, पु० तथा नपु०, लोम हर्ष।
लोमस, वि०, बालो वाला।
लोमसकस्सप जातक, बदन पर बडे-बडे बाल होने के कारण तपस्वी का नाम लोमसकस्सप पडा (४३३)।
लोमस पाणक, पु०, झिनगा।
लोमहस जातक, आजीवक ने सभी प्रकार के काय-क्लेश सहन किये (९४)।
लोल जातक, कबूतर तथा लोभी कौवे की कथा (२७४)।
लोल, वि०, लोभी, चचल।
लोलता, स्त्री०, उत्सुकता, लोभ, चचलता।
लोलुप, वि०, लोभी, लालची।
लोलुप्प, नपु०, लोभ, लालच।
लोलेति, क्रिया, हिलाता है।
लोसक जातक, नेवासी भिक्षु आगन्तुक भिक्षु के प्रति ईर्षालु हो गया (४१)।
लोह, नपु०, तांबा, लोहा।
लोह-कटाह, पु०, लोहे का कडाहा।
लोहकार, पु०, लोहार।
लोह-कुम्भी, स्त्री०, गागर।
लोह-पिट्ठ, पु० तथा नपु०, सारस, बगुला।
लोह-पिण्ड, पु०, लोहे का गोला।
लोह जाल, नपु०, लोहे की जाली।
लोह-थालक, पु०, लोहे की थाली।
लोह-पासाद, (नाम) श्रीलका के अनुराधपुर का प्रसिद्ध विहार।
लोह-भण्ड, नपु०, लोहे का सामान।

लोह्-मासक, पु०, तांबे का सिक्का।

लोह्-सलाका, स्त्री०, लोहे की सलाई।

लोह्-कुम्भि जातक, पुरोहित के शिष्य ने यज्ञ मे वलि दिये जाने वाले पशुग्रो की जान वचाई (३१४)।

लोहित, नपु०, रक्त, वि०, रक्त वर्ण।

लोहितक्ख, वि०, लाल ग्रांखो वाला।

लोहित-चन्दन, नपु०, रक्त-वर्ण चन्दन।

लोहित-पक्खन्दिका, स्त्री०, रक्तातिसार।

लोहित-भक्ख, वि०, रक्त-भक्षक।

लोहितुप्पादक, पु०, बुद्ध के शरीर का रक्त बहाने वाला।

लोहितक, नपु०, लाल वर्ण मणि वि०, लाल वर्ण।

व

व, इव (जैसा) या एव(ही) का सक्षिप्त रूप।

वक, पु०, (वृक) भेडिया।

वक जातक, भेडिये ने वकरे को देखा। उसका भूठ-मूठ का व्रत उसी समय खण्डित हो गया (३००)।

वकुल, पु०, वृक्ष विशेप।

वक्क, नपु०, गुर्दा।

वक्कल, नपु०, वल्कल-चीर, पेड की छाल का वना वस्त्र।

वक्कली, वि०, वल्कल-चीर पहनने वाला।

वक्खति, क्रिया, कहेगा।

वग्ग, पु०, समूह, पुस्तक का परिच्छेद; वि०, भिन्न, पृथक्-पृथक्।

वग्ग-बन्धन, नपु०, वर्ग मे सगठित करना।

वग्गिय, वि०, (समास मे) वर्ग से सम्वन्धित।

वग्गु, वि०, प्रिय, मधुर।

वग्गु-वद, वि०, प्रिय-वद, मधुर भाषी।

वग्गुलि, पु० तथा स्त्री०, चिमगादड़।

वङ्क, वि०, टेढा, बेईमान; नपु०, (मछली पकडने का) कांटा।

वङ्क-घस्त, वि०, जो कांटा निगल गयी हो (मछली)।

वङ्कता, स्त्री०, टेढापन।

वङ्ग, पु०, वङ्ग-प्रदेश, वंगाल।

वच, पु० तथा नपु०, कहावत।

वचन, नपु०, शब्द, वाणी, व्याख्या।

वचन-कर, वि०, ग्राज्ञाकारी।

वचनक्खम, वि०, कहने के ग्रनुसार चलने वाला।

वचनत्थ, पु०, शब्द का ग्रर्थ।

वचनीय, वि०, कहने-सुनने योग्य।

वचन-पथ, पु०, वचन-मार्ग।

वचा, स्त्री०, वच नाम की ग्रोपधि।

वची, स्त्री०, भाषण, वाणी।

वची-कम्म, नपु०, वाणी का कर्म।

वची-गुत्त, वि०; वाणी का सयत।

वची-दुच्चरित, नपु०, वाणी का ग्रसयम।

वची-परम, वि०, बोलने मे बहादुर, वाणी का शूर।

वची-भेद, पु०, मुंह से निकले शब्द ।
वची-विञ्ञत्ति, स्त्री०, वाणी द्वारा सूचना ।
वची-सङ्खार, पु०, वाणी का संस्कार (चेतसिक) ।
वची-समाचार, पु०, शुभ वचन बोलना ।
वची-सुचरित, नपु०, वाणी का संयम ।
वच्च, नपु०, मल, गूह ।
वच्च-कुटि, स्त्री०, पाखाना ।
वच्च-कूप, पु०, पाखाना करने का कुएँ जैसा गड्ढा ।
वच्च-मग्ग, पु०, गुदा ।
वच्च-सोधक, पु०, भंगी ।
वच्छ, पु०, वत्स, बछड़ा ।
वच्छक, पु०, छोटा बछड़ा ।
वच्छगिद्धिनी, स्त्री०, बछड़े के लिए लालायित ।
वच्छतर, पु०, बड़ा बछड़ा ।
वच्छनख जातक, वच्छनख तपस्वी ने गृहस्थ-जीवन के दोष बताये (२३५) ।
वच्छर, नपु०, वत्सर, वर्ष ।
वच्छल, वि०, वत्सल, स्नेह-पात्र ।
वज, पु०, व्रज, पशुओं का बाड़ा ।
वजति, क्रिया, जाता है ।
(वजि, वजमान) ।
वजिर, नपु०, वज्र ।
वजिर-पाणी, पु०, शक्र ।
वजिर-हत्थ, पु०, इन्द्र ।
वज्ज, नपु०, वद्य (दोष), वाद्य (बाजा), वि०, वद्य (अकरणीय), वद्य (कथनीय) ।
वज्जनीय, वि०, वर्जनीय, न करने योग्य ।
वज्जन, नपु०, वर्जन, नहीं करना ।
वज्जिय, पू० क्रि०, छोड़कर, वर्जित करके ।
वज्जी, बुद्ध के समय के सोलह जनपदों में से एक वज्जी-जनपद ।
वज्जेति, क्रिया, मना करता है ।
(वज्जेसि, वज्जेतब्ब, वज्जेत्वा, वज्जेतु) ।
वज्झ, वि०, वध्य, मार डालने योग्य ।
वज्झप्पत्त, वि०, वध्य, प्राण-दण्ड दिया गया ।
वज्झ-भेरि, स्त्री०, प्राण-दण्ड की डौण्डी या मुनादी ।
वञ्चक, पु०, ठग ।
वञ्चन, नपु०, ठगी ।
वञ्चना, स्त्री०, ठगी ।
वञ्चनिक, वि०, ठग, ठगने वाला ।
वञ्चेति, क्रिया, ठगता है ।
(वञ्चेसि, वञ्चित, वञ्चेन्त, वञ्चेत्वा) ।
वञ्जु, पु०, अशोक वृक्ष ।
वञ्झ, वि०, वंध्या, बाँझ ।
वञ्झा, स्त्री०, बाँझ स्त्री ।
वट, पु०, वट-वृक्ष, बड़ का पेड़ ।
वटंसक, पु०, सिर के लिए पुष्प-माला ।
वटुम, नपु०, रास्ता, सड़क ।
वट्ट, वि०, गोल; नपु०, चक्कर, घेरा, जन्म-मरण का चक्कर, यान-व्यवस्था ।
वट्टक जातक, बटेर की सत्य-क्रिया से आग बुझी (३५) ।
वट्टक जातक, बटेर ने अपने-आपको भूखा रख मुक्ति पाई (११८) ।
वट्टक जातक, बटेर ने कौवे को अपने मोटापे का रहस्य बताया (३९४) ।

वट्टक जातक, देखो सम्मोदमान जातक।
वट्टका, स्त्री०, बटेर।
वट्टति क्रिया, घुमाना, उचित होना, वाजिब होना।
वट्टन, नपु०, घूमना।
वट्टि, वट्टिका, स्त्री०, बत्ती, किनारा।
वट्टुल, वि०, वर्तुल, गोलाकार।
वट्टेति, क्रिया, घूमता है, घुमाता है। (वट्टेसि, वट्टित, वट्टेत्वा)।
वट्ठ, कृदन्त, बरसा हुआ।
वठर, वि०, स्थूल, मोटा।
वड्ढ, वड्ढक, वि०, बढता हुआ।
वड्ढन, नपु०, वर्धन।
वड्ढनक, वि०, वर्द्धित होता हुआ, बढता हुआ।
वड्ढकी, पु०, बढई।
वड्ढकी, सूकर जातक, सूअरो ने शेर को मार डाला (२८३)।
वड्ढति, क्रिया, बढता है। (वड्ढि, वड्ढित, वड्ढन्त, वड्ढमान, वड्ढित्वा)।
वड्ढि, स्त्री०, वृद्धि, सूद।
वड्ढेति, क्रिया, बढाता है। (वड्ढेसि, वड्ढित, वड्ढेन्त, वड्ढेत्वा)।
वण, नपु०, व्रण, जख्म।
वण-चोळक, नपु०, जख्म पर बांधने की पट्टी।
वण-पटिकम्म, नपु०, जख्म की चिकित्सा।
वण-बन्धन, नपु०, जख्म के लिए पट्टी।
वणिज्जा, स्त्री०, वाणिज्य, व्योपार।
वणित, कृदन्त, व्रण-युक्त, जख्मी।
वणिप्पथ, पु०, व्योपार का देश।
वणिब्बक, पु०, दरिद्र, याचक।
वण्ट, वण्टक, नपु०, डंठल।
वण्टिक, वि०, डंठल वाला।
वण्ण, पु०, वर्ण, रंग, चमडी का रग।
वण्णक, नपु०, रग (कपडे रंगने का)।
वण्ण-कसिण, नपु०, चित्त की एकाग्रता का अभ्यास करने के लिए रगीन चक्कर।
वण्णद, वि०, वर्ण-दान करने वाला, सौन्दर्य प्रदान करने वाला।
वण्ण-धातु, स्त्री०, रग।
वण्ण-पोक्खरता, स्त्री०, वर्ण का निखार।
वण्णवन्तु, वि०, वर्णवान।
वण्णवादी, पु०, आत्म-प्रशसक।
वण्ण-सपन्न, वि०, वर्ण-युक्त, सुन्दर।
वण्ण-दासी, स्त्री०, वेश्या, नगर-वधू।
वण्णना, स्त्री०, व्याख्या।
वण्णनीय, वि०, प्रशसनीय।
वण्णारोह जातक, गीदड ने शेर और चीते मे मनमुटाव पैदा करने की कोशिश की (३६१)।
वण्णित, कृदन्त, व्याख्यात, प्रशंसित।
वण्णी, वि०, (समास मे) वर्ण का, शक्ल का।
वण्णु, स्त्री०, बालू, रेत।
वण्णु-पथ, पु०, बालू की जमीन।
वण्णुपथ जातक, सार्थवाह के अप्रमाद से सभी के प्राण बचे (२)।
वण्णेति, क्रिया, वर्णन करता है। (वण्णेसि, वण्णित, वण्णेन्त, वण्णेतब्ब, वण्णेत्वा)।
वत, अव्यय, निश्चय से, नपु०, व्रत।
वत-पद, नपु०, व्रत-पद।

वतवन्तु, वि०, व्रती ।
वत-समादान, नपु०, व्रत ग्रहण करना ।
वति (वतिका भी), स्त्री०, बाड, चारदीवारी ।
वतिक, वि०, (समास मे) अभ्यासी ।
वत्त, नपु०, कर्तव्य, सेवा-कार्य ।
वत्त-पटिवत्त, नपु०, सभी कर्तव्य ।
वत्त-सम्पन्न, वि०, कर्तव्य का पालन करने वाला ।
वत्तक, (वत्तेतु भी), पु०, वरतने वाला ।
वत्तति, क्रिया, घटित होता है । (वत्ति, वत्तित्वा, वत्तन्त, वत्तमान, वत्तितु, वत्तितब्ब) ।
वत्तन, नपु०, वर्तन, आचरण ।
वत्तना, स्त्री०, वर्तना, व्यवहार, आचरण ।
वत्तनी, स्त्री०, सडक, रास्ता ।
वत्तब्ब, कृदन्त, कहने योग्य ।
वत्तमान, वि०, विद्यमान, पु०, वर्तमान काल ।
वत्तमानक, वि०, विद्यमान ।
वत्तमाना, स्त्री०, वर्तमान काल ।
वत्तिका, स्त्री०, वत्ती ।
वत्तितब्ब, कृदन्त, जारी रखने योग्य ।
वत्ती, वि०, (समास मे) अभ्यासी ।
वत्तु, पु०, बोलने वाला ।
वत्तु, कहने को ।
वत्तेति, क्रिया, जारी रखता है । (वत्तेसि, वत्तित, वत्तेन्त, वत्तेत्वा, वत्तेतब्ब वत्तेतु) ।
वत्थ, नपु०, वस्त्र ।
वत्थ-गुय्ह, नपु०, गुह्य-स्थान ।
वत्थन्तर, नपु०, वस्त्र का नमूना ।
वत्थ-युग, नपु०, कपडो का जोडा ।
वत्थि, स्त्री०, वस्ति, मूत्राशय ।
वत्थि-कम्म, नपु०, वस्ति-क्रिया (पेट की सफाई ।
वत्थु, नपु०, वस्तु, स्थान, भूमि ।
वत्थुक, वि०, (समास मे) स्थानीय ।
वत्थु-कत, वि०, आधार-कृत ।
वत्थु-गाथा, स्त्री०, भूमिका के पद ।
वत्थु-देवता, स्त्री०, स्थानीय देवता ।
वत्थु-विज्जा, स्त्री०, गृहनिर्माण शिल्प ।
वत्थु-विसद-किरिया, स्त्री०, महत्त्वपूर्ण भाग की शुद्धि ।
वत्वा, पूर्व० क्रिया, कहकर ।
वदञ्ञू, वि०, उदार ।
वदञ्ञुता, स्त्री०, उदारता ।
वदति, क्रिया, बोलता है । (वदि, वुत्त, वदन्त, वदमान, वत्तब्ब, वत्वा, वदित्वा) ।
वदन, नपु०, चेहरा, वाणी ।
वदानिय, वि०, त्यागी, दान-वीर, उदार ।
वदापन, नपु०, बुलवाना ।
वदापेति, क्रिया, बुलवाता है, कहलवाता है ।
वदेति, क्रिया, कहता है ।
वद्दलिका, स्त्री०, घने बादल ।
वद्धापचायन, नपु०, बडो का सम्मान ।
वध, पु०, दण्ड, प्राण-दण्ड ।
वधक, पु०, जल्लाद ।
वधुका, स्त्री०, तरुण पत्नी, पुत्र-वधू ।
वधू, स्त्री०, औरत, पत्नी ।
वधेति, क्रिया, जान से मार डालता है, चिढाता है, कष्ट पहुंचाता है ।

(ववत्थेसि, ववत्यित, ववत्येत्वा) ।
वस, पु०, अधिकार, प्रभाव।
वसग, (वसङ्गत भी), वि०, जो किसी के अधिकार मे हो ।
वसवत्तक, (वसवत्ती भी), वि०, शक्तिशाली प्रभावशाली ।
वसवत्तन, नपु०, वशवर्ती होना ।
वसानुग, (वसानुवत्ती भी), वि०, आज्ञाकारी ।
वसति, क्रिया, वास करता है ।
(वसि वुत्थ, वुसित, वसन्त, वसमान, वसित्वा, वसितब्ब) ।
वसन, नपु०, वस्त्र, रहना, रहने का स्थान ।
वसनक, वि०, रहते हुए ।
वसनट्ठान, नपु०, वास-स्थान ।
वसन्त, पु०, वसन्त-ऋतु ।
वसल, पु०, वृषल, अन्त्यज ।
वसवत्ती, पु०, वशवर्ती मार ।
वसा, स्त्री०, चर्बी ।
वसापेति, क्रिया, वसाता है ।
(वसापेसि, वसापित, वसापेत्वा) ।
वसिता, स्त्री०, वश मे होना, दक्षता ।
वसितु, रहने के लिए ।
वसिप्पत्त, वि०, जिसने वश मे कर लिया ।
वसी, वि०, वश वाला, शक्तिशाली ।
वसीकत, वि०, वशीकृत ।
वसीभाव, पु०, वश मे होना ।
वसीभूत, वि०, वश मे हुआ ।
वसु, नपु०, धन ।
वसुधा, वसुन्धरा, वसुमति, स्त्री०, पृथ्वी ।
वस्स, नपु० तथा पु०, वर्ष, साल, वर्षा ।
वस्स-काल, पु०, वर्षाकाल ।
वस्सग्ग, नपु०, भिक्षुओ का ज्येष्ठपन ।
वस्सवर, पु०, नपुंसक ।
वस्सति, क्रिया, बरसता है, आवाज निकालता है ।
(वस्सि, वस्सित, वुत्थ, वस्सन्त, वस्सित्वा) ।
वस्सन, नपु०, बरसना, जानवर की आवाज ।
वस्सावटिका, भिक्षुओ का वर्षा-कालीन अतिरिक्त वस्त्र ।
वस्सान, पु०, वर्षा ऋतु ।
वस्सापनक, वि०, बरसाने वाला ।
वस्सापेति, क्रिया, बरसाता है ।
(वस्सापेसि, वस्सापित, वस्सापेत्वा) ।
वस्सिक, वि०, वर्षा ऋतु सम्बन्धी, वर्ष मे सम्बन्धित ।
वास्सिका, स्त्री०, चमेली ।
वस्सित, कृदन्त, भीगा हुआ ।
वहति, क्रिया, धारण करता है, सहन करता है, वहता है ।
(वहि, वहित, वहन्त, वहित्वा, वहितब्ब) ।
वहन, नपु०, ढोना, ले जाना, वहना ।
वहनक, वि०, लाता हुआ ।
वहितु, पु०, धारण करने वाला, ले जाने वाला, सहन करने वाला ।
वळवा, स्त्री०, घोडी ।
वळवा-मुख, नपुं०, समुद्र के भीतर की आग ।
वंस, पु०, जाति, नस्ल, वंश-परम्परा, बांस, बांस की मुरली, (नाम) कोसल जनपद के दक्षिण का प्रदेश । यमुना नदी के किनारे स्थित कोसम्बी इसकी राजधानी थी ।

वंस-कळीर, पु०, बाँस की कोपल।
वंसज, वि०, वश-विशेष मे उत्पन्न।
वंस-वण्ण, पु०, वैडूर्य, बहुमूल्य नीला रत्न।
वंसागत, वि०, वश-परम्परा से प्राप्त।
वंसानुपालक, वि०, वश-परम्परा का रक्षक।
वंसिक, वि०, वश सम्बन्धी।
वा, अव्यय, या, अथवा।
वाक, नपु०, पेड की छाल।
वाक-चीर, नपु०, वल्कल-चीर।
वाकमय, वि०, वल्कल-छाल निर्मित।
वाकरा, (**वागुरा भी**), स्त्री०, हिरण पकड़ने का जाल।
वाक-करण, नपु०, बात-चीत।
वाक्य, नपु०, शब्दो का सार्थक समूह, फिकरा।
वागुरिक, पु०, जाल का उपयोग करने वाला।
वाचक, पु०, शिक्षक अथवा पाठक।
वाचनक, नपु०, पाठ।
वाचना-मग्ग, पु०, पाठ करने की पद्धति।
वाचसिक, वि०, वाणी से सम्बन्धित।
वाचा, स्त्री०, शब्द, वाणी।
वाचानुरक्खी, वि०, वाणी का सयमी।
वाचाल, वि०, व्यर्थ बातचीत करने वाला, बकवासी।
वाचुग्गत, वि०, कण्ठस्थ।
वाचेति, क्रिया, पढ़ता है, पढाता है, पाठ करता है।
(**वाचेसि**, **वाचित**, **वाचेन्त**, **वाचेतब्ब**, **वाचेत्वा**)।
वाचेतु, पु०, पढ़ने वाला या पढाने वाला।
वाज, पु०, तीर का पख, पेय-पदार्थ विशेष।
वाजपेय्य, नपु०, यज्ञ-विशेष।
वाजी, पु०, घोडा।
वाट, (**वाटक भी**), पु०, घेरा।
वाणिज, (**वाणिजक भी**), पु०, व्यापारी।
वाणिज्ज, नपु०, व्यापार।
वाणी, स्त्री०, शब्द।
वात, पु०, हवा।
वात-घातक, पु०, वृक्ष-विशेष।
वात-जव, वि०, वायु-वेग।
वातपान, नपु०, खिडकी, झरोखा।
वात-मण्डलिका, स्त्री०, झझावात।
वात-रोग, पु०, वातज रोग।
वाताबाध, पु०, वायु के कारण उत्पन्न बीमारी।
वात-वुट्ठि, स्त्री०, हवा तथा वर्षा।
वात-वेग, पु०, वायु का जोर।
वातग्ग-सिन्धव जातक, गधी ने अपने प्रेम-पात्र घोडे को लतियाया और बाद मे उसके वियोग से मर गई (२६६)।
वातमिग जातक, वातमिग रस-तृष्णा के कारण पकड लिया गया (१४)।
वातातप, पु०, हवा तथा धूप।
वाताभिहत, वि०, वायु से हिलाया हुआ, वायु-ताडित।
वातायन, नपु०, झरोखा।
वाताहत, वि०, वायु द्वारा लाया गया।
वाति, क्रिया, बहता है, चलता है।
वातिक, वि०, वायु से सम्बन्धित।
वातेरित, वि०, वायु-सञ्चालित।

(वधेसि, वधेन्त, वधित्वा) ।
वन, नपु०, जगल ।
वन-कम्मिक, पु०, जगल मे लकडी लाने वाला ।
वन-गहन, नपु०, घना जगल ।
वन-गुम्ब, पु०, घने पेड ।
वन-चर, वि०, वनवासी ।
वन-चरक, वि०, वन मे रहने वाला ।
वन-चारी, त्रि० वन मे विचरने वाला ।
वनथ, पु०, तृष्णा ।
वन-दुग्ग, नपु०, कान्तार ।
वन-देवता, स्त्री०, वन का देवता ।
वनप्पति, बिना फूलो के फल देने वाला वृक्ष ।
वनप्पथ, नपु०, जगल मे दूर की जगह ।
वनवास, दक्षिण मे सम्भवन उत्तर-कन्नड (जिला) । तीसरी सगीति के बाद रक्खित स्थविर को वही धर्म-प्रचारार्थ भेजा गया था ।
वनवासी, वि०, जगल मे रहने वाला ।
वन-सण्ड, पु०, वन-खण्ड ।
वनिक, वि०, (समास मे) वन-सम्बन्धी ।
वनिता, स्त्री०, नारी ।
वनिब्बक, पु०, भिखारी ।
वन्त, कृदन्त, वमन किया गया, परित्यक्त ।
वन्त-कसाव, वि०, दोप-विरहित ।
वन्त-मल, वि०, निर्मल ।
वन्दक, वि०, वन्दना करने वाला ।
वन्दति, क्रिया, वन्दना करता है, नमस्कार करता है ।
(वन्दि, वन्दित, वन्दन्त, वन्दमान, वन्दितब्ब, वन्दित्वा, वन्दिय) ।
वन्दन, नपु०, नमस्कार ।
वन्दना, स्त्री०, नमस्कार ।
वन्दापन, नपु०, वदना कराना ।
वन्दापेति, क्रिया, वदना कराता है ।
(वन्दापेसि, वन्दापित, वन्दापेत्वा) ।
वपति, क्रिया, बोता है, मुण्डन करता है ।
(वपि, वपित, वुत्त, वपन्त, वपित्वा) ।
वपन, नपु०, बोना ।
वपु, नपु०, शरीर ।
वप्प, पु०, बोना, मास-विशेष ।
वप्प-काल, पु०, बीज बोने का समय ।
वप्प-मङ्गल, नपु०, हल चलाने का उत्सव ।
वप्प थेर, पचवर्गीय स्थविरो मे से एक ।
वमति, क्रिया, वमन करता है ।
(वमि, वन्त, वमित, वमित्वा) ।
वमथु, पु०, वमन, वमित पदार्थ ।
वम्भन, पु०, घृणा ।
वम्भी, पु०, घृणा करने वाला ।
वम्भेति, क्रिया, घृणा करता है ।
(वम्भेसि, वम्भित, वम्भिन्त, वम्भेत्वा) ।
वम्म, नपु०, कवच ।
वम्मी, पु०, कवचधारी ।
वम्मिक, पु०, दीमक की बाँबी ।
वम्मित, कृदन्त, कवच धारण किया ।
वम्मेति, क्रिया, कवच धारण करता है ।
(वम्मेसि, वम्मित्वा) ।
वय, पु० तथा नपुं०, आयु, हानि, खर्च ।

वय-करण, नपुं०, खर्च ।
वय-कल्याण, नपु०, तरुणाई का आकर्षण ।
वयट्ठ, वि०, प्रौढ़ होना ।
वयप्पत्त, वि०, आयु-प्राप्त, विवाह करने के योग्य ।
वयस्स, पु०, मित्र ।
वयोवुद्ध, वि०, वयोवृद्ध ।
वयोहर, वि०, आयु का हरण ।
वय्ह, नपु०, वाहन, गाडी
वर, वि०, श्रेष्ठ, पु०, वरदान ।
वरङ्गना, स्त्री०, वरागना, विदुषी ।
वरद, वि०, वर देने वाला ।
वरदान, नपु०, वर का देना ।
वर-पञ्ञ, वि०, श्रेष्ठ-प्रज्ञ ।
वर-लक्खण, नपु०, श्रेष्ठ चिह्न ।
वरक, पु०, धान्य-विशेष ।
वरण, पु०, वृक्ष-विशेष ।
वरण जातक, आलसी लडका जलाने के लिये गीली लकडी ले आया, जिसके कारण आग न जल सकी (७१) ।
वरत्ता, स्त्री०, चमडे की पट्टी ।
वराक, वि०, बेचारी या बेचारा, दया करने लायक ।
वरारोहा, स्त्री०, सुन्दर स्त्री ।
वराह, पु०, सुअर ।
वराही, स्त्री०, सुअरी ।
वलञ्ज, नपु०, मार्ग, उपयोग, मलत्याग ।
वलञ्जनक, वि०, उपयोग मे लाने योग्य ।
वलञ्जियमान, वि०, उपयोगी ।
वलञ्जेति, क्रिया, मार्ग चलता है, उपयोग मे लाता है, खर्च करता है । (**वलञ्जेसि**, **वलञ्जित**, **वलञ्जेन्त**, **वलञ्जेत्वा**, **वलञ्जेतब्ब**) ।
वलय, नपु०, कगन ।
वलयाकार, वि०, गोलाकार ।
वलाहक, पु०, बादल ।
वलाहस्स जातक, वलाहक अश्व ने दो सौ पचास व्यापारियो की रक्षा की (१९६) ।
वलि, स्त्री०, झुर्री ।
वलिक, वि०, जिसके बदन पर झुरियाँ पडी हो ।
वलित, कृदन्त, झुर्री पडा हुआ ।
वलि-त्तच, वि०, झुर्री पडी चमडी ।
वलिर, वि०, ऐंची आँख वाला ।
वली, वि०, झुरियो वाला ।
वलीमुख, पु०, बन्दर, जिसके चेहरे पर झुरियाँ पडी हो ।
वल्लकी, स्त्री०, सारङ्गी, वीणा ।
वल्लभ, वि०, प्रिय ।
वल्लभत्त, नपु०, प्रिय होना ।
वल्लरी, स्त्री०, गुच्छा ।
वल्लि-हारक, पु०, लताओ का सग्राहक ।
वल्लिभ, पु०, कद्दू ।
वल्ली, स्त्री०, लता ।
वल्लूर, नपु०, सूखी मछली ।
ववत्थपेति, क्रिया, व्यवस्था करता है, निश्चित करता है, तै करता है । (**ववत्थपेसि**, **ववत्थापित**, **ववत्थपेत्वा**) ।
ववत्थापन, नपु०, स्थिर करना, निश्चित करना ।
ववत्थेति, क्रिया, विश्लेषण करता है ।

(ववत्थेसि, ववत्थित, ववत्थेत्वा)।
वस, पु०, अधिकार, प्रभाव।
वसग, (वसङ्गत भी), वि०, जो किसी के अधिकार मे हो।
वसवत्तक, (वसवत्ती भी), वि०, शक्तिशाली प्रभावशाली।
वसवत्तन, नपु०, वशवर्ती होना।
वसानुग, (वसानुवत्ती भी), वि०, आज्ञाकारी।
वसति, क्रिया, वास करता है।
(वसि वुत्थ, वुसित, वसन्त, वसमान, वसित्वा, वसितब्ब)।
वसन, नपु०, वस्त्र, रहना, रहने का स्थान।
वसनक, वि०, रहते हुए।
वसनट्ठान, नपु०, वास-स्थान।
वसन्त, पु०, वसन्त-ऋतु।
वसल, पु०, वृषल, अन्त्यज।
वसवत्ती, पु०, वशवर्ती मार।
वसा, स्त्री०, चर्बी।
वसापेति, क्रिया, वसाता है।
(वसापेसि, वसापित, वसापेत्वा)।
वसिता, स्त्री०, वश मे होना, दक्षता।
वसितु, रहने के लिए।
वसिप्पत्त, वि०, जिसने वश में कर लिया।
वसी, वि०, वश वाला, शक्तिशाली।
वसीकत, वि०, वशीकृत।
वसीभाव, पु०, वश मे होना।
वसीभूत, वि०, वश मे हुआ।
वसु, नपु०, धन।
वसुधा, वसुन्धरा, वसुमति, स्त्री०, पृथ्वी।
वस्स, नपु० तथा पु०, वर्ष, साल, वर्षा।
वस्स-काल, पु०, वर्षाकाल।
वस्सग्ग, नपु०, भिक्षुओ का ज्येष्ठपन।
वस्सवर, पु०, नपुंसक।
वस्सति, क्रिया, बरसता है, आवाज निकालता है।
(वस्सि, वस्सित, वुत्थ, वस्सन्त, वस्सित्वा)।
वस्सन, नपु०, बरसना, जानवर की आवाज।
वस्सिकसाटिका, भिक्षुओ का वर्षा-कालीन अतिरिक्त वस्त्र।
वस्सान, पु०, वर्षा ऋतु।
वस्सापनक, वि०, बरसाने वाला।
वस्सापेति, क्रिया, बरसाता है।
(वस्सापेसि, वस्सापित, वस्सापेत्वा)।
वस्सिक, वि०, वर्षा ऋतु सम्बन्धी, वर्ष मे सम्बन्धित।
वस्सिका, स्त्री०, चमेली।
वस्सित, कृदन्त, भीगा हुआ।
वहति, क्रिया, धारण करता है, सहन करता है, बहता है।
(वहि, वहित, वहन्त, वहित्वा, वहितब्ब)।
वहन, नपु०, ढोना, ले जाना, बहना।
वहनक, वि०, लाता हुआ।
वहितु, पु०, धारण करने वाला, ले जाने वाला, सहन करने वाला।
वळवा, स्त्री०, घोडी।
वळवा-मुख, नपु०, समुद्र के भीतर की आग।
वंस, पु०, जाति, नस्ल, वंश-परम्परा, बांस, बांस की मुरली, (नाम) कोसल जनपद के दक्षिण का प्रदेश। यमुना नदी के किनारे स्थित कोसम्बी इसकी राजधानी थी।

वंस-कळीर, पु०, बांस की कोपल।
वसज, वि०, वश-विशेष मे उत्पन्न।
वस-वण्ण, पु०, वैडूर्य, बहुमूल्य नीला रत्न।
वसागत, वि०, वश-परम्परा से प्राप्त।
वसानुपालक, वि०, वश-परम्परा का रक्षक।
वसिक, वि०, वश सम्बन्धी।
वा, अव्यय, या, अथवा।
वाक, नपु०, पेड की छाल।
वाक-चीर, नपु०, वल्कल-चीर।
वाकमय, वि०, वल्कल-छाल निर्मित।
वाकरा, (वागुरा भी), स्त्री०, हिरण पकडने का जाल।
वाक-करण, नपु०, वात-चीत।
वाक्य, नपु०, शब्दो का सार्थक समूह, फिकरा।
वागुरिक, पु०, जाल का उपयोग करने वाला।
वाचक, पु०, शिक्षक अथवा पाठक।
वाचनक, नपु०, पाठ।
वाचना-मग्ग, पु०, पाठ करने की पद्धति।
वाचसिक, वि०, वाणी से सम्बन्धित।
वाचा, स्त्री०, शब्द, वाणी।
वाचानुरक्खी, वि०, वाणी का सयमी।
वाचाल, वि०, व्यर्थ बातचीत करने वाला, बकवासी।
वाचुग्गत, वि०, कण्ठस्थ।
वाचेति, क्रिया, पढता है, पढाता है, पाठ करता है।
(वाचेसि, वाचित, वाचेन्त, वाचेतब्ब, वाचेत्वा)।
वाचेतु, पु०, पढ़ने वाला या पढाने वाला।
वाज, पु०, तीर का पख, पेय-पदार्थ विशेष।
वाजपेय्य, नपु०, यज्ञ-विशेष।
वाजी, पु०, घोडा।
वाट, (वाटक भी), पु०, घेरा।
वाणिज, (वाणिजक भी), पु०, व्यापारी।
वाणिज्ज, नपु०, व्यापार।
वाणी, स्त्री०, शब्द।
वात, पु०, हवा।
वात-घातक, पु०, वृक्ष-विशेष।
वात-जव, वि०, वायु-वेग।
वातपान, नपु०, खिडकी, झरोखा।
वात-मण्डलिका, स्त्री०, झझावात।
वात-रोग, पु०, वातज रोग।
वाताबाध, पु०, वायु के कारण उत्पन्न बीमारी।
वात-वुट्ठि, स्त्री०, हवा तथा वर्षा।
वात-वेग, पु०, वायु का जोर।
वातग्ग-सिन्धव जातक, गधी ने अपने प्रेम-पात्र घोडे को लतियाया और बाद मे उसके वियोग से मर गई (२६६)।
वातमिग जातक, वातमिग रस-तृष्णा के कारण पकड लिया गया (१४)।
वातातप, पु०, हवा तथा धूप।
वाताभिहत, वि०, वायु मे हिलाया हुआ, वायु-ताडित।
वातायन, नपु०, झरोखा।
वाताहत, वि०, वायु द्वारा लाया गया।
वाति, क्रिया, बहता है, चलता है।
वातिक, वि०, वायु से सम्बन्धित।
वातेरित, वि०, वायु-सञ्चालित।

वाद, पु०, सिद्धान्त ।

वाद-काम, वि०, वाद-विवाद का इच्छुक, शास्त्रार्थ-कामी ।

वादक्खित्त, वि०, वाद-विवाद में उखड़ा हुआ ।

वाद-पथ, पु०, वाद-विवाद का कारण, वाद-विवाद का आधार ।

वादक, पु०, किसी वाद्य-यन्त्र को वजाने वाला ।

वादित्त, नपु०, वजाना ।

वादी, पु०, मत-विशेष की स्थापना करने वाला ।

वादेति, क्रिया, वाद्य-यन्त्र को वजाता है ।

वान, नपु०, तृष्णा, चारपाई का बुनना ।

वानर, पु०, बन्दर ।

वानर जातक, बन्दर ने मगरमच्छ को बेवकूफ बनाया (३४२) ।

वान ी, स्त्री०, बन्दरी ।

वानरिन्द, पु०, बन्दरों का राजा ।

वानरिन्द जातक, बन्दर ने मगरमच्छ को छकाया (५७) ।

वापी, स्त्री०, तालाब, पुष्करणी ।

वापित, कृदन्त, बोया गया ।

वाम, वि०, बायाँ ।

वाम-पस्स, नपुं०, बाईं ओर ।

वामन, पु०, बौना; वि०, बौना ।

वामनक, वि०, बौना ।

वाय, पु० तथा नपु०, बुनना ।

वायति, क्रिया, बहता है, चलता है, सुगन्धि फैलाता है ।
(**वायि**, **वायन्त**, **वायमान**, **वायित्वा**) ।

वायति, क्रिया, (कपड़ा) बुनता है ।

वायन, नपु०, (हवा का) चलना, सुगन्धि का फैलना ।

वायन-दण्डक, पु०, करघा ।

वायमति, क्रिया, प्रयास करता है, कोशिश करता है ।
(**वायमि**, **वायमन्त**, **वायमित्वा**) ।

वायस, पु०, कौवा ।

वायसारि, नपु०, उल्लू ।

वायाम, पु०, प्रयास, प्रयत्न ।

वायित, कृदन्त, बुना गया, (हवा) चला हुआ ।

वायिम, वि०, बुना हुआ ।

वायेति, क्रिया, बुनवाता है ।

वायु, नपु०, हवा ।

वायो, समास मे वायु का ही रूपान्तर ।

वायो-कसिण, नपु०, चित्तेकाग्रता के लिए 'वायु' को ध्यान का विषय बनाना ।

वायो-धातु, स्त्री०, वायु-तत्त्व ।

वार, पु०, बारी, मौका ।

वारक, पु०, मटका, बड़ा वर्तन ।

वारण, पु०, हाथी, बाज़ की एक जाति, नपुं०, वारना, रोकना, हटाना ।

वारि, नपु०, जल ।

वारि-गोचर, वि०, पानी मे रहने वाला ।

वारिज, वि०, पानी मे उत्पन्न, पु०, मछली, नपु०, कमल ।

वारिद, **वारिधर**, **वारिवाह**, पु०, बादल ।

वारि-मग्ग, पु०, नाली ।

वारित, कृदन्त, हटाया गया, रोका गया ।

वारित्त, नपु०, न करना, न करने योग्य कार्य ।
वारियमान, वि०, रोका जाता हुआ, बाधा डाली जाती हुई, मना किया जाता हुआ ।
वारुणी, स्त्री०, शराब ।
वारुणी जातक, शिष्य ने शराब मे नमक मिलाया (४७) ।
वारेति, क्रिया, मना करता है, बाधा डालता है, रोकता है ।
(वारेसि, वारेन्त, वारियमान, वारेतब्ब, वारेत्वा) ।
वाल, पु०, पूँछ के बाल, वि०, भयानक, ईर्षालु ।
वाल-कम्बल, नपु०, (घोडे के) बालो का कम्बल ।
वालग्ग, नपु०, बाल का सिरा ।
वालण्डुपक, पु० तथा नपु०, घोडे के बालो की बनी कूँची या ब्रश ।
वाल-बीजनी, स्त्री०, चँवरी ।
वाल-वेधी, पु०, बाल को बींध सकने वाला धनुर्धारी ।
वालधी, पु०, पूँछ ।
वालिका, (वालुका भी), स्त्री०, बालू ।
वालुका-कन्तार, पु०, बालू का रेगिस्तान ।
वालुका-कुब्ज, पु०, बालू का ढेर ।
वालुका-पुलिन, नपु०, बालू-तट ।
वालोदक जातक, घोडो और गदहो को अंगूरी पिलाये जाने की कथा (१८३) ।
वास, पु०, रहना, प्रवास, वस्त्र, सुगन्धि ।
वास-चुण्ण, नपु०, सुगन्धित चूर्ण ।
वासट्ठान, नपु०, रहने का स्थान ।
वासन, नपु०, सुगन्धित करना, बसाना ।
वासना, स्त्री०, पूर्व-सस्कार, पूर्व-स्मृति ।
वास-योग, पु०, स्नान-चूर्ण ।
वासर, पु०, दिन ।
वासव, पु०, इन्द्र ।
वासि, स्त्री०, (बढई का) बसूला या बसूली ।
वासि-जट, नपु०, बसूले की मूठ ।
वासि-फल, नपु०, बसूले का लोह-अंश ।
वासिक, (वासी भी), पु०, (समास मे) रहने वाला ।
वासितक, नपु०, सुगन्धित चूर्ण ।
वासेति, क्रिया, बसाता है, (सुगन्धि) बसाता है ।
(वासेसि, वासित, वासेत्वा) ।
वाह, वि०, ले जाता हुआ, मार्ग दिखाता हुआ, पु०, नेता, गाडी, गाडी का भार, माल ढोने वाला पशु, जल-धारा ।
वाहक, पु०, भार ढोने या ले जाने वाला ।
वाहन, नपु०, गाडी ।
वाहसा, अव्यय, कारण से ।
वाहिनी, स्त्री०, सेना, नदी ।
वाही, वि०, ले जाता हुआ ।
वाहेति, क्रिया, ले जाता है ।
विकच, वि०, विकसित हुआ, खिला हुआ ।
विकट, वि०, परिवर्तित, बदला हुआ, नपु०, गदगी ।
विकण्णक जातक, राजा को जब यह

मालूम हुआ कि मछलियां और कछवे उसके संगीत पर मोहित हैं, तो उसने उनको रोज खाना खिलाये जाने की व्यवस्था की (२३३)।

विकति, स्त्री०, विकृति, प्रकार, किस्म।

विकतिक, वि०, नाना आकार-प्रकार के।

विकत्थक, (विकत्थी भी),, पु०, शेखी बघारने वाला।

विकत्थति, क्रिया, शेखी बघारता है। (विकत्थि, विकत्थित, विकत्थित्वा)।

विकत्थन, नपु०, शेखी बघारना।

विकन्तति, क्रिया, काटता है। (विकन्ति, विकन्तित, विकन्तित्वा)।

विकन्तन, नपु०, काटना, काटने का चाकू।

विकप्प, पु०, विचार, विकल्प, अनिश्चय।

विकप्पन, नपु०, अस्थिरता।

विकप्पेति, क्रिया, सकल्प करता है, व्यवस्था करता है, इरादा करता है, परिवर्तित करता है। (विकप्पेसि, विकप्पित, विकप्पेन्त, विकप्पेत्वा)।

विकम्पति, क्रिया, कांपता है। (विकम्पि, विकम्पित, विकम्पित्वा, विकम्पमान)।

विकम्पन, नपु०, कांपना।

विकरोति, क्रिया, परिवर्तन करता है। (विकरि, विकत)।

विकल, वि०, सदोष, अभाव पूर्ण।

विकलक, वि०, जो अभावपूर्ण हो, जो कम हो।

विकसति, क्रिया, विकसित होता है। (विकसि, विकसित, विकसित्वा)।

विकार, पु० परिवर्तन, तब्दीली, विकृति।

विकाल, पु०, अनुचित समय, मध्याह्नोत्तर तथा रात्रि।

विकाल-भोजन, नपु०, मध्याह्नोत्तर तथा रात्रि का भोजन।

विकास, पु०, फैलाव।

विकासेति, क्रिया, चमकता है, विकसित करता है। (विकासेसि, विकासित, विकासेत्वा)।

विकिण्ण, कृदन्त, विकीर्ण, बिखेरा हुआ।

विकेसिक, वि०, बिखरे हुए बाल वाला।

विकिरण, नपु०, बिखरा हुआ।

विकिरति, क्रिया, बिखेरता है, छिड़कता है, फैलाता है। (विकिरि, विकिरन्त, विकिरमान, विकिरित्वा)।

विकिरीयति, क्रिया, बिखेरा जाता है।

विकुणित, कृदन्त, विकृत।

विकुब्बति, क्रिया, परिवर्तन करता है, प्रातिहार्य (=करिश्मे) करता है। (विकुब्बि, विकुब्बित)।

विकुब्बन, नपु०, ऋद्धि-बल का प्रदर्शन।

विकूजति, क्रिया, कूजता है, शब्द करता है, चहचहाता है। (विकूजि, विकूजित)।

विकूजन, नपु०, पक्षियों का कूजना, चहचहाना।

विकूल, वि०, ढलान।

विकोपन, नपु०, कुपित करना, हानि पहुंचाना।

विकोपेति, क्रिया, कुपित करता है, हानि पहुँचाता है।
(**विकोपेसि, विकोपित, विकोपेत्वा, विकोपेन्त**)।

विक्कन्त, नपुं०, विक्रान्त-भाव, वीरता।

विक्कन्दति, क्रिया, चिल्लाता है, चीखता है।

विक्कम, पु०, विक्रम, शक्ति।

विक्कमन, नपु०, प्रयास, गमन।

विक्कय, पु०, बिक्री।

विक्कय-भण्ड, नपु०, बिक्री का सामान।

विक्कयिक, (**विक्केतु** भी), पु०, बिक्री करने वाला।

विक्किणाति, क्रिया, बेचता है।
(**विक्किणि, विक्किणित, विक्किणीत, विक्किणन्त, विक्किणित्वा, विक्किणितुं**)।

विक्खम्भ, पु०, व्यास, गोलाकार के एक सिरे से दूसरे सिरे तक मध्य-बिन्दु में से होकर गुजरती हुई रेखा।

विक्खम्भन, नपु०, रोकना, त्यागना, मथना, दबाना।

विक्खम्भेति, क्रिया, त्यागता है, दबाता है, दूर करता है।
(**विक्खम्भित, विक्खम्भेन्त, विक्खम्भेत्वा**)।

विक्खालेति, क्रिया, धोता है।
(**विक्खालेसि, विक्खालित, विक्खालेत्वा**)।

विक्खित्त, कृदन्त, विक्षिप्त।

विक्खित्त-चित्त, वि०, अस्वस्थ-चित्त, पागल।

विक्खित्तक, वि०, सर्वत्र बिखरा हुआ; नपु०, सर्वत्र बिखरा हुआ मनक शरीर।

विक्खिपति, क्रिया, विक्षेप उत्पन्न करता है।
(**विक्खिपि, विक्खिपन्त, विक्खिपित्वा**)।

विक्खिपन, नपु०, गड़बड़ी।

विक्खेप, पु०, विक्षेप, गड़बड़ी।

विक्खेपक, वि०, गड़बड़ी उत्पन्न करने वाला।

विक्खोभन, नपु०, विक्षोभ, गड़बड़ी।

विक्खोभेति, क्रिया, हिलाता-डुलाता है, क्षुब्ध करता है।
(**विक्खोभेसि, विक्खोभित, विक्खोभेत्वा**)।

विगच्छति, क्रिया, विदा होता है।
(**विगच्छि, विगच्छन्त, विगच्छमान**)।

विगत, कृदन्त, चला गया, विरहित हो गया।

विगत-खिल, वि०, दोष-रहित।

विगत-रज, वि०, रज-रहित।

विगास, वि०, तृष्णा-रहित।

विगासव, वि०, चित्तमैल-रहित, अर्हत्।

विगम, पु०, विदा, प्रस्थान।

विगमन, नपु०, विदा, प्रस्थान।

विगय्ह, पूर्व० क्रिया, प्रविष्ट होकर, गोता लगाकर।

विगरहति, क्रिया, निन्दा करता है, गाली देता है।
(**विगरहि, विगरहित्वा**)।

विगलित, कृदन्त, स्थान से च्युत, पतित।

विगाहति, क्रिया, प्रविष्ट होता है; डुबकी लगाता है।
(विगाहि, विगाळ्ह, विगाहमान, विगाहित्वा, विगाहेत्वा, विगाहितुं)।
विगाहन, नपु०, डुबकी मारना, प्रविष्ट होना।
विगय्ह, पूर्व० क्रिया, विग्रह करके, विश्लेषण करके।
विग्गह, पु०, झगड़ा, विवाद, शरीर, शब्द-व्युत्पत्ति।
विग्गाहिक-कथा, स्त्री०, झगड़े की बातचीत।
विघट्टन, नपु०, प्रहार देना।
विघाटन, नपु०, उद्घाटन, विवृत करना, ढीला करना।
विघाटेति, क्रिया, खोलता है, तोड़ता है।
(विघाटेसि, विघाटित, विघाटेन्त, विघाटेत्वा)।
विघात, पु०, विनाश, दुरवस्था, विक्षेप।
विघातेति, क्रिया, हत्या करता है, नष्ट करता है।
(विघातेसि, विघातित, विघातेत्वा)।
विघास, पु०, बचा हुआ भोजन।
विघासाद, पु०, अवशिष्ट भोजन खाने वाला।
विघास जातक, तपस्वी ने तपस्वी-जीवन का स्वरूप स्पष्ट किया (३९३)।
विचक्खण, वि०, विचक्षण, चतुर, पु०, बुद्धिमान् आदमी।
विचय, पु०, (धर्म-)विवेचन, धर्म-विचार।
विचरण, नपु०, विचरना, घूमना, आना-जाना।
विचरति, क्रिया, घूमता है, आता-जाता है।
(विचरि, विचरित, विचरन्त, विचरमान, विचरित्वा, विचरितुं)।
विचार, पु०, विचारण, नपु०, विचारणा, स्त्री०, सोचना, विचार करना, व्यवस्था करना, योजना बनाना।
विचारक, पु०, विचार करने वाला, खोज-बीन करने वाला, व्यवस्थापक।
विचारेति, क्रिया, सोचता है, व्यवस्था करता है, योजना बनाता है।
(विचारेसि, विचारित, विचारेन्त, विचारेत्वा)।
विचिकिच्छति, क्रिया, सन्देह करता है, हिचकिचाता है, आगा-पीछा करता है।
(विचिकिच्छि, विचिकिच्छित, विचिकिच्छित्वा)।
विचिकिच्छा, स्त्री०, सन्देह।
विचिण्ण, कृदन्त, चुना हुआ।
विचित, कृदन्त, चुना गया।
विचित्त, वि०, विचित्र, अलंकृत, सजाया गया।
विचिनन, नपु०, विवेचन करना, चुनाव करना।
विचिनाति, क्रिया, विचार करता है, चुनाव करता है, संग्रह करता है।
(विचिनि, विचित, विचिनन्त, विचिनित्वा)।
विचिन्तिय, पूर्व० क्रिया, विचार करके।
विचिन्तेति, क्रिया, विचार करता है, मनन करता है।

(विचिन्तेसि, विचिन्तित, विचेन्तेन्त, विचिन्तेत्वा)।

विचुण्ण, वि०, चूर्ण किया गया, टुकडे-टुकडे किया गया।

विचुण्णेति, क्रिया, पीसता है, चूर्ण वनाता है, टुकडे-टुकडे करता है।
(विचुण्णेसि, विचुण्णित, विचुण्णेत्वा)।

विच्छिक, पु०, बिच्छु।

विच्छिद्दक, वि०, छिद्रों से भरा हुआ।

विच्छिन्दति, क्रिया, काटता है, रोकता है, वाधक होता है।
(विच्छिन्दि, विच्छिन्दन्त, विच्छिन्दमान, विच्छिन्दित्वा)।

विच्छिन्न, कृदन्त, कटा हुआ, पृथक् किया हुआ।

विच्छेद, पु०, काट, पार्थक्य।

विजटन, नपु०, सुलझावट।

विजटेति, क्रिया, सुलझाता है।
(विजटेसि, विजटित, विजटेत्वा)।

विजन, वि०, जन-रहित, शून्य-स्थान।

विजन-वात, वि०, एकान्त, सूनापन लिये।

विजम्भति, क्रिया, अँगड़ाई लेता है।
(विजम्भि, विजम्भित्वा)।

विजम्भना, स्त्री०, अँगडाई लेना।

विजम्भिका, स्त्री०, जमाई, उदासी।

विजय, पु०, जीत।

विजय, सिंहल-द्वीप का प्रथम आर्य-नरेश, सिंह-बाहु तथा सिंह-सीवली की सन्तान।

विजयति, क्रिया, जीतता है।
(विजयि, विजयित्वा)।

विजहति, क्रिया, छोडता है, त्याग देता है।
(विजहि, विजहन्त, विजहित्वा, विहाय, विजहितब्ब)।

विजहन, नपु०, परित्याग।

विजहित, कृदन्त, परित्यक्त।

विजाता, स्त्री०, जननी, शिशु-माता।

विजातिक, वि०, विदेशी, दूसरी जाति का।

विजानन, नपु०, ज्ञान, पहचान।

विजानाति, क्रिया, जानता है, पहचानता है।
(विजानि, विञ्ञात, विजानन्त, विजानितब्ब, विजानित्वा, विजानिय, विजानितुं)।

विजायति, क्रिया, जन्म देती है।
(विजायि, विजायित्वा)।

विजायन, नपु०, जन्म देना।

विजायन्ती, स्त्री०, जन्म देती हुई।

विजायमाना, स्त्री०, जन्म देती हुई।

विजायिनी, स्त्री०, बच्चे को जन्म दे सकने वाली।

विजित, कृदन्त, जीत लिया गया, नपु०, राज्य।

विजित-सङ्गाम, वि०, विजयी।

विजिनाति, देखो जिनाति।

विजितावी, पु०, विजयी।

विज्ज-ट्ठान, नपु०, अध्ययन का विषय।

विज्जति, क्रिया, विद्यमान होता है।
(विज्जन्त, विज्जमान)।

विज्जन्तरिका, स्त्री०, विजली कडकने के बीच का समय।

विज्जा, स्त्री०, विद्या।

विज्जाचरण, नपु०, विद्या तथा आचरण।

विज्जाधर, वि०, ओझा, जादू टोना करने वाला।

विज्जा-विमुत्ति, स्त्री०, विद्या (-ज्ञान) द्वारा विमुक्ति।

विज्जु, (विज्जुता, विज्जुल्लता भी), स्त्री०, बिजली।

विज्जोतति, क्रिया, चमकता है।
(विज्जोति, विज्जोतित, विज्जोतमान)।

विज्झति, क्रिया, बींधता है, छेद करता है।
(विज्झि, विद्ध, विज्झन्त, विज्झमान, विज्झित्वा, विज्झिय)।

विज्झन, नपु०, बींधना, निशाना लगाना।

विज्झायति, क्रिया, बुझता है।

विज्झापेति, क्रिया, (आग) बुझाता है।

विञ्ञत्त, कृदन्त, सूचित।

विञ्ञत्ति, स्त्री०, सूचना।

विञ्ञाण, नपु०, विज्ञान, चेतना।

विञ्ञाणक, वि०, सचेतन।

विञ्ञाणक्खन्ध, पु०, विज्ञान-स्कन्ध।

विञ्ञाणट्ठिति, स्त्री०, विज्ञान-स्थिति, चेतना की अवस्था।

विञ्ञाण-धातु, स्त्री०, विज्ञान=चेतना=चित्त=मन।

विञ्ञात, कृदन्त, विज्ञात, ज्ञात, जाना गया।

विञ्ञातब्ब, कृदन्त, जानने योग्य, समझने योग्य।

विञ्ञातु, पु०, जानने वाला।

विञ्ञापक, पु०, जनाने वाला, शिक्षक।

विञ्ञापन, नपु०, विज्ञापन, जानकारी।

विञ्ञापय, वि०, शैक्ष, जिसे सिखाया जा सके।

विञ्ञापित, कृदन्त, सूचित किया हुआ।

विञ्ञापेति, क्रिया, सूचित करता है, शिक्षा देता है।
(विञ्ञापेसि, विञ्ञापित, विञ्ञापेत्वा, विञ्ञापेन्त)।

विञ्ञापेतु, पु०, सूचना देने वाला, शिक्षक।

विञ्ञाय, पूर्व० क्रिया, जानकर, सीखकर।

विञ्ञायति, क्रिया, जाना जाता है।

विञ्ञू, वि०, बुद्धिमान, ज्ञाता, विज्ञ, पु०, बुद्धिमान आदमी।

विञ्ञुता, स्त्री०, विज्ञता, विवेक।

विञ्ञुप्पसत्थ, वि०, बुद्धिमानो द्वारा प्रशंसित।

विञ्ञेय्य, वि०, जानने योग्य।

विटङ्क, पु० तथा नपु०, कबूतर का दरबा।

विटप, पु०, शाखा।

विटपी, पु०, शाखा वाला, वृक्ष।

विडूडभ, पसेनदि (प्रसेनजित्) तथा वासभ खत्तिया का पुत्र, प्रसिद्ध सेनापति।

विडोज, पु०, इन्द्र।

वितक्क, पु०, वितर्क।

वितक्कन, नपु०, विचार, मनन।

वितक्केति, क्रिया, विचार करता है मनन करता है।

(वितक्केसि, वितक्कित, वितक्केन्त, वितक्केत्वा)।
वितच्छिका, स्त्री०, खुजली।
वितच्छेति, क्रिया, छिलका उतारता है, चिकना करता है।
(वितच्छेसि, वितच्छित)।
वितण्ड-वाद, पु०, व्यर्थ का वाद-विवाद।
वितत, कृदन्त, फैलाया हुआ, विस्तृत किया गया।
वितथ, वि०, असत्य, अयथार्थ, नपु०, झूठ।
वितनोति, क्रिया, फैलाता है।
(वितनि)।
वितरण, नपु०, बांटना।
वितरति, क्रिया, बांटता है।
(वितरि, वितरित, वितिण्ण)।
वितान, नपु०, चंदवा।
वितुदति, क्रिया, चुभोता है।
वितुदन, नपु०, चुभोना।
वित्त, नपु०, धन, सम्पत्ति।
वित्ति, स्त्री०, प्रीति।
वित्थ, नपु०, शराब पीने का पात्र।
वित्थम्भन, नपु०, विस्तार।
वित्थम्भेति, क्रिया, फैलाता है।
(वित्थम्भेसि, वित्थम्भित, वित्थम्भेत्वा)।
वित्थार, पु०, व्याख्या, विस्तार।
वित्थार-कथा स्त्री०, टीका।
वित्थारतो, क्रि० वि०, विस्तार से।
वित्थारिक, वि०, विस्तारित, जिसका नाम दूर तक फैला हो।
वित्थारेति, क्रिया, विस्तार करता है, फैलाता है।
(वित्थारेसि, वित्थारित, वित्थारेन्त, वित्थारेत्वा)।
विदत्थि, स्त्री०, बालिश्त।
विदहति, क्रिया, व्यवस्था करता है।
(विदहि, विदहित, विहित, विदहित्वा)।
विदारण, नपुं०, चीरना-फाडना।
विदारेति, क्रिया, चीरता है, फाडता है।
(विदारेसि, विदारित, विदारेन्त, विदारेत्वा)।
विदालन, नपु०, चीरना-फाडना।
विदालित, कृदन्त, चीरा गया, फाडा गया।
विदालेति, देखो विदारेति।
विदित, कृदन्त, ज्ञात।
विदितत्त, नपु०, जान लिये जाने का भाव।
विदिसा, स्त्री०, कुतुबनुमा का मध्य-बिन्दु।
विदुग्ग, नपु०, कठिन स्थल, कठिनाई से पहुंचा जा सकने वाला किला।
विदू, वि०, बुद्धिमान्; पु०, बुद्धिमान् आदमी।
विदूर, वि०, अति दूर।
विदूर जातक, देखो सुचिर जातक।
विदूसित, कृदन्त, दूषित, भ्रष्ट।
विदूसेति, देखो दूसेति।
विदेस, पु०, विदेश।
विदेसिक, वि०, वैदशिक।
विदेसी, वि०, विदेशी।
विदेह, वज्जि जनपद का एक भाग विदेह था, जिसकी राजधानी थी मिथिला नगरी।

विद्दसु, वि०, बुद्धिमान ।
विद्देस, पु०, शत्रुता ।
विद्ध, कृदन्त, बींधा गया ।
विद्धसक, वि०, विध्वस करने वाला ।
विद्धंसन, नपु०, विध्वस करना, विनष्ट करना ।
विद्धसेति, क्रिया, विध्वंस करता है, विनष्ट करता है ।
(विद्धसेसि, विद्धसित, विद्धस्तं, विद्धंसेत्वा, विद्धसेन्त) ।
विध, वि०, (समास मे) प्रकार (नाना ।
विध, वि०, नाना प्रकार का) ।
विधमक, वि०, विध्वस करने वाला ।
विधमति, क्रिया, विध्वंस करता है ।
(विधमि, विधमित, विधमित्वा) ।
विधमन, नपु०, विनाश ।
विधमेति, देखो विधमति ।
विधवा, स्त्री०, जिसके पति का देहान्त हो गया हो ।
विधा, स्त्री०, प्रकार, ढग, अभिमान, अहकार ।
विधातु, पु०, विधाता, सृष्टि रचयिता ।
विधान, नपु०, व्यवस्था, आज्ञा, पद्धति ।
विधायक, वि०, व्यवस्था करने वाला ।
विधावति, क्रि०, दौड़ता-भागता है ।
(विधावि, विधावित्वा) ।
विधावन, नपु०, दौडना-भागना ।
विधि, पु०, ढग, भाग्य, प्रकार ।
विधिना, क्रि० वि०, विधि-पूर्वक ।
विधुनाति, क्रिया, धुनता है ।
(विधुनि, विधूत, विधुनित, विधुनित्वा) ।
विधुर, वि०, तनहा, एकाकी ।
विधुर-पंडित जातक, विधुर पण्डित ने, चारो राजाओं में से कौन सबसे ज्यादा शीलवान है, इस प्रश्न का उत्तर दिया (५४५) ।
विधूत, कृदन्त, धुना गया ।
विधूपन, नपु०, पखा, पंखा करना, छौंकना, धुआँ देना ।
विधूपेति, क्रिया, छौंकता है, धुआँ देता है, बिखेरता है ।
(विधूपेसि, विधूपित, विधूपेन्त, विधूपेत्वा) ।
विधूम, वि०, धूम्र-रहित, राग-रहित ।
विधेय्य, वि०, आज्ञाकारी ।
विनट्ठ, कृदन्त, विनष्ट ।
विनत, कृदन्त, झुका हुआ ।
विनता, (नाम) गरुडो की माता ।
विनद्ध, कृदन्त, घेरा हुआ, लपेटा हुआ ।
विनन्धति, क्रिया, घेरता है, लपेटता है ।
(विनन्धि, विनन्धित्वा) ।
विनन्धन, नपु०, लपेटना ।
विनय, पु०, भिक्षु-जीवन के नियम-उपनियम ।
विनयन, नपु०, नियमबद्ध करना, शिक्षित करना ।
विनय-धर, वि०, विनय का विशेषज्ञ ।
विनय-पिटक, भिक्षुओ के नियम-उपनियमो का सग्रह ।
विनय-वादी, पु०, विनय के नियमों के समर्थन में बोलने वाला ।
विनळीकत, कृदन्त, नष्ट किया हुआ ।
विनस्सति, क्रिया, नष्ट होता है ।
(विनस्सि, विनट्ठ, विनस्सन्त,

विनस्समान, विनस्सित्वा)।
विनस्सन, नपु०, नष्ट होना।
विना, अव्यय, रहित।
विना-भाव, पु०, पार्थक्य।
विनाति, क्रिया, बुनता है।
(**विनि, वीत**)।
विनामन, नपु०, शरीर का झुकाना।
विनामेति, क्रिया, झुकाता है।
(**विनामेसि, विनामित, विनामेत्वा**)।
विनायक, पु०, महान नेता, बुद्ध।
विनास, पु०, विनाश।
विनासक, वि०, विनाश करने वाला।
विनासन, नपु०, विनाश करना।
विनासेति, क्रिया, नष्ट कराता है।
(**विनासेसि, विनासित, विनासेन्त, विनासेत्वा**)।
विनिग्गत, कृदन्त, बाहर निकला हुआ।
विनिच्छय, पु०, विनिश्चय, फैसला।
विनिच्छय-कथा, स्त्री०, विश्लेषणात्मक वार्ता।
विनिच्छयट्ठान, नपु०, न्यायालय, कचहरी।
विनिच्छय-साला, स्त्री०, न्यायालय, कचहरी।
विनिच्छित, कृदन्त, निश्चय हुआ, फैसला हुआ।
विनिच्छिनन, नपु०, फैसला देना।
विनिच्छिनाति, क्रिया, खोज-बीन करता है।
(**विनिच्छिनि, विनिच्छित, विनिच्छिनित्वा**)।
विनिच्छेति, क्रिया, खोज-बीन करता है, फैसला देता है।
(**विनिच्छेसि, विनिच्छित, विनिच्छेत्वा, विनिच्छेन्त**)।
विनिधाय, पूर्व० क्रिया, अनुचित व्यवस्था करके, अनुचित स्थापना करके।
विनिपात, पु०, दुःख भोगने का स्थान।
विनिपातिक, वि०, नरक मे गिरने वाला।
विनिपातेति, क्रिया, नाश का कारण होता है।
विनिबद्ध, कृदन्त, सम्बन्धित।
विनिबन्ध, पु०, बन्धन, आसक्ति।
विनिब्भुजति, क्रिया, पृथक्-पृथक् करता है, बाँटता है।
(**विनिब्भुजि, विनिब्भुजित्वा**)।
विनिब्भोग, पु०, पृथक्करण।
विनिमय, पु०, अदला-बदली।
विनिमोचेति, क्रिया, अपने-आपको मुक्त करता है।
(**विनिमोचेसि, विनिमोचित, विनिमोचेत्वा**)।
विनिम्मुत्त, कृदन्त, विमुक्त।
विनिवट्टेति, क्रिया, लोट-पोट होता है, फिसलता है।
(**विनिवट्टेसि, विनिवट्टित, विनिवट्टेत्वा**)।
विनिविज्झ, कृदन्त, बींधा गया।
विनिविज्झति, क्रिया, बींध डालता है।
(**विनिविज्झि, विनिविद्ध, विनिविज्झित्वा**)।
विनिविज्झन, नपु०, बींधना।
विनिविद्ध, कृदन्त, बींधा गया।
विनिवेठेति, क्रिया, बन्धन-मुक्त करता है।

(विनिवेठेसि, विनिवेठित, विनिवेठेत्वा)।
विनिवेठन, नपु०, बन्धन-मुक्त होना या करना।
विनीत, कृदन्त, नियमित जीवन का अभ्यस्त।
विनीलक जातक, हंस और कौवे के मेल मे विनीलक का जन्म हुआ (१६०)।
विनीवरण, वि०, चित्त-मलो से मुक्त।
विनेति, क्रिया, शिक्षित करता है।
(विनेसि, विनेन्त, विनेतब्ब, विनेत्वा)।
विनेतु, पु०, शिक्षक।
विनेय-जन, बुद्ध द्वारा विनीत किये जाने वाले लोग।
विनेय्य, पूर्व० क्रिया, हटाकर, वि०, शिक्षित किये जाने योग्य।
विनोद, पु०, प्रीति, आनन्द।
विनोदन, नपु०, हटाना, दूर करना।
विनोदेति, क्रिया, दूर करता है, हटाता है।
(विनोदेसि, विनोदित, विनोदेत्वा)।
विन्दक, पु०, अनुभव करने वाला।
विन्दति, क्रिया, अनुभव करता है।
(विन्दि, विन्दित, विन्दन्त, विन्दमान, विन्दित्वा विन्दितब्ब)।
विन्दियमान, कृदन्त, अनुभव किया जाता हुआ।
विन्यास, पु०, (चक्र-)व्यूह।
विपक्ख, वि०, विपक्ष।
विपक्खिक, वि०, विरोधी का पक्षपाती।
विपच्चति, क्रिया, पकता है, फल देता है।
(विपच्चि, विपक्क, विपच्चमान)।
विपज्जति, क्रिया, व्यर्थ सिद्ध होता है, विनष्ट होता है।
(विपज्जि, विपन्न)।
विपज्जन, नपु०, व्यर्थ सिद्ध होना, नष्ट होना।
विपत्ति, स्त्री०, असफलता, मुसीबत।
विपथ, पु०, कुमार्ग।
विपन्न, कृदन्त, विपद्-ग्रस्त।
विपन्न-दिट्ठि, वि०, मिथ्या-दृष्टि वाला।
विपन्न-सील, वि०, शील-भ्रष्ट।
विपरिणत, कृदन्त, परिवर्तित, रागी।
विपरिणाम, पु०, परिवर्तन।
विपरिणामेति, क्रिया, परिवर्तित करता है, बदलता है।
(विपरिणामेसि, विपरिणामित)।
विपरियय, (विपरियाय भी), विरुद्ध भाव।
विपरियेस, पु०, प्रतिकूल होना।
विपरिवत्तति, क्रिया, उलट देता है।
(विपरिवत्ति, विपरिवत्तित)।
विपरिवत्तन, नपु०, परिवर्तन, उलट देना।
विपरीत, वि०, उलटा, बदल दिया गया।
विपरीतता, स्त्री०, विरोधी भाव।
विपल्लत्थ, पलट दिया गया।
विपल्लास, पु०, पलटा खा जाना, स्थानान्तर होना।
विपस्सक, वि०, अन्तर्दृष्टि वाला।
विपस्सति, क्रिया, देखता है, अन्तर्दृष्टि प्राप्त करता है।
(विपस्सि, विपस्सित्वा)।

विपस्सना, स्त्री०, विपश्यना, अन्तर्दृष्टि ।
विपस्सना-ञाण, नपुं०, विपश्यना-ज्ञान ।
विपस्सना-धुर, नपुं०, विपश्यना-पथ ।
विपस्सी, पु०, विपश्यी, अन्तर्दृष्टि-युक्त ।
विपाक, पु०, परिणाम, फल ।
विपातिका, स्त्री०, बेवाय ।
विपिट्ठिकत्वा, पूर्व०-क्रिया, (किसी की ओर) पीठ करके, मुंह फेरकर ।
विपिन, नपुं०, जगल ।
विपुल, वि०, विशाल ।
विपुलता, स्त्री०, विशालता ।
विपुलत्त, नपुं०, विशालत्व ।
विप्प, पु०, विप्र, ब्राह्मण ।
विप्प-कुल, नपुं०, ब्राह्मण-कुल ।
विप्पकत, वि०, अधूरा ।
विप्पकार, पु०, परिवर्तन, वजाय ।
विप्पकिण्ण, कृदन्त, बिखेरा हुआ ।
विप्पकिरति, क्रिया, चारो तरफ बिखेरना, नष्ट करना ।
(विप्पकिरि, विप्पकिरित्वा, विप्पकिण्ण) ।
विप्पजहति, क्रिया, छोड देता है, त्याग देता है ।
(विप्पजहि, विप्पजहित्वा) ।
विप्पटिपज्जति, क्रिया, गलती करता है, दोष-भागी होता है ।
(विप्पटिपज्जि, विप्पटिपज्जित्वा) ।
विप्पटिपत्ति, स्त्री०, दुराचरण ।
विप्पटिपन्न, कृदन्त, कुपथ-गामी ।
विप्पटिसार, पु०, पश्चात्ताप ।
विप्पमुत्त, कृदन्त, विमुक्त ।
विप्पयुत्त, कृदन्त, पृथक् किया हुआ ।
विप्पलपति, क्रिया, विलाप करता है ।
विप्पलाप, पु०, प्रलाप ।
विप्पलुज्जति, क्रिया, टुकडे-टुकडे हो जाता है ।
विप्पवसति, क्रिया, अनुपस्थित होता है, प्रवास करता है ।
विप्पवास, पु०, अनुपस्थिति, प्रवास ।
विप्पवुत्थ, कृदन्त, अनुपस्थित, प्रवासी ।
विप्पसन्न, कृदन्त, अति स्पष्ट ।
विप्पसीदति, क्रिया, स्पष्ट होता है ।
विप्पहान, नपुं०, प्रहाण, त्याग देना ।
विप्फन्दति, क्रिया, फडफडाता है, हाथ-पैर मारता है ।
(विप्फन्दि, विप्फन्दित, विप्फन्दित्वा) ।
विप्फन्दन, नपुं०, संघर्ष करना, या फडफडाना, हाथ-पैर मारना ।
विप्फार, पु०, विस्तार ।
विप्फारिक, वि०, फैलाया हुआ ।
विप्फारित, कृदन्त, फैलाया हुआ ।
विप्फुरण, नपुं०, व्याप्ति ।
विप्फुरति, क्रिया, व्याप्त होता है, हलचल मचाता है, कँपा देता है ।
(विप्फुरि, विप्फुरित, विप्फुरन्त) ।
विप्फुलिङ्ग, नपुं०, स्फुलिंग, अग्नि-कण ।
विफल, वि०, व्यर्थ, निष्फल ।
विबन्ध, पु०, बन्धन ।
विबाधक, वि०, बाधा डालने वाला, हानि पहुँचाने वाला ।
विबाधति, क्रिया, बाधा डालता है, रुकावट डालता है ।
विबाधन, नपुं०, बाधा, रुकावट ।

विबुध, पु०, देवतागण ।
विब्भन्त, कृदन्त, विभ्रान्त ।
विब्भन्तक, वि०, भिक्षु-जीवन परित्यक्त ।
विब्भमति, क्रिया, कुपथगामी होता है, भटक जाता है, भिक्षु जीवन त्याग देता है ।
(विब्भमि, विब्भमित्वा) ।
विभङ्ग, पु०, बँटवारा, विभाग, वर्गीकरण ।
विभङ्ग, विनय-पिटक के पाराजिक तथा पाचित्तिय दोनो ग्रंथों का सामूहिक नाम ।
विभङ्गप्पकरण, अभिधम्मपिटक के सात प्रकरणो मे से दूसरा प्रकरण या ग्रन्थ ।
विभजति, क्रिया, बँटवारा करता है, वर्गीकरण करता है ।
(विभजि, विभत्त, विभजित, विभजन्त, विभजित्वा) ।
विभज्ज, पूर्व० क्रिया, विभक्त करके अथवा विश्लेषण करके ।
विभज्जवाद, पु०, युक्तिवाद ।
विभज्जवादी, पु०, थेरवाद का अनुयायी ।
विभत्त, कृदन्त, विभक्त, बँटा हुआ ।
विभत्ति, स्त्री०, वर्गीकरण, विभक्ति (-रूप) ।
विभव, पु०, धन, ऐश्वर्य ।
विभाग, पु०, बँटवारा ।
विभाजन, नपु०, बँटवारा ।
विभात, कृदन्त, चमका ।
विभाति, क्रिया, चमकता है ।
विभावन, नपु०, व्याख्या ।
विभावना, स्त्री०, भाष्य ।
विभावी, वि०, प्रज्ञावान्, पु०, प्रज्ञावान् आदमी ।
विभावेति, क्रिया, स्पष्ट करता है ।
(विभावेसि, विभावित, विभावेन्त, विभावेत्वा) ।
विभीतक, पु०, बहेड़ा ।
विभीतकी, स्त्री०, बहेड़ा ।
विभू, वि०, सर्व-व्यापक ।
विभूत, कृदन्त, स्पष्ट ।
विभूति, स्त्री०, प्रताप ।
विभूसन, नपु०, विभूषण, गहने, सजावट ।
विभूसित, कृदन्त, विभूषित ।
विभूसेति, क्रिया, सजाता है, अलंकृत करता है ।
(विभूसेसि, विभूसेत्वा) ।
विमति, स्त्री०, सन्देह, शक ।
विमतिच्छेदक, वि०, सन्देह की निवृत्ति करने वाला ।
विमन, वि०, असन्तुष्ट ।
विमल, वि०, निर्मल, स्वच्छ ।
विमान, नपु०, भवन ।
विमान-पेत, पु०, प्रेत-विशेष ।
विमान-वत्थु, नपु०, दिव्य भवनों की कहानियों का ग्रन्थ, खुद्दकनिकाय का एक ग्रन्थ ।
विमानन, नपु०, अपमान ।
विमानेति, क्रिया, अनादर करता है ।
(विमानेसि, विमानित, विमानेत्वा) ।
विमुख, वि०, लापरवाह ।
विमुच्चति, क्रिया, मुक्त होता है ।
(विमुच्चि, विमुत्त, विमुच्चित्वा,

विमुञ्चन्त) ।
विमुञ्चति, क्रिया, मुक्त होता है ।
(विमुञ्चि, विमुञ्चित, विमुञ्चन्त, विमुञ्चित्वा) ।
विमुत्त, कृदन्त, विमुक्त ।
विमुत्ति, स्त्री०, विमुक्ति ।
विमुत्ति-रस, पु०, मुक्ति-रस ।
विमुत्ति-सुख, नपु०, मुक्ति-सुख ।
विमोक्ख, पु०, विमुक्ति, विमोक्ष ।
विमोचक, पु०, मुक्त करने वाला ।
विमोचन, नपु०, मुक्ति ।
विमोचेति, क्रिया, मुक्त करता है ।
विमोहेति, क्रिया, मोह मे डालता है, भ्रम उत्पन्न करता है ।
(विमोहेसि, विमोहित, विमोहेत्वा) ।
विम्हय, पु०, आश्चर्य ।
विम्हापक, वि०, आश्चर्य मे डालने वाला, चकित करने वाला ।
विम्हापन, नपु०, आश्चर्य मे डालना ।
विम्हापेति, क्रिया, आश्चर्य उत्पन्न करता है, चकित करता है ।
(विम्हापेसि, विम्हापित, विम्हापेत्वा) ।
विम्हित, कृदन्त, आश्चर्यान्वित, चकित ।
विय, समान, जैसा (तुलनार्थक) ।
वियत्त, वि०, व्यक्त, पण्डित, सुयोग्य ।
वियूहति, क्रिया, हटाता है, बिखेरता है ।
(वियूहि, वियूळ्ह, वियूहित, वियूहित्वा) ।
वियूहन, नपु०, हटाना, बिखेरना ।
वियूळ्ह, (ब्यूळ्ह भी), कृदन्त, एकत्रित ।
वियोग, पु०, पृथक् होना ।
विरचित, कृदन्त, रचा हुआ ।
विरचयति, क्रिया, रचना करता है, निर्माण करता है ।
(विरचि, विरचयित्वा, विरचित) ।
विरज, वि०, निर्मल, शुद्ध ।
विरज्जति, क्रिया, वैराग्य को प्राप्त होता है, अनासक्त होता है ।
(विरज्जि, विरत्त, विरज्जित्वा, विरज्जमान) ।
विरज्जन, नपु०, विरक्त होना ।
विरज्झति, क्रिया, चूक जाता है ।
(विरज्झि, विरद्ध, विरज्झित्वा) ।
विरत, कृदन्त, जो रत न हो ।
विरति, स्त्री०, रति का अभाव, बचाव, दूर-दूर रहना ।
विरत्त, कृदन्त, विरक्त, अनासक्त ।
विरद्ध, कृदन्त, चूक गया ।
विरमन, नपु०, रुकना, विरत रहना ।
विरमति, क्रिया, विरत रहता है ।
(विरमि, विरमन्त, विरमित्वा) ।
विरल (विरळ भी), वि०, बिरला, पतला, जो घना न हो ।
विरव, (विराव भी), पु०, चीख-चिल्लाहट ।
विरवति, क्रिया, चीखता है, चिल्लाता है ।
(विरवि, विरवन्त, विरवित्वा) ।
विरवन, नपु०, देखो विरव ।
विरह, पु०, पार्थक्य, शून्यता ।
विरहित, वि०, खाली, शून्य, बिना ।
विराग, पु०, वैराग्य, आसक्ति का अभाव, इच्छा का न होना ।
विरागता, स्त्री०, राग का न होना ।

विरागी, वि०, राग-रहित ।
विराजति, क्रिया, चमकता है ।
(विराजि, विराजित, विराजमान) ।
विराजेति, क्रिया, दूर करता है, हटाता है, नष्ट करता है ।
(विराजेसि, विराजेत्वा) ।
विराधना, स्त्री०, असमर्थता, चूक जाना ।
विराधेति, क्रिया, चूक जाता है ।
(विराधेसि, विराधित, विराधेत्वा) ।
विरिञ्चति, क्रिया, विरेचन किया जाता है ।
विरिञ्चमान, कृदन्त, विरेचन करता हुआ ।
विरित्त, कृदन्त, विरेचन हुआ ।
विरिय, नपु०, शक्ति, सामर्थ्य ।
विरिय-बल, नपु०, वीर्य-बल ।
विरियवन्तु, वि०, वीर्यवान् ।
विरिय-समता, स्त्री०, न कम और न अधिक प्रयत्न ।
विरियारम्भ, पु०, प्रयत्न का आरम्भ ।
विरियिन्द्रिय, नपु०, वीर्य, प्रयास, प्रयत्न ।
विरुज्झति, क्रिया, विरुद्ध होता है, प्रतिकूल होता है ।
(विरुज्झि, विरुद्ध, विरुज्झन्त, विरुज्झित्वा) ।
विरुद्ध, कृदन्त, विरोधी ।
विरुद्धता, स्त्री०, विरोधी-भाव ।
विरूप, वि०, कुरूप ।
विरूपक्ख, पु०, नागो का अधिपति ।
विरूपता, स्त्री०, कुरूपता ।
विरूळ्ह, कृदन्त, उगा हुआ, बढ़ा हुआ ।
विरूळ्हि, स्त्री०, वृद्धि ।
विरूहति, क्रिया, उगता है, बढता है ।
(विरूहि, विरूहन्त, विरूहित्वा) ।
विरेक, पु०, विरेचन, जुलाब ।
विरेचेति, क्रिया, पेट की सफाई करता है ।
(विरेचेसि, विरेचित, विरेचेत्वा) ।
विरोचति, क्रिया, चमकता है ।
(विरोचि, विरोचमान, विरोचित्वा) ।
विरोचन, नपु०, चमकना ।
विरोचन जातक, गीदड ने हाथी पर आक्रमण किया । वह उसके पाँव तले रौंदा गया (१४३) ।
विरोचेति, क्रिया, प्रकाशित करता है ।
(विरोचेसि, विरोचित, विरोचेत्वा) ।
विरोध, पु०, प्रतिकूल होना ।
विरोधन, नपु०, प्रतिकूलता ।
विरोधेति, क्रिया, विरोध कराता है ।
(विरोधेसि, विरोधित, विरोधेवत) ।
विलग्ग, कृदन्त, चिपका हुआ, लगा हुआ ।
विलङ्घति, क्रिया, कूदता है, फाँदता है, कलाबाजी खाता है ।
विलङ्घेति, क्रिया, उल्लघन करता है ।
(विलङ्घेसि, विलङ्घित, विलङ्घेत्वा) ।
विलपति, क्रिया, प्रलाप करता है ।
(विलपि, विलपन्त, विलपमान, विलपित्वा) ।
विलम्बति, क्रिया०, विलम्ब करता है,

देर लगाता है, लटकता रहता है।
(विलम्बि, विलम्बित, विलम्बित्वा)।
विलम्बन, नपु०, मटरगश्ती करना, देर लगाना।
विलम्बेति, क्रिया, मुंह चिढाता है, शक्ल बनाता है, नीची नजर से देखता है।
विलय, पु०, विलीन हो जाना, घुल-मिल जाना।
विलसति, क्रिया, चमकता है, खेलता है।
(विलसि, विलसित्वा, विलसित)।
विलसित, कृदन्त, प्रसन्न-चित्त, शानदार।
विलाप, पु०, रोना-पीटना, व्यर्थ की बकवास।
विलास, पु०, सौन्दर्य, (हास-) विलास, नखरा।
विलासिता, स्त्री०, नखरा।
विलासिनी, स्त्री०, स्त्री।
विलासी, पु०, विलास-युक्त पुरुष।
विलिखति, क्रिया, खुरचता है, रगड कर चमकाना है।
विलिखित, कृदन्त, खुरचा हुआ।
विलित्त, कृदन्त, लेप किया गया।
विलिम्पति, क्रिया, लेप करता है।
विलिम्पेति, क्रिया, लेप करता है, अभिषेक करता है।
(विलिम्पेसि, विलिम्पेन्त, विलिम्पेत्वा)।
विलीन, कृदन्त, घुल-मिल गया, लीन हो गया।
विलीयति, क्रिया, पिघल जाता है, घुल जाता है, नष्ट हो जाता है।
(विलीयि, विलीयमान, विलीयित्वा)।
विलीयन, नपु०, घुलना।
विलीव (विलिव भी), नपु०, बांस या सरकण्डे की खपची।
विलीवकार, पु०, टोकरी बनाने वाला।
विलुग्ग, कृदन्त, टूटा, टुकडे-टुकडे हो गया।
विलुत्त, कृदन्त, लूटा गया।
विलून, कृदन्त, काटा गया।
विलेख, पु०, उलझन, काटना-पीटना, खरोंच।
विलेपन, नपु०, उबटन, लेप, सुगन्धित चूर्ण आदि।
विलेपित, कृदन्त, सुगन्धित लेप किया गया।
विलेपेति, क्रिया, सुगन्धित लेप करता है।
(विलेपेसि, विलेपेत्वा)।
विलोकन, नपु०, देखना, खोज-बीन करना।
विलोकेति, क्रिया, देखता है, खोज-बीन करता है।
(विलोकेसि, विलोकित, विलोकेन्त, विलोकयमान, विलोकेत्वा)।
विलोचन, नपु०, आंख।
विलोपन, नपु०, लूट-मार।
विलोपक, पु०, लूटमार करने वाला।
विलोम, वि०, विरुद्ध, प्रतिकूल।
विलोमता, स्त्री०, प्रतिकूलता, न्यूनता।

विलोमेति, क्रिया, असहमत होता है, विवाद करता है।
(विलोमेसि, विलोमेत्वा)।
विलोळन, नपु०, विलोना, मथना।
विलोळेति, क्रिया, विलोता है, मथता है।
विवज्जन, नपु०, त्याग, दूर-दूर रहना।
विवज्जेति, क्रिया, बचाता है, त्यागता है, छोड देता है।
(विवज्जेसि, विवज्जित, विवज्जेन्त, विवज्जेत्वा, विवज्जिय)।
विवट, कृदन्त, विवृत, खुला, नगा।
विवट्ट, नपु०, उत्तरोत्तर बढते हुए कल्पो के सम्बन्ध मे 'पलट'।
विवट्ट-कप्प, उत्तरोत्तर बढता हुआ कल्प (समय विभाग)।
विवट्टति, क्रिया, पीछे की ओर हटता है, फिर से आरम्भ करता है।
(विवट्टि, विवट्टित, विवट्टित्वा)।
विवट्टन, नपु०, पीछे हटना, मुड जाना।
विवट्टेति, क्रिया, पीछे हटता है, दूसरी ओर जाता है, नष्ट कर देता है।
(विवट्टेसि, विवट्टित, विवट्टेत्वा)।
विवण्ण, वि०, बदरग, दुर्बल।
विवण्णेति, क्रिया, निन्दा करता है, बदनामी करता है।
(विवण्णेसि, विवण्णित, विवण्णेत्वा)।
विवदति, क्रिया, विवाद करता है, झगडा करता है।
(विवदि, विवदन्त, विवदमान, विवदित्वा)।
विवदन, नपु०, विवाद।
विवर, नपु०, दरार, सुराग।
विवरण, नपु०, उघाडना, खोलना, व्याख्या करना, व्याख्या।
विवरति, क्रिया, विवृत करता है, उघाडता है, स्पष्ट करता है, विश्लेषण करता है।
(विवरि, विवट, विवरन्त, विवरमान, विवरित्वा, विवरितु)।
विवस, वि०, बे-वश, असयत।
विवाद, पु०, कलह, झगडा।
विवादी, पु०, विवाद करने वाला।
विवादक, पु०, झगडालू।
विवाह, पु०, शादी।
विवाह-मङ्गल, नपु०, शादी-मङ्गल।
विविच्च, अव्यय, पृथक्, अलहदा।
विवित्त, वि०, अकेला, एकान्त मे।
विवित्तता, स्त्री०, एकान्त का भाव।
विविध, वि०, नाना प्रकार के।
विवेक, पु०, एकान्त, अकेले में।
विवेचन, नपु०, आलोचना।
विवेचेति, क्रिया, पृथक्-पृथक् करता है, आलोचना करता है।
(विवेचेसि, विवेचित, विवेचेत्वा)।
विस, नपु०, विष।
विस-कण्टक, नपु०, विषैला कण्टक।
विस घर, पु०, सांप।
विस-पीत, वि०, विष मे बुझा हुआ।
विस-रुक्ख, पु०, विष-वृक्ष।
विस-वेज्ज, पु०, विष-वैद्य।
विस-सल्ल, नपु०, विष मे बुझा तीर।
विसञ्ञ, वि०, बे-होश, अचेतन।
विसञ्ञी, ति०, बे-होश, अचेतन।
विसट, (विसत भी), कृदन्त, फैला

हुआ।
विसति, देखो पविसति।
विसत्त, वि०, विशेष रूप से आसक्त, उलझा हुआ।
विसत्तिका, स्त्री०, तृष्णा, आसक्ति।
विसद, वि०, स्पष्ट, साफ, व्यक्त।
विसद-किरिया, स्त्री०, स्पष्ट करना।
विसदता, स्त्री०, स्पष्टता।
विसद-भाव, पु०, स्पष्टता।
विसभाग, वि०, भिन्न, विरोधी, असाधारण।
विसम, वि०, विषम, ऊबड-खाबड।
विसय, पु०, स्थान, प्रदेश, क्षेत्र, (इन्द्रियों का) विषय।
विसय्ह, वि०, जो सहन किया जा सके, सम्भव।
विसय्ह जातक, उदार दानी विसह्य सेठ के दान से शक्र का आसन गर्म हो उठा (३४०)।
विसर, पु०, समूह।
विसवन्त जातक, सर्प-विष वैद्य ने सर्प को पुन अपना विष चूसने को कहा (६९)।
विस-लित्त, वि०, विष मे बुझा हुआ (तीर)।
विसल्ल, वि०, शोक-मुक्त।
विसहति, क्रिया, समर्थ होता है, साहस करता है।
(विसहि, विसहमान, विसहित्वा)।
विसयुत्त, कृदन्त, जो जुता नहीं, जो पृथक् किया गया।
विसयोग, पु०, पार्थक्य।
विसवाद, पु०, धोखा, झूठ।
विसवादक, वि०, अविश्वसनीय।
विसंवादन, नपु०, झूठ बोलना, झूठा व्यवहार करना।
विसवादेति, क्रिया, वचन-भग करता है, झूठ बोलता है।
(विसवादेसि, विसंवादित, विसंवादेन्त, विसंवादेत्वा)।
विससट्ठ, वि०, पृथक् हुआ।
विसङ्कित, वि०, सन्दिग्ध।
विसङ्खार, पु०, सङ्खार-निरोध।
विसङ्खित, कृदन्त, नष्ट किया गया।
विसाखा, स्त्री०, विशाखा नक्षत्र।
विसाखा, भगवान बुद्ध की उदार-चेता दायिका, उपासिकाओं मे प्रमुख, मिगारमाता विसाखा।
विसाण, नपु०, विषाण, सींग।
विसाणमय, वि०, सींग का बना।
विसाद, पु०, विषाद, खेद, उल्लास का अभाव।
विसारद, वि०, विशारद, दक्ष, मयन
विसाल, वि०, विशाल।
विसालक्खी, स्त्री०, विशालाक्षी।
विसालता, स्त्री०, विशालता।
विसालत्त, नपु०, विशालत्व।
विसिखा, स्त्री०, गली, सडक।
विसिट्ठ, वि०, विशिष्ट, प्रमुख, असाधारण।
विसिट्ठतर, वि०, विशिष्टतर।
विसिब्बेति, क्रिया, उधेडता है, सिलाई उखाडता है।
(विसिब्बेसि, विसिब्बेत्वा)।
विसीदति, क्रिया, हतोत्साह होता है।
(विसीदि, विसीदित्वा)।
विसीदन, नपुं०, हतोत्साह होना।
विसीवन, नपु०, अपने-आपको गर-

माता।

विसीवेति, क्रिया, अपने-आपको गरमाता है।
(विसीवेसि, विसीवेन्त, विसीवेत्वा)।

विसुज्झति, क्रिया, स्वच्छ होता है।
(विसुज्झि, विसुज्झमान, विसुज्झित्वा)।

विसुद्ध, कृदन्त, विशुद्ध, परिशुद्ध।

विसुद्धता, स्त्री०, विशुद्धि-भाव।

विसुद्धि, स्त्री०, पवित्रता।

विसुद्धि-देव, पु०, सच्चरित्र व्यक्ति।

विसुद्धि-मग्ग, पु०, विशुद्धि का मार्ग।

विसुद्धिमग्ग, सघपाल स्थविर की प्रार्थना पर आचार्य बुद्धघोष द्वारा रचित बौद्ध धर्म का विश्वकोश।

विसुं, क्रि० वि०, पृथक्-पृथक्।

विसुंकरण, नपु०, पार्थक्य।

विसुंकत्वा, पूर्व० क्रिया, पृथक् करके।

विसूक, नपुं०, तमाशा।

विसूक-दस्सन, नपु०, नाटक आदि का देखना।

विसूचिका, स्त्री०, हैजा।

विसेस, पु०, विशेष, भेद-प्राप्ति।

विसेसक, पु०, विशेष चिह्न।

विसेस-गामी, वि०, विशेषता की ओर अग्रसर।

विसेस-भागिय, वि०, विशेषता की ओर अग्रगामी।

विसेसाधिगम, पु०, विशेष पद की प्राप्ति।

विसेसता, स्त्री०, विशेषता।

विसेसतो, क्रि० वि०, विशेष रूप से।

विसेसन, नपु०, विशेषण।

विसेसिय, विसेसितब्ब, वि०, विशेष व्यवहार का पात्र।

विसेसी, वि०, विशेषता-युक्त।

विसेसेति, क्रिया, विशेष करता है।
(विसेसेसि, विसेसित, विसेसेत्वा)।

विसोक, वि०, शोक-रहित।

विसोधन, नपु०, शुद्धिकरण।

विसोधेति, क्रिया, शुद्ध करता है।
(विसोधेसि, विसोधित, विसोधेन्त, विसोधेत्वा, विसोधिय)।

विसोसेति, क्रिया, सुखाता है, बिखेर देता है।
(विसोसेति, विसोसित, विसोसेन्त, विसोसेत्वा)।

विस्सगन्ध, पु०, कच्चे मास की-सी गन्ध।

विस्सग्ग, पु०, दान।

विस्सज्जक, वि०, देने वाला, बाँटने वाला, प्रश्न का उत्तर देने वाला।

विस्सज्जति, क्रिया, देता है, बाँटता है, प्रश्नो का उत्तर देता है।
(विस्सज्जि, विस्सज्जित्वा, विस्सज्जितब्ब, विस्सज्जिय)।

विस्सज्जन, नपु०, भेजना, प्रत्युत्तर, खर्चा।

विस्सज्जनक, वि०, प्रत्युत्तर देने वाला, दान देने वाला।

विस्सज्जनीय, वि०, बाँटने योग्य, उत्तर देने योग्य।

विस्सज्जेति, क्रिया, उत्तर देता है, है, बाँटता है, भेजता है, खर्च करता है, बाहर करता है, जाने देता है।
(विस्सज्जित, विस्सज्जेत्वा, विस्सज्जेन्त)।

विस्सट्ठ, कृदन्त, भेजा गया, उत्तरित।

विस्सट्ठि, स्त्री०, बाहर निकलना

[सुक्क-विस्सट्ठि, शुक्र-मोचन, स्वप्न-दोष]।

विस्सत्थ, कृदन्त, विश्वस्त, विश्वसनीय।

विस्सन्द, पु०, उमड़ना, उफान आना।

विस्सन्दन, नपु०, उमड़ना।

विस्सन्दति, क्रिया, उफन जाता है। (विस्सन्दि, विस्सन्दित, विस्सन्दमान विस्सन्दित्वा)।

विस्समति, क्रिया, विश्राम करता है। (विस्समि, विस्समन्त, विस्समित्वा)।

विस्सन्त, कृदन्त, विश्रान्त, विश्राम-प्राप्त।

विस्सर, वि०, दुखपूर्ण स्वर।

विस्सरति, क्रिया, भूल जाता है। (विस्सरित, विस्सरित्वा)।

विस्ससति, क्रिया, विश्वास करता है। (विस्ससि, विस्सत्थ, विस्ससित्वा)।

विस्सास, पु०, विश्वास, घनिष्ठता। (विस्सासक, विस्सासिक, विस्सासी, विस्सासनीय)।

विस्सास-भोजन जातक, सिंह ने हिरनी की देह को चाटा। उस पर विष चुपडा था। वह मर गया, (९३)।

विस्सुत, वि०, विश्रुत, प्रसिद्ध।

विहग, पु०, पक्षी।

विहङ्गम, पु०, पक्षी, चिडिया।

विहञ्ञति, क्रिया, दुखित होता है। (विहञ्ञि, विहञ्ञमान)।

विहत, कृदन्त, मारा गया, धुनी गई (कपास)।

विहनति, क्रिया, मारता है। (विहनि, विहनित्वा, विहत्वा)।

विहरति, क्रिया, जीता है, (किसी स्थान पर) रहता है। (विहरि, विहरन्त, विहरमान, विहरित्वा)।

विहाय, पूर्व० क्रिया, छोडकर।

विहार, पु०, निवास-स्थान, भिक्षुओ के रहने की जगह, बौद्ध प्रतिमा-गृह।

विहार देवी, दुट्ठगामणी की माता।

विहारिक, वि०, रहने वाला या विचरने वाला।

विहारी, वि०, रहने वाला, विचरने वाला।

विहिंसति, क्रिया, कष्ट पहुँचाता है। (विहिंसि, विहिंसित, विहिंसित्वा)।

विहिंसना, (विहिंसा भी), स्त्री०, निर्दयता।

विहित, कृदन्त, योग्य, उचित, व्यवस्थित।

विहीन, कृदन्त, त्यक्त, विरहित।

विहेठक, वि०, कष्ट देने वाला, हानि पहुँचाने वाला।

विहेठ-जातिक, वि०, तग करने वाला।

विहेठन, नपु०, कष्ट देना।

विहेठियमान, कृदन्त, दुख पहुँचाया जाता हुआ।

विहेठेति, क्रिया, कष्ट देता है। (विहेठेसि, विहेठित, विहेठेन्त, विहेठेत्वा)।

विहेसक, वि०, कष्टप्रद।

विहेसा, स्त्री०, हैरानी।

विहेसियमान, देखो विहेठियमान।

विहेसेति, देखो विहेठेति।

वीचि, स्त्री०, लहर ।
वीच्छा, स्त्री०, बार-बार एक ही बात कहना ।
वीजति, क्रिया, पंखा करता है ।
(वीजि, वीजित, वीजित्वा, वीजयमान) ।
वीजन, नपु०, पखा करना ।
वीजनी, स्त्री०, पखा ।
वीजयमान, कृदन्त, पखा किया जाता हुआ ।
वीजेति, पखा करता है ।
(वीजेसि, वीजेन्त, वीजेत्वा) ।
वीणा, स्त्री०, वीणा, सारगी ।
वीणा-दण्डक, पु० वीणा-दण्ड ।
वीणा-दोणि, स्त्री०, वीणा-द्रोणि ।
वीणा-वादन, नपु०, वीणा-वादन ।
वीणायूण जातक, बनारस के सेठ की लड़की कुबड़े के साथ भाग गई, बाद मे समझा-बुझाकर वापस लाई गई ।
वीत, कृदन्त, १. रहित, २ बुना हुआ (वायित) ।
वीतच्चिक, वि०, लौ रहित (चमक) ।
वीत-गेध, वि० लोभ-रहित ।
वीत-तण्ह, वि०, तृष्णा-रहित ।
वीत-मल, वि०, मल-रहित ।
वीत-मोह, वि०, मोह-रहित, अज्ञान-रहित ।
वीत-राग, वि०, राग-रहित, पु०, अर्हत ।
वीतिक्कम, पु०, व्यतिक्रम, नियम का उल्लंघन ।
वीतिक्कमति, क्रिया, व्यतिक्रमण करता है ।
(वीतिक्कमि, वीतिक्कन्त, वीतिक्कमन्त, वीतिक्कमित्वा) ।
वीतिच्छ जातक, प्रति-प्रश्न पूछकर प्रश्नकर्ता को हराया, (२४४) ।
वीतिनामेति, क्रिया, समय बिताता है ।
(वीतिनामेसि, वीतिनामित, वीतिनामेत्वा) ।
वीतिवत्त, कृदन्त, गुजर गया, खर्च हो गया, जीत लिया गया ।
वीतिवत्तेति, क्रिया, जीत लेता है, समय व्यतीत करता है ।
(वीतिवत्तेसि, वीतिवत्तित, वीतिवत्तेत्वा) ।
वीतिहरण, नपु०, लम्बे-लम्बे डग धरना ।
वीतिहार, पु०, डग ।
वीतिहरति, क्रिया, चलता है, टहलता है ।
(वीतिहरि, वीतिहरित्वा) ।
वीथि, स्त्री०, गली, रास्ता ।
वीथि-चित्त, नपु०, क्रियाशील चित्त ।
वीमंसक, वि०, विमर्श करने वाला, परीक्षा करने वाला ।
वीमंसन, नपु०, विमर्श करना, खोज-बीन करना ।
वीमंसा, स्त्री०, छान-बीन, परीक्षण ।
वीमंसति, क्रिया, विमर्श करता है, खोज-बीन करता है, परीक्षण करता है ।
(वीमंसि, वीमंसित, वीमसन्त, वीमंसित्वा, वीमंसिय) ।
वीमंसी, पु०, खोज-बीन करने वाला, परीक्षण करने वाला ।
वीर, वि०, बहादुर, पु०, वीर (आदमी) ।

वीरक जातक, साविट्ठिक नाम का कौवा वीरक नाम के कौवे का नौकर बन, वीरक की मारी हुई मछलियाँ खाता रहा (२०४)।
वीयति, क्रिया, बुनता है।
वीरु, स्त्री०, लता।
वीसति, स्त्री०, बीस।
वीसतिम, वि०, बीसवाँ।
वीहि, पु०, धान।
वुच्चति, क्रिया, कहा जाता है।
वुच्चमान, कृदन्त, कहा जाता हुआ।
वुट्ठ, कृदन्त, वारिश का भीगा।
वुट्ठहति, (वुट्ठाति भी), क्रिया, उठता है।
(वुट्ठहि, वुट्ठासि, वुट्ठहित, वुट्ठहन्त, वुट्ठहित्वा, वुट्ठाय)।
वुट्ठान, नपु०, उत्थान।
वुट्ठापेति, क्रिया, उठवाता है।
(वुट्ठापेसि, वुट्ठापित, वुट्ठापेत्वा)।
वुट्ठि, स्त्री०, वर्षा।
वुट्ठिक, वि०, वर्षा वाला।
वुड्ढ, वि०, वृद्ध, ज्येष्ठ।
वुड्ढतर, वि०, वृद्धतर, ज्येष्ठतर।
वुड्ढि, स्त्री०, वृद्धि, ऐश्वर्य।
वुत्त, कृदन्त, कहा गया, बोया गया; नपु०, कहा गया वचन, बोया गया बीज।
वुत्तप्पकार, वि०, कथनानुसार।
वुत्तप्पकारेन, क्रि० वि०, उक्त कथनानुसार।
वुत्त-वादी, पु०, दोहराने वाला, कथित बात को कहने वाला।
वुत्त-सिर, मुण्डित सिर।
वुत्ति, स्त्री०, व्यवहार, आचरण, जीविका।
वुत्तिक, वि०, अभ्यस्त।
वुत्तिका, स्त्री०, वृत्ति का भाव।
वुती, वि०, अभ्यस्त।
वुत्य, क्रि०-वि०, रहकर, समय बिताकर।
वुत्थ-वस्स, वि०, जिसने 'वर्षा-वास' किया हो।
वुद्ध, देखो वुड्ढ।
वुद्धि, देखो वुड्ढि।
वुद्धिप्पत्त, वि०, आयु-प्राप्त, विवाह करने योग्य।
वुद्धियुत्त, वि०, समृद्ध।
वुद्धिरोग, पु०, अण्डकोश की वृद्धि।
वुय्हति, क्रिया, ले जाया जाता है।
(वुय्हि, वूळ्ह, वुय्हमान)।
वुय्हन, नपु०, ढोया जाना।
वुस, पु०, बैल।
वुसित, कृदन्त, वास किया।
वुसितत्त, नपु०, रहना।
वुसित-भाव, पु०, निवास का भाव।
वुस्सति, क्रिया, रहा जाता है।
वूपकट्ठ, वि०, एकान्त-सेवी।
वूपसन्त, कृदन्त, शान्ति-प्राप्त।
वूपसमन, नपु०, शान्ति।
वूपसमेति, क्रिया, शान्त करता है।
(वूपसमेसि, वूपसमित, वूपसमेन्त, वूपसमेत्वा)।
वूपसम्मति, क्रिया, उपशमित होता है, शान्त होता है।
वूळ्ह, कृदन्त, ले जाया गया।
वे, अव्यय, वास्तव में, स्थिर रूप से।

वेकल्ल, नपु०, विकल-भाव ।

वेकल्लता, स्त्री०, अंग-विकृति ।

वेग, पु०, शक्ति, गति, जोर ।

वेजयन्त, पु०, इन्द्र के महल का नाम ।

वेज्ज, पु०, वैद्य ।

वेज्ज-कम्म, नपु०, वैद्य-कर्म, चिकित्सा ।

वेठक, वि०, लपेटने वाला, घेरने वाला ।

वेठन, नपु०, लपेट, पगडी ।

वेठियमान, कृदन्त, लपेटे जाते हुए या मरोडे जाते हुए ।

वेठेति, क्रिया, लपेटता है । (वेठेसि, वेठित, वेठेन्त, वेठेत्वा) ।

वेण, पु०, टोकरी बनाने वाला ।

वेणविक, पु०, वशी बजाने वाला ।

वेणिक, पु०, वीणा बजाने वाला ।

वेणी, स्त्री०, बालों की लट ।

वेणी-कत, वि०, गूँथा हुआ सिर ।

वेणी-करण, नपु०, गूँथना, गट्ठर बाँधना ।

वेणु, पु०, बाँस ।

वेणु-गुम्ब, पु०, बाँसों का झुड ।

वेणु-बलि, पु०, बाँस के रूप मे कर (=टैक्स) चुकता करना ।

वेणु-वन, नपु०, बाँसो का वन ।

वेतन, नपु०, मजदूरी, तनख्वाह, फीस ।

वेतनिक, नपु०, वैतनिक, वेतन पर काम करने वाला, किराये का टट्टू ।

वेतरणी, स्त्री०, नरक की त्रास-दायिनी नदी ।

वेतस, पु०, सरकण्डा, नरकट ।

वेतालिक, पु०, राजदरबारी कलाकार, संगीतज्ञ, गायक ।

वेति, क्रिया, लुप्त हो जाता है, अन्तर्धान हो जाता है ।

वेत्त, नपु०, बेंत ।

वेत्तग्ग, नपु०, बेंत का सिरा ।

वेत्त-लता, स्त्री०, बेंत की छडी ।

वेद, पु०, धार्मिक भावना, अनुभूति, ब्राह्मणो के 'स्वयं-प्रमाण' माने जाने वाले चार ग्रन्थ ।

वेदगू, पु०, उच्चतम ज्ञान-प्राप्त ।

वेदजात, वि०, आनन्दित ।

वेदन्तगू, पु०, ज्ञान की पराकाष्ठा पर पहुँचा हुआ ।

वेदन्त-पारगू, पु०, ज्ञान के दूसरे छोर तक गया हुआ ।

वेदक, पु०, अनुभव करने वाला या भोगने वाला ।

वेदनट्ट, वि०, कष्ट से पीडित ।

वेदना, स्त्री०, पीडा, इन्द्रिय-जनित अनुभूति ।

वेदनाक्खन्ध, पु०, वेदना-स्कन्ध, वेदना-समूह ।

वेदब्भ जातक, वेदब्भ-मन्त्र के जानकार ब्राह्मण की कथा । लोभी डाकुओ ने प्राण गँवाये, (४८) ।

वेदयित, नपु०, अनुभूति, अनुभव ।

वेदिका (वेदी भी), स्त्री०, वेदिका, प्लेट-फार्म ।

वेदित, कृदन्त, ज्ञात ।

वेदियति, क्रिया, अनुभव किया जाता है ।

वेदियमान, कृदन्त, अनुभव किया जाता हुआ ।

वेदेति, अनुभव करता है, जानता है । **(वेदेसि, वेदेन्त, वेदेत्वा)** ।

वेदेह, वि०, विदेह देश का ।
वेदेहीपुत्त, पु०, विदेह की राजकुमारी का पुत्र ।
वेध, पु०, बीधना ।
वेधन, नपु०, तीर मारना ।
वेधति, क्रिया, कांपता है । (वेधि, वेधित, वेधित्वा) ।
वेधी, पु०, बींधने वाला ।
वेनयिक, पु०, 'विनय' का विशेषज्ञ ।
वेनेय्य, वि०, 'विनीत' बनाया जा सकने वाला, शिक्षणीय ।
वेपुल्ल, नपु०, विपुलता ।
वेपुल्ल, राजगृह के आसपास के पाँच पर्वतो मे से उच्चतम पर्वत ।
वेभङ्गिय, वि०, बांटने योग्य ।
वेभार, राजगृह के चारो ओर के पर्वत-शिखरो मे से एक ।
वेम, पु०, ढरकी ।
वेमज्झ, नपु०, बीच, मध्य ।
वेमतिक, वि०, सन्दिग्ध ।
वेमत्त, नपु०, सन्देह, भेद ।
वेमत्तता, स्त्री०, द्वैध-भाव, दुविधा ।
वेमातिक, वि०, विमाता वाला, सौतेला ।
वेमानिक, वि०, 'विमान' वाला, दिव्य-भवन का स्वामी ।
वेमानिक-पेत, पु०, विमान-पेत ।
वेय्यग्घ, वि०, बाघ-सम्बन्धी, बाघ के चमड़े से ढका हुआ ।
वेय्यत्तिय, नपु०, स्पष्टता ।
वेय्याकरण, नपु०, व्याख्या; पु०, व्याकरण का जानकार, व्याख्याकार ।
वेय्याबाधिक, वि०, कष्टप्रद ।
वेय्यायिक, नपु०, खर्च ।
वेय्यावच्च, नपु०, सेवा, कर्तव्य ।
वेय्यावच्चकर, पु०, सेवक, नौकर ।
वेय्यावतिक, पु०, सेवक, नौकर ।
वेर, नपु०, वैर ।
वेरज्जक, वि०, नाना राज्यो का ।
वेरञ्जा, नगर-विशेष, जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना एक वर्षा-वास बिताया ।
वेरमणी, स्त्री०, विरति ।
वेरम्भ-वात, पु०, पर्वत-प्रदेशो मे चलने वाली हवा ।
वेरिक, वि०, शत्रुभाव लिये, द्वेषी ।
वेरी, वि०, शत्रु ।
वेरी जातक, डाकुओ के डर से बैलो को तेज भगाया और धनी व्यापारी सकुशल घर लौट आया (१०३) ।
वेरोचन, पु०, सूर्य ।
वेला, स्त्री०, समय ।
वेलातिक्कम, पु०, समय की सीमा को लाँघ जाना ।
वेल्लित, वि०, टेढा, घुंघराले (बाल)।
वेल्लितग्ग, वि०, घुंघराले बालो का सिरा ।
वेवचन, पर्याय-वचन, समानार्थी वचन ।
वेवण्णिय, नपु०, विवरण करना, बदरग करना ।
वेस, पु०, वेश, भेष ।
वेसम्म, नपु०, विषमता ।
वेसाख, पु०, वैशाख महीना । बुद्ध का जन्म, ज्ञान-प्राप्ति, परिनिर्वाण—सभी वैशाख में हुए माने जाते हैं ।
वेसारज्ज, नपु०, विशारदता, आत्म-विश्वास ।
वेसाली, लिच्छवियो की प्रसिद्ध राजधानी वैशाली ।
वेसिया, (वेसी भी), स्त्री०, वेश्या ।

वेस्म, नपु०, निवास-स्थान, घर ।
वेस्स, पु०, वैश्य ।
वेस्सन्तर जातक, वेस्सन्तर राजा की दानशीलता की कथा (५४७) ।
वेहास, पु०, आकाश ।
वेहास-कुटी, स्त्री०, ऊपर के तल्ले पर हवादार कमरा ।
वेहास-गमन, नपु०, आकाश-गमन ।
वेहासट्ठ, वि०, आकाश-स्थित ।
वेळु, देखो वेणु ।
वेळुरिय, नपु०, वैडूर्य ।
वेळुक जातक, बाँस मे रखे, पोषित साँप ने सपेरे को काटा (४३) ।
वेळुवन, राजगृह के समीप राजा बिम्बसार का प्रमोद-उद्यान, जो बाद मे बुद्ध-प्रमुख भिक्षु-सघ को अर्पित कर दिया गया था।
वो, तुम्ह का पर्याय, तुम ।
वोकार, पु०, रूप, वेदना आदि पाँच स्कन्ध ।
वोकिण्ण, कृदन्त, मिला-जुला, ढका हुआ ।
वोक्कमति, क्रिया, एक ओर हो जाता है ।
(वोक्कमि, वोक्कन्त, वोक्कम्म, वोक्कमित्वा) ।
वोच्छिज्जति, क्रिया, कटता है।
(वोच्छिज्जि, वोच्छिन्न, वोच्छिज्जित्वा) ।
वोत्थपन, नपु०, परिभाषा ।
वोदक, वि०, जल-रहित ।
वोदपन, नपु०, शुद्धि ।
वोदपेति, क्रिया, शुद्ध करता है।
वोदन, नपु०, शुद्धि ।
वोमिस्सक, वि०, मिश्रित ।
वोरोपन, नपु०, वञ्चित ।
वोरोपेति, क्रिया, वञ्चित करता है ।
(वोरोपेसि, वोरोपित, वोरोपेन्त, वोरोपेत्वा) ।
वोलोकेति, क्रिया, परीक्षा करता है ।
वोसित, वि०, समाप्त, पूरा हुआ ।
वोस्सग्ग, पु०, दान ।
वोस्सजन, नपु०, परित्याग ।
वोस्सजति, क्रिया, परित्याग करता है ।
(वोस्सजि, वोस्सट्ठ, वोस्सजित्वा, वोस्सज्ज) ।
वोहरति, क्रिया, व्यवहार मे लाता है, प्रकट करता है ।
(वोहरि, वोहरित, वोहरन्त, वोहरित्वा) ।
वोहरियमान, कृदन्त, बुलाया जाता हुआ ।
वोहार, पु०, बुलाना, प्रकट करना, उपयोग, व्यापार, कानून ।
वोहारिक, पु०, व्यापारी, न्यायाधीश ।
वोहारिकामच्च, पु०, मुख्य न्यायाधीश ।
व्यग्घ, पु०, बाघ ।
व्यग्घ जातक, बाघ और सिंह के जगल से चले जाने पर लोग जगल के पेड काटने लगे । वृक्ष देवता कुछ न कर सके (२७२) ।
व्यञ्जन, नपु०, दाल-सब्जी, चिह्न ।
व्यञ्जेति, क्रिया, प्रकट करता है, सकेत करता है ।
(व्यञ्जयि, व्यञ्जित) ।
व्यत्त, वि०, पण्डित ।

ब्यत्ततर, वि०; बडा पण्डित, अधिक होश्यार।
ब्यत्तता, स्त्री०, पाण्डित्य, होशियारी।
ब्यथति, क्रिया, कष्ट देता है, दवाता है।
(ब्यथि, ब्यथित, ब्यथित्वा)।
ब्यन्तिकरोति, क्रिया, नष्ट करता है।
(ब्यन्तिकरि, ब्यन्तिकत, ब्यन्तिकरित्वा)।
ब्यन्तिभवति, क्रिया, रोकता है, रुकता है।
(ब्यन्तिभवि, ब्यन्तिभूत)।
ब्यपगच्छति, क्रिया, विदा होता है।
(ब्यपगमि, ब्यपगत)।
ब्यम्ह, नपु०, विमान, महल।
ब्यसन, नपु०, दुर्भाग्य।
ब्याकत, कृदन्त, व्याख्यात।
ब्याकरण, नपु०, व्याकरण, व्याख्या।
ब्याकरियमान, कृदन्त, व्याख्या किया जाता हुआ।
ब्याकरोति, क्रिया, व्याख्या करता है।
(ब्याकरि, ब्याकत, ब्याकरित्वा)।
ब्याकुल, वि०, गडवडाया हुआ।
ब्याख्याति, क्रिया, सूचित करता है।
(ब्याख्यासि, ब्याख्यात)।
ब्याध, पु०, शिकारी।
ब्याधि, पु०, रोग।
ब्याधित, वि०, रोगी।
ब्यापक, वि०, व्याप्त।
ब्यापज्जति, क्रिया, असफल होता है।
ब्यापज्जना, स्त्री०, असफलता, क्रोध।
ब्यापन्न, कृदन्त, मार्ग-भ्रष्ट।
ब्यापाद, पु०, द्वेष।
ब्यापादेति, क्रिया, बिगाडता है।
ब्यापार, पु०, पेशा।
ब्यापारित, कृदन्त, उत्तेजित।
ब्यापित, कृदन्त, पूरित।
ब्यापेति, क्रिया, व्याप्त होता है, सर्वत्र फैलता है।
(ब्यापेसि, ब्यापेन्त, ब्यापेत्वा)।
ब्याबाधेति, क्रिया, हानि पहुँचाता है।
(ब्याबाधेसि, ब्याबाधित, ब्याबाधित्वा)।
ब्याभङ्गी, लाठी लिये जाते हुए।
ब्याम पु०, लम्बाई या गहराई का माप।
ब्यावट्ट, वि०, व्यावृत्त, सलग्न।
ब्यासत्त, वि०, आसक्त।
ब्यासेचन, नपु०, सींचना, छिडकना।
ब्याहरति, क्रिया, बोलता है, बातचीत करता है।
(ब्याहरि, ब्याहट, ब्याहरित्वा)।
ब्यूह, पु०, सैनिक व्यवस्था, व्यूह-रचना।

स

स, वि०, स्वकीय, अपना, सहित।
स, सो, कर्ता एकवचन का एक रूप।
स-उपादान, वि०, आसक्ति-सहित।
स-उपादिसेस, वि०, शरीर रहते (निर्वाण)।
सक, वि०, स्वकीय, पु०, सम्बन्धी, नपु०, अपनी निजी सम्पत्ति।
सक-मन, वि०, आनन्दित।
सकङ्ख, वि०, कङ्खा सहित, सन्देह सहित।

सकट, पु० तथा नपु०, गाडी ।
सकट-भार, पु०, गाडी का भार ।
सकट-वाह, पु०, गाडी का भार ।
सकट-व्यूह, पु०, गाड़ियो का (चक्र-) व्यूह ।
सकण्टक, वि०, कटक-सहित ।
सकदागामी, पु०, धर्म-पथ का ऐसा पथिक, जिसके पुन. एक ही वार और इस समार मे जन्म लेने की समावना हो।
सक-वल, वि०, अपना वल ।
स-कवल, वि०, सहित-कौर ।
स-कम्म, नपु०, स्वकीय कर्म ।
स-कम्मक, वि०, सकर्मक (क्रिया) ।
स-करणीय, वि०, जिसके लिए 'करणीय' शेष है ।
स-कल, वि०, सम्पूर्ण, तमाम ।
स-कलिका, स्त्री०, खमाची ।
स-कास, पु०, पडोस ।
स-किच्च, नपु०, स्वकीय कार्य ।
स-किञ्चन, वि०, दुनियावी वस्तुओ का मालिक, आसक्तियुक्त ।
सकि, क्रि० वि०, एक वार ।
सकीय, वि०, स्वकीय, अपना ।
सकुण, पु०, पक्षी ।
सकुणग्घी, पु०, वाज ।
सकुणी, स्त्री०, पक्षी ।
सकुण जातक, पक्षिराज ने पक्षियो को सावधान किया कि उनके घोंसलों में आग लगने वाली है (३६) ।
सकुणग्घी जातक, वटेर ने अपनी चतुराई से वाज की जान ली (१६०) ।
सकुन्त, पु०, पक्षी ।
सक्क, वि०, योग्य, समर्थ, संभव; पु०, शाक्य वंश, देवेन्द्र शक्र ।
सक्कच्च, पूर्व० क्रिया, भली भाँति तैयारी करके ।
सक्कच्चकारी, पु०, सावधानी वरतने वाला ।
सक्कच्चं, क्रि० वि०, सावधानी से ।
सक्कत, कृदन्त, सत्कृत, सम्मानित ।
सक्कत्त, नपु०, शक्रत्व, देवेन्द्र शक्र की-सी स्थिति ।
सक्करोति, क्रिया, सत्कार करता है, आदर करता है, आतिथ्य करता है । (सक्करि, सक्कत, सक्करोन्त, सक्करितब्व, सक्कातब्ब, सक्कत्वा, सक्करित्वा, सक्करोयति, सक्करितु, सक्कातुं) ।
सक्का, अव्यय, शक्य, सम्भव ।
सक्काय, पु०, विद्यमान शरीर, सत्काय ।
सक्काय-दिट्ठि, आत्म-दृष्टि ।
सक्कार, पु०, सत्कार ।
सक्कुणाति, क्रिया, समर्थ होता है । (सक्कुणि, सक्कुणन्त, सक्कुणित्वा) ।
सक्कुणेय्यत्त, सम्भावना ।
सक्कोति, क्रिया, समर्थ होता है । (सक्कि, सक्खि, सक्कोन्त) ।
सक्खर, नपु०, मुहरवाली अंगूठी ।
सक्खरा, स्त्री०, शर्करा, शक्कर ।
सक्खलि, (सक्खलिका भी), स्त्री०, छिद्र ।
सक्खि, आमने-सामने ।
सक्खिक, (सक्खी भी), वि०, साक्षी, गवाह ।
सक्खि-दिट्ठ, वि०, आमने-सामने

दिखाई दिया ।
सक्खि-पुट्ठ, वि०, गवाह के रूप में पूछा गया ।
सक्क-पुत्तिय, शाक्य-पुत्र, बौद्ध-भिक्षुओं को दिया गया नाम ।
सक्क-मुनि, भगवान् बुद्ध का ही एक नाम, शाक्य मुनि ।
सक्क-सीह, पु०, गौतम बुद्ध का एक अधिवचन ।
सख, (सखि भी), पु०, मित्र ।
सखिल, वि०, मधुर भाषी ।
सख्य, नपु०, सखा-भाव, मैत्री ।
सगब्भ, वि०, गर्भवती ।
सगाह, (सगह भी), वि०, भयानक जन्तुओं (घड़ियालों) से युक्त ।
सगामेय्य, वि०, एक ही ग्राम के ।
सगारव वि०, गौरव सहित ।
सगारव, क्रि० वि०, गौरव सहित ।
सगारवता, स्त्री०, आदर, गौरव, सम्मान ।
सगोत्त, वि०, एक ही गोत्र के ।
सग्ग, पु०, स्वर्ग ।
सग्ग-काय, पु०, स्वर्गीय सभा ।
सग्ग-मग्ग, पु०, स्वर्ग-मार्ग ।
सग्ग-लोक, पु०, स्वर्ग-प्रदेश ।
सग्ग-संवत्तनिक, स्वर्गाभिमुख ।
सग्ग-वासी, पु०, देवतागण ।
सग्गुण, पु०, सद्गुण ।
सङ्कट, नपु०, तंग स्थान ।
सङ्कटीर, नपुं०, कूड़े-कचरे का ढेर ।
सङ्कड्ढति, क्रिया, एकत्र करता है ।
(सङ्कड्ढि, सङ्कड्ढित्वा) ।
सङ्कति, क्रिया, सदेह करता है, शंका करता है ।
(सङ्कि, सङ्कित, सङ्कमान, सङ्कित्वा) ।
सङ्कन्तति, क्रिया, चारों ओर से काटता है ।
(सङ्कन्ति, सङ्कन्तित, सङ्कन्तित्वा) ।
सङ्कन्तिक,वि०, साक्रान्तिक, एक अवस्था में से दूसरी में जाना ।
सङ्कन्तिक-रोग, पु०, छूत की बीमारी ।
सङ्कप्प, पु०, इरादा ।
सङ्कप्प जातक, राजा के बाहर गए रहने पर तपस्वी रानी के शरीर का नग्न अंश देख, उस पर आसक्त हो गया (२५१) ।
सङ्कप्पेति, क्रिया, संकल्प करता है ।
(सङ्कप्पेमि, सङ्कप्पित, सङ्कप्पेत्वा) ।
सङ्कमति, क्रिया, संक्रमण करता है ।
(सङ्कमि, सङ्कन्त, सङ्कमित्वा) ।
सङ्कमन, नपु०, रास्ता, पुल ।
सङ्कम्पति, क्रिया, कांपता है ।
(सङ्कम्पि, सङ्कम्पित, सङ्कम्पित्वा) ।
सङ्कर, वि०, आनन्द-दायक, मिश्रित ।
सङ्कलन, नपु०, संग्रह ।
सङ्कस्स, स्वर्ग में अभिधम्म का उपदेश देने के बाद भगवान बुद्ध की स्वर्गावतरण भूमि ।
सङ्का, स्त्री०, शंका, सन्देह ।
सङ्कायति, क्रिया, शंका करता है ।
सङ्कार, पु०, कूड़ा-करकट ।
सङ्कार-कूट, पु०, कूड़े करकट का ढेर ।
सङ्कार-चोळ, नपु०, कूड़े-कचरे के ढेर पर से उठाया गया चीथड़ ।
सङ्कारट्ठान, नपु०, कूड़ा-कचरा फेंकने की जगह ।

सङ्कास, वि०, समान, एक जैसा।
सङ्कासना, स्त्री०, व्याख्या।
सङ्किच्च जातक, सकिच्च ने राजकुमार को पितृ-हत्या के सकल्प से विरत रखने का प्रयास किया (५३०)।
सङ्कित्तन, नपु०, सकीर्तन, प्रचारित करना।
सङ्किलिट्ठ, कृदन्त, मैला हुआ।
सङ्किलिस्सति, क्रिया, अशुद्ध होता है, मैला होता है।
(सङ्किलिस्सि, सङ्किलिस्सित्वा)।
सङ्किलिस्सन, नपुं०, अशुद्धि, मैल।
सङ्किलेस, पु०, चित्त-मैल।
सङ्किलेसिक, वि०, हानिकारक।
सङ्की, वि०, सन्देह करने वाला।
सङ्कु, पु०, खूंटा।
सङ्कु-पथ, खूंटो की सहायता से चलने लायक मार्ग।
सङ्कुचित, क्रिया, सकोच करता है।
(सङ्कुचि, सङ्कुचित, सङ्कुचित्वा)।
सङ्कुचन, नपुं०, सिकोडना।
सङ्कुचित, वि०, सिकुडा।
सङ्कुपित, कृदन्त, क्रुद्ध।
सङ्कुल, वि०, भरा हुआ, भीड सहित।
सङ्केत, पु० तथा नपु०, निशान, चिह्न।
सङ्केत-कम्म, नपु०, समझौता।
संकोच, पु०, हिचकिचाहट।
सङ्कोचेति, हिचकिचाता है, सिकुडता है।
सङ्कोप, पु०, कुपित करना, विघ्न उपस्थित करना।
सङ्ख, पु०, शख।
सङ्खट्ठी, पु०, कुष्ठ-रोगी, कोढी।
सङ्ख-थाल, पु०, शख-थाली।
सङ्ख-धम, पु०, शख बजाने वाला।
सङ्ख-नख, पु०, छोटा शख।
सङ्ख-मुण्डिक, नपु०, त्रास देने की विधि विशेष।
सङ्ख-जातक, मणिमेखला ने सप्ताह-भर तक समुद्र में तैरते वीर की सहायता करनी चाही, जिसे उसने अस्वीकार किया (४४२)।
सङ्ख जातक, सुसीम के पिता ने मृत पुत्र का सम्मान किया। यह कथा जातकट्ठकथा मे नहीं है।
सङ्खत, कृदन्त, सस्कृत, समुत्पन्न।
सङ्खधम्म जातक, पुत्र ने पिता को वार-वार शख बजाने से मना किया (६०)।
सङ्खपाल जातक, तपस्वी ने शखपाल नाग को धर्मोपदेश दिया (५२४)।
सङ्खय, पु०, हानि।
सङ्खरण, नपु०, मरम्मत, तैयारी।
सङ्खरोति, मरम्मत करता है, सस्कार करता है।
(सङ्खरि, सङ्खत, सङ्खरोन्त, सङ्खरित्वा)।
सङ्खला, स्त्री०, हाथी के पांव की शृखला।
सङ्खलिका, स्त्री०, बेडी।
सङ्खा, (सख्या भी), स्त्री०, गिनती।
सङ्खात, (संख्यात भी), कृदन्त, (अमुक) नाम का।
सङ्खादति, क्रिया, चबाता है।
(सङ्खादि, सङ्खादित, सङ्खादित्वा)।
सङ्खान, (सख्यान भी), नपु० गिनती।

सङ्खाय, पूर्व० क्रिया, विचार करके, मनन करके।
सङ्खार, पु०, सस्कार।
सङ्खारक्खन्ध, पु०, सस्कार-स्कन्ध।
सङ्खार-दुक्ख, नपु०, (उपादान) सस्कार-दुख।
सङ्खार-लोक, पु०, सम्पूर्ण प्रकृति।
सङ्खित्त, कृदन्त, सक्षिप्त।
सङ्खिपति, क्रिया, सक्षेप करता है। (सङ्खिपि, सङ्खिपन्त, सङ्खिपमान, सङ्खिपितब्ब, सङ्खिपित्वा, सङ्खिपितु)।
सङ्खुभति, क्रिया, क्षुब्ध होता है। (सङ्खुभि, सङ्खुभित, सङ्खुभित्वा)।
सङ्खुभन, नपु०, क्षोभ।
सङ्खेप, पु०, सक्षेप, साराश।
सङ्खेय्य, वि०, जिसकी गिनती की जा सके।
सङ्खेय्य परिवेण, सागल का वह विहार, जिसमे राजा मिलिन्द के साथ शास्त्रार्थ करने वाले भिक्षु नागसेन रहते थे।
सङ्खोभ, पु०, क्षोभ, हलचल।
सङ्खोभेति, क्रिया, क्षुब्ध करता है। (सङ्खोभेसि, सङ्खोभित, सङ्खोभेन्त, सङ्खोभेत्वा)।
संख्या-भेद, पु०, सख्या-विशेष जैसे एक लाख।
सङ्ग, पु०, आसक्ति।
सङ्गच्छति, क्रिया, साथ-साथ चलता है।
(सङ्गच्छि, सङ्गत, सङ्गन्त्वा)।
सङ्गणिका, स्त्री०, समाज।
सङ्गणिकाराम, वि०, जिसे समाज मे रहना पसन्द हो।
सङ्गणिकारत, वि०, जिसे लोगो मे रहना पसन्द हो।
सङ्गण्हाति, क्रिया, सग्रह करता है, शालीनता का व्यवहार करता है। (सङ्गण्हि, सङ्गण्हन्त, सङ्गहेत्वा, सङ्गहित्वा, सङ्गण्हित्वा, सङ्गय्ह)।
सङ्गम, पु०, मेल।
सङ्गर, पु०, मित्रता, रिश्वत, युद्ध, प्रतिज्ञा आदि अर्थों मे।
सङ्गह, पु०, सग्रह, आतिथ्य।
सङ्गति, स्त्री०, साथ रहना।
सङ्गाम, पु०, सग्राम, युद्ध।
सङ्गामावचर, वि०, प्राय युद्ध-रत।
सङ्गामावचर जातक, पीलवान के वचनो ने आक्रामक हाथी को उत्साहित किया (१८२)।
सङ्गमेति, क्रिया, सग्राम करता है। (सङ्गामेसि, सङ्गामित, सङ्गामेत्वा)।
सङ्गायति, क्रिया, सगायन करता है। (सङ्गायि, सङ्गीत, सङ्गायित्वा)।
सङ्गाह, पु०, सग्रह।
सङ्गाहक, वि०, सग्रह करने वाला।
सङ्गीति, स्त्री०, तिपिटक के वचनो का सगायन करने के लिए अर्हतो का सम्मेलन।
सङ्गीति-कारक, पु०, सगीति करने वाले अर्हत् गण।
सङ्घ, पु०, समूह, परिषद्, भिक्षुओ की मण्डली।
सङ्घ-कम्म, नपु०, भिक्षु-सघ के सदस्यो द्वारा किया गया धार्मिक कार्य।
सङ्घ-गत, वि०, संघ को दिया गया

(दान) ।

सङ्घ-थेर, पु०, सग का ज्येष्ठतम भिक्षु ।

सङ्घ-भत्त, नपु०, सघ को कराया गया भोजन ।

सङ्घ-भेद, पु०, सघ मे फूट ।

सङ्घ-भेदक, पु०, सघ मे भेद पैदा करने वाला ।

सङ्घ-मामक, वि०, सघ के प्रति ममत्व रखने वाला ।

सङ्घटेति, क्रिया, सघटन करता है ।
(सङ्घटेसि, सङ्घटित, सङ्घटेत्वा) ।

सङ्घट्टन, नपु०, सगठन, चोट पहुँचाना ।

सङ्घट्टेति, क्रिया, चोट पहुँचाता है, उत्तेजित करता है ।
(सङ्घट्टेसि, सङ्घट्टित, सङ्घट्टेत्वा) ।

सङ्घमित्ता थेरी, अशोक-पुत्री तथा महास्थविर महिन्द की बहन । उसका जन्म उज्जेनी मे हुआ था । वहीं बुद्ध गया से बोधि वृक्ष की शाखा लेकर सिहल-द्वीप पहुँची थी ।

सङ्घाट, पु०, जोड, मेल, बेडा ।

सङ्घाटी, स्त्री०, बौद्ध भिक्षु के तीन चीवरो मे से एक ।

सङ्घात, पु०, आक्रमण, उँगलियो का चटखाना, सग्रह ।

सङ्घिक, वि०, सघ सम्बन्धी, संघ की मिलकियत ।

सङ्घी, वि०, संघ या समूह का नेता ।

सङ्घुट्ठ, कृदन्त, घोषित, गूंजता हुआ ।

सचित्त, नपु०, अपना चित्त ।

सचित्तक, वि०, चित्त वाला ।

सचिव, पु०, राजा का मन्त्री ।

सचे, अव्यय, यदि, अगर ।

सचेतन, वि०, चेतना-युक्त, प्राणवान् ।

सच्च, नपु०, सत्य, सच; वि०, सत्य (वचन)।

सच्च-अभिसमय, पु०, सत्य का ज्ञान ।

सच्चकार, पु०, प्रतिज्ञा ।

सच्च-किरिया, स्त्री०, किसी सत्य बात की बाजी लगाकर कोई कामना करना ।

सच्चङ्किर जातक, दुष्ट राजकुमार अकृतज्ञ निकला (७३) ।

सच्च-पटिवेध, पु०, सत्य का साक्षात्-कार।

सच्चबद्ध, श्रावस्ती तथा सूनापरन्त के बीच का कोई पर्वत ।

सच्च-वाचा, स्त्री०, सत्य वाणी ।

सच्चवादी, पु०, सत्य बोलने वाला ।

सच्च-सन्ध, त्रि०, विश्वसनीय ।

सच्चापेति, क्रिया, शपथ दिलाता है ।
(सच्चापेसि, सच्चापित, सच्चापेत्वा) ।

सच्छिकरण, नपु०, साक्षात् करना ।

सच्छिकरणीय, वि०, साक्षात् करने योग्य ।

सात, नपु०, आनन्द, आराम, वि०, आनन्ददायक ।
सातकुम्भ, नपु०, स्वर्ण, सोना ।
सातच्च, नपु०, सातत्य, लगातार लगे रहना ।
सातच्चकारी, पु०, लगातार कार्यरत ।
सातच्चकिरिया, स्त्री०, लगातार लगे रहना ।
सातितक, वि०, लगातार लगे रहने वाला ।
साति, स्त्री०, सत्ताईस नक्षत्रों मे से एक ।
सातोदिका, सुरट्ठ (सूरत) मे एक नदी ।
सात्थ, सात्थक, वि०, उपयोगी, अर्थ सहित ।
साथलिक, वि०, शिथिल, ढीला-ढाला ।
सादर, वि०, आदर सहित ।
सादर, क्रि० वि०, आदर के साथ, प्रेम-पूर्वक ।
सादियति, क्रिया, स्वीकार करता है, आनन्द मनाता है, स्वीकार करता है, अनुमति देता है । (सादियि, सादित, सादियत, सादिय-मान, सादियित्वा) ।
सादियन, नपु०, स्वीकृति ।
सादियना, स्त्री०, अङ्गीकार करना ।

सादिस, वि०, सदृश, समान ।

सादु, वि०, स्वादु, स्वादिष्ट जायकेदार ।

सादुतर, वि०, अधिक स्वादिष्ट, अधिक मधुर ।

सादु-रस, वि०, स्वादिष्ट रस ।

साधक, वि०, जो घटित हो सके, जो प्रमाणित हो सके ।

साधन, नपु०, प्रमाण, सहायक-कृति, ऋण-मुक्ति ।

साधारण, वि०, सामान्य ।

साधिक, वि०, अधिकता लिये ।

साधित, कृदन्त, प्रमाणित, घटित, ऋण-मुक्त ।

साधिय, वि०, जो सम्पन्न किया जा सके, जो प्रमाणित किया जा सके ।

साधीन जातक, मिथिला के साधीन नामक नरेश की दानशीलता का वर्णन (४९४) ।

साधु, वि०, अच्छा, लाभप्रद, शील-सम्पन्न; अव्यय, हाँ, बहुत अच्छा ।

साधुक, क्रि० वि०, अच्छी तरह ।

साधु-कम्यता, स्त्री०, कार्य के भली प्रकार सम्पन्न होने की इच्छा ।

साधु-कार, पु०, 'बहुत अच्छा किया' कहने का भाव ।

साधु-कीळन, नपु०, एक पवित्र त्योहार ।

साधु-रूप, वि०, अच्छे स्वभाव का ।

साधु-सम्मत, वि०, आदृत, भले आदमियों द्वारा प्रशसित ।

साधुसील जातक, ब्राह्मण ने आचार्य का उपदेश मानकर अपनी चारों लड़कियाँ शील-सम्पन्न व्यक्ति को दीं । (२००) ।

साधेति, क्रिया, (किसी कार्य को) सिद्ध करता है, (किसी बात को) प्रमाणित करता है, ऋण उतारता है ।
(साधेसि, साधेत्वा, साधेन्त) ।

सानु, पु० तथा नपु०, ऊँची भूमि ।

सानुचर, वि०, अनुचरों सहित ।

सानुवज्ज, वि०, सदोष ।

साप, पु०, शाप ।

सापतेय्य, नपु०, सम्पत्ति, धन ।

सापत्तिक, वि०, आपत्ति-प्राप्त, जिसने विनय के नियमो का उल्लघन किया हो ।

सापद, नपु०, ऐसा जानवर जिसका शिकार किया जाय ।

सापदेस, वि०, कारण सहित ।

सापेक्ख, (सापेख भी), वि०, अपेक्षा-सहित, आशावान् ।

सा-बन्धन, नपुं०, कुत्ते की जजीर ।

साम, वि०, श्याम, काला; पु०, शान्ति, साम(-वेद) ।

साम जातक, राजा दशरथ द्वारा श्रवण कुमार की हत्या की कथा से मिलती-जुलती कथा (५४०) ।

सामं, अव्यय, स्वयं, अपने आप ।

सामग्गी, स्त्री०, एकता, मेल-जोल ।

सामग्गिय, नपु०, एकता का भाव ।

सामच्च, वि०, मन्त्रियो या मित्रो सहित ।

सामञ्ञ, नपुं०, श्रमण-भाव ।

सामञ्ञता, स्त्री०, श्रमणों के प्रति आदर का भाव ।

सामञ्ञ-फल, नपु०, श्रमण-जीवन का

फल ।

सामणक, वि०, श्रमण के लिए योग्य अथवा आवश्यक ।

सामणेर, पु०, श्रामणेर, किसी भिक्षु का शिष्य, भिक्षु बनने से पूर्व की अवस्था वाला ।

सामणेरी, स्त्री०, किसी भिक्षुणी की शिष्या, भिक्षुणी बनने से पूर्व की अवस्था वाली ।

सामत्थिय, नपुं०, सामर्थ्य, योग्यता ।

सामन्त, नपुं०, पास-पडोस, वि०, पडोस-सम्बन्धी ।

सामयिक, वि०, धार्मिक कर्तव्य, समय सम्बन्धी, अस्थायी ।

सामल, पु०, श्यामल रग ।

सामा, स्त्री०, श्यामा (तुलसी), काले रग की स्त्री ।

सामाजिक, पु०, सस्था, विशेष का सदस्य ।

सामिक, पु०, स्वामी, मालिक ।

सामिनी, स्त्री०, स्वामिनी, मालकिन ।

सामिवचन, नपु०, षष्ठी विभक्ति ।

सामिस, वि०, मास सहित, आहार सहित ।

सामी, पु०, स्वामी, मालिक, पति ।

सामीचि, स्त्री०, उचित, योग्य, मैत्री-पूर्ण आचरण ।

सामीचि-कम्म, नपु०, उचित कार्य, मैत्रीपूर्ण व्यवहार ।

सामीचि-पटिपन्न, वि०, उचित पथ पर आरूढ ।

सामुद्दिक, वि०, समुद्र-पर रहने वाला, समुद्र की यात्रा करने वाला ।

सायक, वि०, चखने वाला ।

सायण्ह, पु०, सन्ध्या समय, साँझ ।

सायण्ह-काल, पु०, साँझ ।

सायण्ह-समय, पु०, सन्ध्या काल, साँझ ।

सायति, क्रिया, चखता है । (**सायि, सायित सायन्त, सायित्वा**) ।

सायन, नपुं०, चखना, स्वाद लेना ।

सायनीय, वि०, चखने योग्य, स्वाद लेने योग्य ।

सार, पु०, तत्त्व, वृक्ष-विशेष का सार-भाग; वि०, आवश्यक, श्रेष्ठ, समर्थ ।

सार-गन्ध, पु०, वृक्ष-विशेष के सार की सुगन्धि ।

सार-गवेसी, वि०, सार खोजने वाला ।

सारमय, वि०, (लकडी के) सार से निर्मित ।

सार-सूचि, मजबूत लकडी की बनी सुई ।

सारवन्तु, वि०, सारवान् ।

सारक्ख, वि०, आरक्षा सहित ।

सारज्जति, क्रिया, आसक्त होता है । (**सारज्जि, सारत्त, सारज्जित्वा**) ।

सारज्जना, स्त्री०, आसक्ति ।

सारत्त, कृदन्त, अनुरक्त ।

सारथि, (**सारथी** भी), पु०, रथ हाँकने वाला ।

सारद (**सारदिक** भी), वि०, शरत् ऋतु सम्बन्धी ।

सारद्ध, वि०, उत्साही ।

सारमेय, पु०, कुत्ता ।

सारम्भ, पु०, क्रोध, उत्तेजना, कलह, विवाद ।

सारम्भ जातक, नन्दि विसाल जातक

की ही पुनरुक्ति (८८)।
सारस, पु०, सारस पक्षी।
साराणीय, वि०, याद कराने योग्य।
सारिवा, स्त्री०, सारसपरिल्ला नामक रक्तशोधक पौधा।
सारिपुत्त, भगवान् बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यो मे से एक। उनका एक नाम उपतिस्स भी है। 'सारि' नाम की माता के पुत्र होने से ही वह 'सारि पुत्त' कहलाये।
सारी, (समास मे), विचरण करने वाला, अनुसरण करने वाला।
सारी, सारिपुत्त की माता का नाम। पूरा नाम था 'रूप-सारि'।
सारीरिक, वि०, शरीर से सम्बन्धित।
सारुप्प, वि०, योग्य, ठीक, उचित।
सारेति, क्रिया, याद कराता है। (सारेसि, सारित, सारेतब्ब, सारेत्वा)।
साल, पु०, श्याल, साला, शाल-वृक्ष।
साल-रुक्ख, पु०, शाल-वृक्ष।
साल-वन, नपु०, शाल-वन।
साल-लट्ठि, स्त्री०, शाल का पौधा।
सालक जातक, एक सँपेरे ने सालक नाम का वन्दर पाला था। वह बन्दर साँप से खेलता था। यही सँपेरे की जीविका का साधन था (२४९)।
सालय, वि०, आलय सहित, आसक्ति सहित।
साला, स्त्री०, शाला, भवन।
सालाकिय, नपु०, आँख का चिकित्सा-शास्त्र, आँख में सलाई डालना।
सालि, पु०, शालि, धान।
सालिक्खेत्त, नपु०, धान का खेत।
सालि-गब्भ, पु०, पकती हुई शालि धान की फसल।
सालि-भत्त, नपु०, चावल का भोजन।
सालिका, स्त्री०, सारिका, मैना।
सालि-केदार जातक, तोता अपने माता-पिता के लिए धान ले जाता था (४८४)।
सालित्तक जातक, बातूनी पुरोहित की कथा (१०७)।
सालित्तक-सिप्प, नपुं०, गुलेल से पत्थर फेंकने की विद्या।
सालिय जातक, गाँव के वैद्य ने लड़के को साँप पकड़ने को भेजा। साँप ने वैद्य की ही जान ली (३६७)।
सालुक, नपुं०, जल-कमल की जड़।
सालूक जातक, सालूक सुअर को खिला-पिलाकर उसका वध किये जाने की कथा (२८६)।
सालोहित, पु०, रक्त-सम्बन्धी, रिश्ते-दार।
सावक, पु०, सुनने वाला, शिष्य।
सावकत्त, नपु०, शिष्य-भाव।
सावक-सङ्घ, पु०, शिष्यो का समूह।
साविका, स्त्री०, शिष्या।
सावज्ज, वि०, सदोष; नपु०, सदोष-पन।
सावज्जता, स्त्री०, सदोष होने का भाव।
सावट्ट, वि०, भँवर-सहित।
सावण, नपु०, घोषणा, सावन का महीना।
सावत्थी, श्रावस्ती, कोसल जनपद की राजधानी।
सावसेस, वि०, अवशेष सहित, अपूर्ण।

सावेति, क्रिया, सुनाता है, घोषणा करता है।
(सावेसि, सावित, सावेन्त, सावयमान, सावेतब्ब, सावेत्वा)।
सावेतु, पु०, सुनाने वाला।
सासङ्क, वि०, आशका-सहित, सन्दिग्ध।
सासति, क्रिया, शिक्षा देता है, शासन करता है।
(सासि, सासित, सासित्वा)।
सासन, नपुं०, शिक्षण, आज्ञा, सन्देश, सिद्धान्त।
सासनकर, सासनकारक, सासनकारी, वि०, आज्ञाकारी, शिक्षा के अनुसार चलने वाला।
सासनन्तरधान, नपु०, (बुद्ध) शासन का लोप।
सासन-हर, पु०, सदेश-वाहक।
सासनावचर, वि०, धर्मानुयायी।
सासनिक, वि०, बुद्ध-शासन सम्बन्धी।
सासप, पु०, सरसो के दाने।
सासव, वि०, आस्रव-सहित, चित्त-मैल युक्त।
साहत्थिक, वि०, अपने हाथ से किया।
साहस, नपुं०, हिंसा, दुस्साहस, मनमानी करना।
साहसिक, वि०, हिंसक या असभ्य।
साहु, अव्यय, अच्छा।
साळव, पु०, कच्ची साग-सब्जी का भोजन।
सिकता, स्त्री०, वालू।
सिक्का, स्त्री०, छीका।
सिक्खति, क्रिया, सीखता है, अभ्यास करता है।
(सिक्खि, सिक्खित, सिक्खन्त, सिक्खमान, सिक्खित्वा, सिक्खितब्ब)।
सिक्खन, नपु०, शिक्षण, अभ्यास।
सिक्खमाना, स्त्री०, शिक्षण-प्राप्त करने वाली।
सिक्खा, स्त्री०, शिक्षा, नियम-पालन।
सिक्खा-काम, वि०, उपदेशानुसार चलने का इच्छुक।
सिक्खापक (सिक्खापनक भी), पु०, शिक्षक।
सिक्खापद, नपु०, शील सम्बन्धी नियम।
सिक्खापन, नपु०, शिक्षण।
सिक्खा-समादान, नपु०, शील ग्रहण करना।
सिक्खित, कृदन्त, शिक्षित।
सिखण्ड, पु०, मोर के सिर की कलँगी।
सिखण्डी, पु०, मोर।
सिखर, नपु०, पर्वत का शिखर।
सिखरी, पु०, शिखर वाला।
सिखा, स्त्री०, शिखा, (दीपक की) लौ।
सिखी, पु०, आग, मोर।
सिगाल, पु०, गीदड।
सिगालक, नपु०, गीदड की आवाज।
सिगाल जातक, गीदड ने ब्राह्मण की चादर मे मल-मूत्र त्यागा (११३)।
सिगाल जातक, आदमी ने मरे होने का नाटक किया। गीदड भाँप गया। आदमी गीदड की जान न ले सका (१४२)।
सिगाल जातक, गीदड हाथी के पेट

मे जाकर कैद हो गया (१४८)।
सिगाल जातक, गीदड ने शेरनी को अपना प्रेम निवेदन किया। शेरनी ने इसे अपना अपमान समझा (१५२)।
सिग्गु, पु०, वृक्ष-विशेष।
सिङ्ग, नपु०, सीग।
सिङ्गार, पु०, सिगार, शृंगार-रस।
सिङ्गिवेर, नपु०, अदरक।
सिङ्गी, वि०, सींग वाला; नपु०, सोना।
सिङ्गी-नद, नपु०, सोना।
सिङ्गी-वण्ण, वि०, सुनहला।
सिङ्घति, क्रिया, नस लेता है, सूँघता है।
(सिङ्घि, सिङ्घित्वा, सिङ्घित)।
सिङ्घाटक, पु० तथा नपु०, चौरस्ता।
सिङ्घाणिका, स्त्री०, नाक की सीढ।
सिज्झति, क्रिया, घटित होता है, सफल होता है, लाभान्वित होता है।
(सिज्झि, सिद्ध)।
सिज्झन, नपु०, घटना का होना, सफल होना।
सिञ्चक, वि०, सींचने वाला।
सिञ्चन, नपु०, सीचना।
सिञ्चति, क्रिया, सींचता है।
(सिञ्चि, सित, सित्त, सिञ्चित, सिञ्चमान. सिञ्चित्वा, सिञ्चापेति)।
सित, वि०, श्वेत, निर्भृत, आसक्त, नपु०, स्मित, मुस्कराहट।
सित्त, कृदन्त, सिञ्चित।
सित्थ, नपु०, मोम, भात का कण।
सित्थावकारकं, क्रि० वि०, भात के दाने बिखेर-बिखेरकर
सित्थक, नपु०, मोम।
सिथिल, वि०, ढीला-ढाला।
सिथिलत्त, नपुं०, शिथिलता, ढीलापन।
सिथिल-भाव, नपु०, ढीलापन।
सिद्ध, कृदन्त, समाप्त, पूरा हुआ, उबला हुआ, पका हुआ; पु०, सिद्ध-पुरुष, जादूगर।
सिद्धत्थ, वि०, जिसका अर्थ सिद्ध हो गया, पु०, शाक्य-मुनि गौतम बुद्ध का नाम।
सिद्धत्थक, नपु०, सरसो के दाने।
सिद्धि, स्त्री०, सफलता।
सिनान, नपु०, स्नान।
सिनिद्ध, वि०, चिकना, नरम।
सिनेरु, सिनेरु या सुमेरु पर्वत।
सिनेह, (स्नेह भी), पु०, प्रेम, तेल, चिकनाई।
सिनेहन, नपु०, चिकना करना।
सिनेह-बिन्दु, नपु०, तेल की बूंद।
सिनेहेति, क्रिया, स्नेह करता है, तेल चुपड़ता है।
सिन्दी, स्त्री०, खजूर।
सिन्दूर, पु०, (माथे पर लगाने का) सिंदूर।
सिन्धव, वि०, सिन्ध सम्बन्धी, पु०, सिन्धव नमक, सिन्धव घोडा।
सिन्धु, पु०, समुद्र, नदी, स्त्री०, हिमालय से निकल कर अरब सागर मे गिरने वाली बडी नदी।
सिन्धु-रट्ठ, नपु०, सिन्धु-राष्ट्र।
सिन्धु-सङ्गम, पु०, जहाँ नदी समुद्र मे

गिरती है।
सिपाटिका, स्त्री०, फली, छोटी सन्दूक।
सिप्प, नपु०, शिल्प, हुनर, धन्धा।
सिप्पट्ठान, नपु०, शिल्प की शाखा।
सिप्प-साला, स्त्री०, शिल्प-शाला।
सिप्पायतन, नपु०, शिल्प की शाखा या आधार।
सिप्पिक, स्त्री०,- शिल्पी।
सिप्पिका, स्त्री०, सीपी।
सिप्पी, पु०, शिल्पी, हुनरवाला।
सिब्बति, क्रिया, सीता है। (सिब्बि, सिब्बित, सिब्बित्वा)।
सिब्बन, नपु०, सीना।
सिब्बनी, स्त्री०, सियून, उत्कट अनुराग।
सिब्बनी-मग्ग, पु०, खोपडी की हड्डी का जोड।
सिब्बापेति, क्रिया, सिलवाता है।
सिब्बेति, क्रिया, सीता है। (सिब्बेसि, सिब्बित, सिब्बेत्वा, सिब्बेन्त)।
सिम्बलि, स्त्री०, सेमल का पेड।
सिर, पु० तथा नपु०, सिर।
सिरा, स्त्री०, शिरा, नस।
सिरि, (सिरी भी), स्त्री०, भाग्य, ऐश्वर्य, लक्ष्मी।
सिरि-गब्भ, पु०, श्रीमान् आदमी का शयनागार।
सिरिमन्तु, वि०, श्रीसम्पन्न।
सिरि-विलास, पु०, ठाट-बाट।
सिरि-सयन, नपु०, राजकीय शय्या।
सिरि-धर, वि०, शानदार।
सिरिजातक, मुर्गे का मास खाने वाला पीलवान राजा बना, उसकी पत्नी रानी बनी और तपस्वी राजपुरोहित बना (२८४)।
सिरिकालकण्णि जातक, सिरिकाळकण्णि पञ्ह का ही एक और नाम (१९२)।
सिरिकाळकण्णि जातक, बनारस के व्यापारी ने एक पलग ऐसे ही किसी के लिए बिछवाकर रखा था, जो उसकी अपेक्षा अधिक शुद्ध-पवित्र हो (३८२)।
सिरिमन्दजातक, स्पष्ट ही सिरिमन्द पञ्ह के लिए ही एक और नाम (५००)। सेनक तथा महोसध पण्डित के बीच लक्ष्मी तथा सरस्वती मे से कौन अधिक श्रेष्ठ है, इस प्रश्न को लेकर जो विवाद हुआ था, वही सिरिमन्द पञ्ह कहलाता है।
सिरिवास, पु०, ताडपीन (तेल)।
सिरीस, पु०, सिरस का पेड।
सिरोजाल, वि०, सिर ढकने की जाली।
सिरोमणि, पु०, सिर की मणि।
सिरोरूह, पु० तथा नपु०, बाल (सिर के)।
सिरोवेठन, नपु०, पगडी।
सिला, स्त्री०, पत्थर।
सिला-गुळ, नपु०, पत्थर का गोला।
सिला-थम्भ, पु०, पत्थर का खम्भा।
सिला-पट्ट, नपु०, पत्थर की पटरी।
सिला-पाकार, पु०, पत्थर की चारदीवारी।
सिलामय, वि०, शिला-निर्मित।
सिलाघति, क्रिया, प्रशसा करता है,

डींग मारता है।
(सिलाघि, सिलाघित, सिलाघित्वा)।
सिलाघा, स्त्री०, प्रशंसा।
सिलिट्ठ, वि०, चिकना।
सिलिट्ठता, स्त्री०, चिकनापन, चिकनाहट।
सिलुच्चय, पु०, चट्टान।
सिलुत्त, पु०, छछूंदर।
सिलेस, पु०, पहेली, श्लेषालंकार, लेसदार चीज।
सिलेसुम, पु०, कफ, बलगम।
सिलोक, पु०, प्रसिद्धि, श्लोक।
सिव, वि०, कल्याण (स्थल), सुरक्षित (स्थान); पु०, शिव (महादेव), शिव की पूजा करने वाला; नपुं०, आनन्द, खुशी।
सिवि जातक, राजा शिवि की, अपना शरीर तक दान दे देने की कथा। (४९९)।
सिविका, स्त्री०, पालकी।
सिसिर, पु०, शीत ऋतु, ठंडक; वि०, ठंडा या ठंडी।
सिस्स, पु०, शिष्य, विद्यार्थी।
सीकर, नपुं०, वृष्टि-कण, वर्षा की छोटी-छोटी बूंदें।
सीघ, वि०, शीघ्र, जल्दी।
सीघ-गामी, वि०, शीघ्र-गामी।
सीघ-तरं, क्रि० वि०, अधिक शीघ्रता से।
सीघसीघं, क्रि० वि०, बहुत जल्दी।
सीघ-सोत, वि०, शीघ्र स्रोत।
सीत, वि०, ठंडा; नपु०, ठंड या ठंडक।
सीत-भीरुक, वि०, शीत से भयभीत।
सीतल, वि०, ठंडा; नपु०, ठंड या ठंडक।
सीता, स्त्री०, हल की लकीर।
सीति-भाव, पु०, शीतलता, शान्ति।
सीतिभूत, कृदन्त, शान्ति भाव को प्राप्त, शमथ-प्राप्त।
सीतोदक नपु०, ठण्डा जल।
सीदति, क्रिया, डूब जाता है, नीचे बैठ जाता है, हार मान लेता है।
(सीदि, सीन, सीदित्वा, सीदमान)।
सीदन, नपुं०, डूबना।
सीन, कृदन्त, डूबा हुआ।
सीपद, नपुं०, फील पाँव।
सीमट्ठ, वि०, सीमा के भीतर स्थित।
सीमन्तिनी, स्त्री०, औरत।
सीमा, स्त्री०, सीमा, अन्तिम लकीर, भिक्षुओं का विनय-कर्म करने के लिए निर्धारित सीमा।
सीमा-कत, वि०, सीमित।
सीमातिग, वि०, सीमा को लाँघ गया।
सीमा-समुग्घात, पु०, पहले की सीमा को तोड़ दिया जाना।
सीमा-सम्मुति, स्त्री०, नयी सीमा की स्थापना।
सीर, पु०, हल।
सीरङ्ग, पु०, हल का मुख्य भाग।
सील, नपु०, शील, सदाचार।
सील-कथा, स्त्री०, शील की व्याख्या।
सीलक्खन्ध, पु०, शील-स्कन्ध, शील-परिच्छेद।
सील-गन्ध, पु०, शील की सुगन्धि।

सीलब्बत, नपुं०, शील-व्रत ।
सील-भेद, पु०, शील-भङ्ग ।
सीलमय, वि०, शीलवान् ।
सीलवन्तु, वि०, शील का पालन करने वाला ।
सील-विपत्ति, स्त्री०, शील की मर्यादा का उल्लघन, दुराचार ।
सील-विपन्न, वि०, शील-भङ्ग करने वाला ।
सील-सम्पत्ति, स्त्री०, शील-पालन, सदाचार ।
सील-सम्पन्न, वि०, शीलवान्, सदाचारी ।
सीलन, नपु०, सयत रहना, विनय के अधीन रहना ।
सीलवनाग जातक, सीलव नाग-राज ने पथ-भ्रष्ट आदमी को उपकृत किया। दुष्ट ने सीलव नाग-राज के ही दाँतो को जड तक उखाडा (७२) ।
सीलवीमस जातक, तपस्वी ने शील का महत्त्व समझा (३३०) ।
सीलवीमस जातक, तपस्वी ने रुपये की चोरी कर इस बात को प्रत्यक्ष किया कि विद्या की अपेक्षा भी शील की अधिक प्रतिष्ठा है (३६२) ।
सीलवीमस जातक, पुरोहित ने उक्त ढग से ही विद्या-बल से भी शील-बल का महत्त्व समझा (८६) ।
सीलवीमंस जातक, प्रथम सीलवीमस जातक के ही समान (२९०) ।
सीलवीमस जातक, ब्राह्मण ने अपने पाँच सौ शिष्यो मे से जो सचमुच शीलवान् था उसे ही अपनी कन्या प्रदान की (३०५) ।
सीलानिसंस जातक, नाई ने प्राणि-हत्या की । शीलवान उपासक ने अपने पुण्य का कुछ हिस्सा नाई को दे, उसकी भी जान बचाई (१९०) ।
सीलिक, वि० स्वभाव वाला, प्रकृति वाला ।
सीली, (समास मे), वि०, शीलवाला ।
सीवथिका, स्त्री०, कच्चा श्मशान ।
सीस, नपु०, शीर्ष, सिर, उच्चतम शिखर, धान की बाली, लेख का शीर्षक, सीसा ।
सीस-कपाल, पु०, खोपडी ।
सीस-कटाह, पु०, खोपडी ।
सीसच्छवि, स्त्री०, सिर की चमडी ।
सीसच्छेदन, नपुं०, सिर का काट डालना ।
सीसप्पचालन, नपु०, सिर का हिलाना-डुलाना ।
सीस-परम्परा, स्त्री०, एक सिर पर का भार दूसरे सिर पर लेना ।
सीस-वेठन, नपु०, पगडी ।
सीसाबाध, पु०, सिर का दर्द ।
सीह, पु०, सिह, शेर ।
सीह-चम्म, नपु०, सिह की चमडी ।
सीह-नाद, पु०, सिह गर्जना ।
सीह-नादिक, वि०, सिह की तरह गर्जने वाला ।
सीह-पञ्जर, पु०, सिह का पिजरा, झरोखा ।
सीह-पोतक, पु०, शेर का बच्चा ।
सीह-विक्कीळित, नपु०, शेर का खेल ।
सीह-सेय्या, स्त्री०, सिह शया, दक्षिण-कुक्षी सोना ।
सीहस्सर, वि०, सिह के समान स्वर

वाला ।

सीह-हनु, वि०, सिंह के समान दाढ़ वाला; पु०, शाक्य-मुनि गौतम बुद्ध के पितामह ।

सीह-कोट्ठक जातक, शेर और गीदडी के सयोग से एक सिंह-बच्चा पैदा हुआ, जिसका स्वर गीदड़ का था (१८८) ।

सीहचम्म जातक, शेर की खाल ओढ कर चरते फिरते रहने वाले गधे को किसानो ने मार डाला (१८९) ।

सीह-बाहु, सिंहल-द्वीप पर राज्य करने वाले प्रथम आर्य-नरेश विजय का पिता ।

सीहल, सिंहल-द्वीप मे प्रथम आर्य उपनिवेश बसाने वाले विजय तथा उसके साथियो के लिए व्यवहृत होने वाला शब्द ।

सीहल-दीप, जब से तम्बपण्णि द्वीप सीहलो का उपनिवेश बना, तभी से यह सीहल-द्वीप कहलाने लगा ।

सीहळ, वि०, सिंहल-द्वीप का ।

सीहळ-दीप, सिंहल-द्वीप ।

सीहळ-भासा, सिंहल लोगों की भाषा ।

सीहासन, नपु०, सिंहासन ।

सु, उपसर्ग, अच्छा ।

सुंसुमार जातक, बंदर ने मगरमच्छ को छकाया (२०८) ।

सुंसुमार गिरि, भग्ग जनपद का एक प्रसिद्ध नगर ।

सुक, पु०, तोता ।

सुक जातक, सुक तोते ने पिता के उपदेश की अवज्ञा की और जान गँवाई (२५५) ।

सुकट (सुकत भी), वि०, सुकृत, शुभ कर्म ।

सुकर, वि०, आसान ।

सुकुमार, वि०, मृदु, कोमल ।

सुकुमारता, स्त्री०, मृदुभाव, कोमलता ।

सुकुसल, वि०, अत्यन्त दक्ष ।

सुक्क, वि०, शुक्ल, सफेद, नपु०, शुभ कर्म ।

सुक्क-पक्ख, पु०, महीने का शुक्ल-पक्ष ।

सुक्ख, वि०, सूखा ।

सुक्खति, क्रिया, सूखता है ।

(सुक्खि, सुक्खमान, सुक्खित्वा) ।

सुक्खन, नपु०, सूखना ।

सुक्खापन, नपु०, सुखाना ।

सुक्खापेति, क्रिया, सुखाता है, या सुखवाता है ।

(सुक्खापेसि, सुक्खापित, सुक्खापेत्वा) ।

सुख, नपु०, सुख, आराम ।

सुख-काम, वि०, सुख की इच्छा वाला ।

सुखत्थिक, सुखत्थी, वि०, सुखार्थी ।

सुखद, वि०, सुखदायक ।

सुख-निसिन्न, वि०, सुखपूर्वक बैठा हुआ ।

सुख-पटिसंवेदी, वि०, सुख का अनुभव करने वाला ।

सुखप्पत्त, वि०, सुख-प्राप्त ।

सुख-भागिय, वि०, सुख मे हिस्सा बँटाने वाला ।

सुख-यानक, नपुं०, सुखद-यान, आराम-देह गाडी ।

सुख-विपाक, वि०, सुख-फलदायी ।

सुख-विहरण, नपु० सुखपूर्वक रहना ।

सुखविहारी जातक, राज्य-त्याग के अनन्तर सुखपूर्वक विचरने वाले तपस्वी

की कथा (१०)।

सुख-सवास, पु०, सुखद संगति।

सुख-सम्फस्स, वि०, सुखद स्पर्श।

सुख-सम्मत, वि०, 'सुख' माना गया।

सुख, क्रि० वि०, आसानी से, आराम से।

सुखायति, क्रिया, सुखी होता है।

सुखावह, वि०, सुखद।

सुखित, कृदन्त, सुखी।

सुखुम, वि०, सूक्ष्म, बारीक।

सुखुमतर, वि०, बहुत सूक्ष्म।

सुखुमत्त, नपुं०, सूक्ष्मत्व, बारीकपन।

सुखुमता, स्त्री०, सूक्ष्मता, बारीकपन।

सुखुमाल, वि०, सुकुमार, कोमल-प्रकृति।

सुखुमालता, स्त्री०, सुकुमारता।

सुखेति, क्रिया, सुखित करता है। (सुखेसि, सुखित)।

सुखेधित, वि०, सुख से पालित-पोषित।

सुगत, वि०, सुगति-प्राप्त; पु०, भगवान बुद्ध।

सुगतालय, पु०, तथागत का निवास-स्थान, सुगत की नक़ल।

सुगति, स्त्री०, अच्छी अवस्था, स्वर्ग-लोक।

सुगती, वि०, शुभ-कर्म करने वाला।

सुगन्ध, पु०, सुगन्ध; वि०, सुगन्ध।

सुगन्धिक, सुगन्धी, वि०, सुगन्ध सहित।

सुगहन, नपुं०, सुगृहीत, भली प्रकार ग्रहण किया गया।

सुगुत्त, कृदन्त, सुरक्षित।

सुगोपित, कृदन्त, देखो सुगुत्त।

सुग्गहित, वि०, सुगृहीत, भली प्रकार धारण किया गया (पाठ)।

सुङ्क, पु०, चुंगी, कर।

सुङ्कघात, पु०, चुंगी-कर से बच निकलना।

सुङ्कट्ठान, नपुं०, चुंगी-घर।

सुङ्किक, पु०, कर उगाहने वाला।

सुचरित, नपुं०, सदाचरण।

सुचि, वि०, पवित्र।

सुचिकम्म, वि०, शुभ-कर्म करने वाला।

सुचिगन्ध, वि०, शुभ-कर्मों की गन्ध वाला।

सुचि-जातिक, वि०, सफाई पसन्द करने वाला।

सुचि-वसन, वि०, शुद्ध वस्त्रो वाला, साफ कपडों वाला।

सुचित्त, वि०, अति विचित्र, सुचित्रित।

सुचित्तित, वि०, देखो सुचित्त।

सुच्चज जातक, रानी ने पूछा—"यदि यह पर्वत सोने का हो जाये, तो क्या इसमे से मुझे कुछ दोगे?" राजा का उत्तर था—"कण मात्र नहीं।" (३२०)।

सुच्छन्न, वि०, अच्छी तरह ढका हुआ, या अच्छी तरह छाया हुआ।

सुजन, पु०, भला आदमी, सज्जन।

सुजा, स्त्री०, यज्ञ मे काम आने वाली श्रुवा या लकडी की कडछी; शुक्र की पत्नी का नाम।

सुजात, कृदन्त, सुजन्मा, (ऊँची) जाति वाला।

सुजात जातक, पुत्र ने कर्कश-भाषी माता को सुधारा (२६९)।

सुजात जातक, राजा ने मिठाई बेचने वाली लडकी की मधुर वाणी सुन, उसे बुलाकर अपनी रानी बना लिया (३०६)।

सुजात जातक, सुजात ने अपने शोक-मग्न पिता के शोक को दूर

किया (३५२)।

सुजाता, ऊरुवेला के पास के सेनानि गाँव के मुखिया की लड़की, जिसने गौतम-बुद्ध को वृक्ष-देवता मान खीर से सतर्पित किया था।

सुज्झति, क्रिया, शुद्ध होता है। (सुज्झि, सुज्झमान, सुद्ध, सुज्झित्वा)।

सुञ्ञ, वि०, शून्य।

सुञ्ञ-गाम, पु०, शून्य-ग्राम, खाली गाँव।

सुञ्ञता, स्त्री०, शून्यता।

सुञ्ञागार, नपु०, शून्यागार, एकान्त स्थल।

सुट्ठु, अव्यय, अच्छा।

सुट्ठुता, स्त्री०, अच्छापन।

सुण, पु०, कुत्ता।

सुणाति, क्रिया, सुनता है। (सुणि, सुत, सुणन्त, सुणमान, सोतब्ब सुणितब्ब, सुत्वा, सुणित्वा, सोतु, सुणितुं)।

सुणिसा, (सुण्हा भी), स्त्री०, पुत्र-वधू।

सुत, पु०, पुत्र, लड़का; कृदन्त, सुना हुआ, नपु०, धर्म-ग्रन्थ।

सुत-धर, नपु०, बहु-श्रुत, धर्म-ग्रन्थ को कण्ठस्थ करने वाला।

सुतवन्तु, वि०, बहु-श्रुत, विद्वान।

सुतत्त, कृदन्त, भली प्रकार गर्म किया गया।

सुतनु, वि०, सुन्दर शरीर वाला।

सुतनो जातक, पुत्र ने आदमखोर यक्ष के पास जाना स्वीकार किया (३९८)।

सुतप्पय, वि०, आसानी से सन्तुष्ट हो सकने वाला।

सुति, स्त्री०, श्रुति, अनु-श्रुति, वैदिक परम्परा, आवाज।

सुति-हीन, वि०, बहरा।

सुत्त, कृदन्त, सोया हुआ; नपु०, धागा, बुद्धोपदेश, (व्याकरण का) सूत्र।

सुत्तकन्तन, नपु०, सूत कातना।

सुत्त-कार, पु०, सूत्रों का रचयिता।

सुत्त-गुळ, नपु०, सूत का गोला।

सुत्त निपात, सुत्त पिटक के खुद्दक निकाय के १५ ग्रन्थों में से एक।

सुत्त-पिटक, नपु०, तीनों पिटकों में से एक पिटक।

सुत्त-मय, वि०, सूत्र-निर्मित।

सुत्तन्त, पु० तथा नपु०, बुद्धोपदेश या प्रवचन।

सुत्तन्त पिटक, देखो सुत्त पिटक, पाँच निकायों से समन्वित सुत्तपिटक। पाँच निकाय हैं—(१) दीघ-निकाय, (२) मज्झिम-निकाय, (३) संयुत्त निकाय, (४) अङ्गुत्तर-निकाय, (५) खुद्दक-निकाय।

सुत्तन्तिक, वि०, सारे सुत्तपिटक या उसके एक हिस्से को कण्ठाग्र किये रहने वाला।

सुत्ति, स्त्री०, सीप।

सुदन्त, वि०, सुशिक्षित।

सुदस्स, वि०, आसानी से देखा गया।

सुदस्सन, वि०, सुदर्शन, सुन्दर-रूप वाला।

सुदं, अव्यय, निरर्थक शब्द-प्रयोग।

सुदिट्ठ, वि०, भली प्रकार देखा गया।

सुदिन्न, वि०, भली प्रकार दिया गया।
सुदुत्तर, वि०, जिससे बड़ी कठिनाई से पार पाया जा सके।
सुदुक्कर, वि०, जो बडी कठिनाई से किया जा सके।
सुदुद्दस, वि०, जो वडी कठिनाई से देखा जा सके।
सुदुब्बल, वि०, अत्यन्त दुर्बल।
सुदुल्लभ, वि०, अत्यन्त दुर्लभ।
सुदेसित, वि०, भली प्रकार उपदिष्ट।
सुद्द, पु०, शूद्र।
सुद्ध, वि०, शुद्ध, पवित्र, साफ।
सुद्धता, स्त्री०, शुद्धता।
सुद्धत्त, नपु०, शुद्धता।
सुद्धाजीव, वि०, शुद्ध आजीविका वाला।
सुद्धावास, पु०, शुद्ध निवास-स्थल।
सुद्धावासिक, वि०, शुद्धावास में रहने वाला।
सुद्धि, स्त्री०, शुद्धि, पवित्रता।
सुद्धि-मग्ग, पु०, पवित्रता का मार्ग।
सुद्धोदन, कपिलवस्तु का शाक्य नरेश तथा शाक्य मुनि गौतम बुद्ध का पिता।
सुधन्त, कृदन्त, अच्छी तरह फूंका गया या साफ किया गया।
सुधम्मता, स्त्री०, अच्छा स्वभाव।
सुधा, स्त्री०, अमृत, चूना।
सुधाकम्म, नपु०, चूना पोतना।
सुधाकर, पु०, चन्द्रमा।
सुधा भोजन जातक, कंजूस कोसिय की कथा (५३५)।
सुधी, पु०, बुद्धिमान आदमी।
सुधोत, कृदन्त, अच्छी तरह धोया गया।
सुनख, पु०, कुत्ता।
सुनखी, स्त्री०, कुत्ती।
सुनख जातक, मालिक के सो जाने पर कुत्ता चम्पत हुआ (२४२)।
सुनहात, कृदन्त, अच्छी प्रकार नहाया हुआ।
सुनिसित, कृदन्त, भली प्रकार तेज किया गया।
सुन्दर, वि०, आकर्षक।
सुन्दरतर, वि०, अधिक सुन्दर।
सुन्दरिका, कोसल जनपद की नदी।
सुनापरन्त, सुप्पारक पत्तन (बंदरगाह) के आसपास का प्रदेश।
सुपक्क, वि०, भली प्रकार पका हुआ।
सुपटिपन्न, वि०, सुप्रतिपन्न, सुमार्ग पर आरूढ।
सुपण्ण, पु०, गरुड।
सुपत्त जातक, सुपत्त कौवे की कथा (२९२)।
सुपति, क्रिया, सोता है।
(सुपि, सुत्त, सुपन्त, सुपित्वा)।
सुपरिकम्म-कत, वि०, अच्छी तरह से मांजा हुआ या पालिश किया हुआ।
सुपरिहीन, वि०, अत्यन्त दुबला-पतला।
सुपिन, (सुपिनक, सुपिनन्त भी), नपु०, स्वप्न।
सुपिन-पाठक, पु०, स्वप्नों की व्याख्या करने वाला।
सुपुप्फित, वि०, फूलों से ढका हुआ, पूरी तरह से खिला हुआ।
सुपोठित, कृदन्त, भली प्रकार पीटा

गया।

सुपोत्थित, देखो सुपोठित।

सुप्प, पु० तथा नपु०, सूप या छाज।

सुप्पटिविद्ध, कृदन्त, भली प्रकार समझ लिया गया।

सुप्पतिट्ठित, कृदन्त, भली प्रकार प्रतिष्ठित।

सुप्पतीत, वि०, अच्छी तरह प्रसन्न।

सुप्पधंसिय, वि०, आसानी से दबा दिया गया।

सुप्पबुद्ध, माया तथा प्रजापति गौतमी का भाई।

सुप्पभात, नपु०, सुप्रभात।

सुप्पवेदित, वि०, भली प्रकार सतुष्ट।

सुप्पसन्न, वि०, भली प्रकार प्रसन्न, श्रद्धावान्।

सुप्पार, सुप्पारक, सुप्पारा वन्दरगाह।

सुप्पारक जातक, अंधे नाविक के मार्ग-दर्शन की कथा (४६३)।

सुप्फस्सित, वि०, ठीक तरह से लगा हुआ।

सुबहु, वि०, अत्यन्त।

सुब्बच, वि०, आज्ञाकारी, विनम्र।

सुब्बत, वि०, सदाचार-परायण।

सुब्बुट्ठि, स्त्री०, पर्याप्त वर्षा।

सुभ, वि०, शुभ, शुभ (मुहूर्त), अच्छा लगने वाला।

सुभकिण्ण, पु०, देवताओं की एक जाति।

सुभनिमित्त, नपु०, शुभ शकुन, सुन्दर वस्तु।

सुभग, वि०, सौभाग्य-पूर्ण।

सुभद्द थेर, भगवान बुद्ध परिनिर्वृत होने को थे। उस समय उन्होंने सुभद्र परिव्राजक को उपदेश दिया। यह भगवान बुद्ध के जीवन काल में उन्हीं के द्वारा दीक्षित उनका अन्तिम शिष्य था।

सुभर, वि०, जिसका आसानी से भरण-पोषण किया जा सके, जिसका किसी पर अधिक भार न हो।

सुभिक्ख, वि०, जहाँ आहार की कमी न हो।

सुमङ्गल जातक, सुमङ्गल माली ने प्रत्येक बुद्ध को हिरन समझ तीर का निशाना बनाया (४२०)।

सुमति, पु०, बुद्धिमान आदमी।

सुमन, वि०, प्रसन्न।

सुमनपुप्फ, नपु०, चमेली का फूल।

सुमन-मुकुल, नपु०, चमेली का कोपल।

सुमन-माला, स्त्री०, चमेली की माला।

सुमन सामणेर, भिक्षुणी संघमित्रा का पुत्र सुमन श्रामणेर। महास्थविर महिन्द के साथ यह भी सिंहल-द्वीप गया था।

सुमना, स्त्री०, चमेली, प्रसन्न-वदन स्त्री।

सुमनोहर, वि०, अत्यन्त आकर्षक।

सुमानस, वि०, प्रसन्न-चित्त।

सुमापित, कृदन्त, सुनिर्मित।

सुमुत्त, कृदन्त, सुविमुक्त, अच्छी तरह से विमुक्त।

सुमेध (सुमेधस भी), वि०, बुद्धिमान।

सुमेरु, पु०, सुमेरु पर्वत।

सुयिट्ठ, वि०, अच्छी तरह से आहुति दी गई।

सुयुत्त, वि०, अच्छी तरह से नियुक्त किया गया।

सुर, पु०, देवता।
सुर-नदी, स्त्री०, देवताओं की नदी।
सुर-नाथ, पु०, देवताओ का राजा।
सुर-पथ, पु०, आकाश।
सुर-रिपु, पु०, देवताओ का शत्रु, असुर।
सुरत, वि०, भक्त, आसक्त, प्रेमी।
सुरत्त, वि०, अच्छी तरह से रँगा हुआ, अत्यन्त लाल।
सुरसेन, सोलह महाजनपदो मे से एक। इसकी गिनती मच्छ जनपद के साथ होती है।
सुरभि, वि०, सुगन्धित।
सुरभि-गन्ध, पु०, सुगन्ध।
सुरा, स्त्री०, नशीली शराब।
सुरा-घट, पु०, शराब का घडा।
सुरा-धुत्त, पु०, शराब के नशे मे मस्त।
सुरा-पान, नपु०, शराब का पीना।
सुरा-पायिका स्त्री०, शराबी औरत।
सुरा-पीत, वि०, जिसने शराब पी ली हो।
सुरा-मद, पु०, शराब का नशा।
सुरा-मेरय, नपु०, सुरा तथा अन्य नशीले पदार्थ।
सुरा-सोण्ड, सुरा सोण्डक, पु०, शराबी।
सुरापान जातक, तपस्वियो ने शराब पी ली और नगे होकर नाचने लगे (८१)।
सुरिय, पु०, सूर्य।
सुरियग्गाह, पु०, सूर्य-ग्रहण।
सुरिय-मण्डल, नपु०, सूर्य के गिर्द का चक्कर।
सुरियत्थङ्गम, पु०, सूर्यास्त।
सुरिय-रसि, स्त्री०, सूर्य की किरणें।
सुरिय-रस्मि, स्त्री०, देखो सुरिय-रसि।
सुरियुग्गमन, नपु०, सूर्योदय।
सुरुचि जातक, सुरुचि कुमार तथा सुमेधा के गृहस्थ जीवन का वर्णन (४८९)।
सुरुङ्गा, स्त्री०, जेलखाना।
सुरुसुरुकारकं, क्रि० वि०, खाते समय सुर-सुर की आवाज करना।
सुरूप, सुरूपी, वि०, सुन्दर।
सुरूपिनी, स्त्री०, सुन्दरी।
सुलद्ध, वि०, सुलाभ।
सुलभ, वि०, जो आसानी से मिल सके।
सुलसा जातक, सुलसा वेश्या ने कृतघ्न सत्तक डाकू को चट्टान से गिराकर मार डाला (४१९)।
सुव, पु०, तोता।
सुवच, देखो, सुब्बच।
सुवण्ण, नपु०, स्वर्ण, सोना, वि०, अच्छे रग का, सुन्दर।
सुवण्णकार, पु०, सोनार।
सुवण्ण-गब्भ, पु०, सोना रखने के लिए सुरक्षित कमरा।
सुवण्ण-गुहा, स्त्री०, सुनहरी गुफा।
सुवण्णता, स्त्री०, सुवणता।
सुवण्ण-पट्ट, नपु०, स्वर्ण-पट्ट।
सुवण्ण-पीठक, नपु०, स्वण-पीठिका।
सुवण्णमय, वि०, सोने का बना।
सुवण्ण-भिङ्कार, पु०, सोने की झारी।
सुवण्ण-वण्ण, वि०, सुनहरे रग का।
सुवण्ण-हंस, पु०, सुनहरा हस।
सुवण्णकट्टक जातक, केकडे ने साँप तथा कौवे की हत्या कर किसान के प्राणो

की रक्षा की (३८६)।
सुवण्ण-भूमि तृतीय संगीति के बाद सोण तथा उत्तर स्थविरो की प्रचार-भूमि।
सुवण्णमिग जातक, शिकारी ने हिरणी के आत्म-त्याग की भावना से प्रभावित हो हिरण तथा हिरणी दोनो को मुक्त किया (३५६)।
सुवण्णहंस जातक, लोभी पत्नी ने स्वर्ण-हंस के सभी पर एक साथ नोच लेने चाहे (१३६)।
सुवत्थापित, वि०, सुनिश्चित।
सुवत्थि, स्वस्ति, कल्याण हो।
सुवम्मित, कृदन्त, भली प्रकार कवच पहने।
सुवाण, पु०, कुत्ता।
सुवाण-दोणि, स्त्री०, कुत्ते की नांद या कठोती।
सुविजान, वि० आसानी से समझ मे आने वाला।
सुविञ्ञापय, वि०, जिसे आसानी से शिक्षित किया जा सके।
सुविभत्त, कृदन्त, भली प्रकार विभक्त या व्यवस्थित।
सुविलित्त, कृदन्त, भली प्रकार लेप किया गया, सुगन्धित।
सुविम्हित, कृदन्त, अत्यन्त चकित।
सुविसद, वि०, साफ-साफ, अत्यन्त स्पष्ट।
सुवीर, पु०, पुत्र।
सुवुट्ठिक, वि० पर्याप्त वर्षा-युक्त।
सुवे, क्रि० वि०, कल (आने वाला)।
सुसङ्खत, कृदन्त, सुसंस्कृत, अच्छी तरह तैयार किया गया।
सुसञ्ञत, वि०, पूर्ण रूप से सयत।
सुसण्ठान, वि०, भले आकार-प्रकार का।
सुसमारद्ध, कृदन्त, अच्छी प्रकार से आरम्भ किया गया।
सुसमाहित, कृदन्त, पूर्ण रूप से संयमित।
सुसमुच्छिन्न, कृदन्त, पूर्णरूप से उखाड़ दिया गया।
सुसान, नपु०, श्मशान।
सुसान-गोपक, पु०, श्मशान पालक।
सुसिक्खित, कृदन्त, पूर्णरूप से शिक्षित।
सुसिर, नपु०, खोंडर, वि०, पोलवाला, छिद्र-युक्त।
सुसीम जातक, सुसीम राजा के पुरोहित का पुत्र तीन दिन मे बनारस से तक्षशिला आ-जाकर हस्ति-विद्या सीख आया (१६३)।
सुसीम जातक, राजा ने राजमाता को अपने पुरोहित को सौंपा (४११)।
सुसील, वि०, सुशील।
सुसु, पु०, शिशु, वि०, शिशु-स्वभाव वाला।
सुसुका, स्त्री०, एक प्रकार की मछली।
सुसुक्क, वि०, अत्यन्त सफेद।
सुसु नाग, कालाशोक का पिता तथा मगध-नरेश।
सुसुद्ध, वि०, अत्यन्त परिशुद्ध।
सुस्सति, क्रिया, बिखर जाता है, सूख जाता है।
(सुस्सि, सुक्ख, सुस्समान, सुस्सित्वा)।
सुस्सरता, स्त्री०, मधुर स्वर होना।
सुस्सूसति, क्रिया, सुनता है।
(सुस्सूसि, सुस्सूसित्वा)।

सुस्सूसा, स्त्री०, सुनने की इच्छा, आज्ञा-कारिता।
सुस्सोन्दी जातक, सुस्सोन्दि रानी गरुड से प्रेम करने लगी (३६०)।
सुहज्ज, नपु०, सुहृदता, मैत्री।
सुहद, पु०, मित्र।
सुहनु जातक, महासोण तथा सुहनु अश्वो के बीच मित्रता स्थापित हो गई (१५८)।
सुहित, वि०, सतुष्ट।
सूक, पु०, जौ की सींक।
सूकर, पु०, सूअर।
सूकर-पोतक, पु०, सूअर का बच्चा।
सूकर-मंस, नपु०, सूअर का मास।
सूकर जातक, सूअर ने शेर को युद्ध के लिए ललकारा (१५३)।
सूकरिक, पु०, कसाई।
सूचक, वि०, सूचना देने वाला।
सूचन, नपु०, सूचना।
सूचि, स्त्री०, सुई, बालो मे लगाने का कांटा, बद दरवाजे के पीछे लगाई जाने वाली लकडी।
सूचिका, स्त्री०, सुई, अर्गला।
सूचिकार, पु०, सुई बनाने वाला।
सूचि-घटिका, स्त्री०, अर्गला को सँभा-लने वाली साकल।
सूचि-घर, नपु०, सुई रखने की डिबिया।
सूचि-मुख, पु०, एक तरह का मच्छर।
सूचि-लोम, वि०, सुई जैसे कड़े बालो वाला।
सूचि-विज्झन, नपु०, मोची का टेकुआ, सूजा।
सूचि जातक, सुनार ने एक ऐसी सुई बनाई, जिसके एक के बाद एक सात घर (खोल) बनाये (३८७)।
सूजु, वि०, सीधा।
सूत, पु०, रथ हांकने वाला।
सूति-घर, नपु०, प्रसूति-घर।
सूद, सूदक, पु०, रसोइया।
सून, वि०, सूजा हुआ, फूला हुआ।
सूना, स्त्री०, कसाई का थडा।
सूना-घर, नपु०, कसाईखाना।
सूनु, पु०, पुत्र।
सूप, पु०, कढी।
सूपकार, पु०, रसोइया।
सूपतित्थ, अच्छे पत्तन या अच्छे घाट वाला।
सूपधारित, कृदन्त, सुविचारित।
सूपिक, पु०, रसोइया।
सूपेय्य, वि०, सूप, (कढी) के लिए योग्य।
सूपेय्य-पण्ण, नपु०, व्यञ्जन बनाने के लिए पत्ते।
सूयति, क्रिया, सुना जाता है। (**सूयि, सूयमान, सूयित्वा**)।
सूर, वि०, शूर, बहादुर, पु०, सूरज, सूर्य।
सूरत, वि०, मृद, करुणा करने वाला।
सूरता, स्त्री०, शूरता, बहादुरी।
सूरत्त, नपु०, शूरता।
सूर-भाव, पु०, शूरता का भाव।
सूरिय, पु०, सूरज, सूर्य।
सूल, नपु०, शूल, बर्छी, भाला।
सूलारोपण, नपु०, सूली पर चढाना।
सेक, पु०, छिडकाव।
सेख, (**सेक्ख भी**), पु०, सीखने वाला, उन्नति-पथ पर आरूढ़, वह जो अभी अर्हत नही बना।

सेखर, नपु०, सिर पर धारण की जानी वाली पुष्प-माला ।
सेखिय, वि०, धार्मिक जीवन मे अभ्यास-क्रम से सम्बन्धित ।
सेग्गु जातक, पिता ने सेग्गु नामक अपनी बेटी के शील की परीक्षा की (२१७) ।
सेचन, नपु०, छिडकना ।
सेट्ठ, वि०, श्रेष्ठ ।
सेट्ठतर, वि०, श्रेष्ठतर ।
सेट्ठ-सम्मत, त्रि०, श्रेष्ठ माना गया ।
सेट्ठि, (सेट्ठी भी), पु०, सेठ ।
सेट्ठिट्ठान, नपु०, सेठ का पद ।
सेट्ठि-जाया, स्त्री०, सेठ की पत्नी, सेठानी ।
सेट्ठि-भरिया, स्त्री०, सेठानी ।
सेणि, स्त्री०, श्रेणि, एक-एक पेशा करने वालो की पृथक्-पृथक् परिषद् ।
सेणिय, पु०, श्रेणि का मुखिया ।
सेत, वि०, श्वेत, सफेद, पु०, सफेद रग ।
सेत-कुट्ठ, नपु०, मफेद कोढ ।
सेतच्छत्त, नपु०, श्वेत छत्र, सफेद छाल ।
सेत-पच्छाद, वि०, श्वेत ओढावन ।
सेतकेतु जातक, जाति-अभिमानी श्वेत-केतु को एक चाण्डाल ने नीचा दिखाया (३७७) ।
सेतट्ठिका, स्त्री०, वृक्षो का गेरुई रोग ।
सेति, क्रिया, सोता है ।
(सेयि, सेन्त, सेमान) ।
सेतु, पु०, पुल ।
सेद, पु०, पसीना ।
सेदक, वि०, पसीना आते हुए ।
सेदन, नपु०, भाप से उबालना ।
सेदावक्खित्त, वि०, पसीने से तर ।
सेदेति, क्रिया, पसीना या भाप उत्पन्न कराता है ।
(सेदेसि, सेदित, सेदेत्वा) ।
सेन, (सेनक भी), पु०, चील, बाज ।
सेना, स्त्री०, फौज ।
सेना-नायक, सेनापति, सेनानी, पु०, सेना का सचालक ।
सेनापच्च, नपु०, सेनापति का कार्यालय ।
सेना-व्यूह, पु०, सेना का चक्र-व्यूह ।
सेनासन, नपु०, शयनासन, सोने के लिए स्थान, निवास-स्थान, सोने की व्यवस्था ।
सेनासन-गाहापक, पु०, सोने के स्थानो की व्यवस्था करने वाला ।
सेनासन-चारिका, स्त्री०, एक शयनासन से दूसरे शयनासन पर भटकना ।
सेनासन-पञ्ञापक, पु०, शयनासनो का व्यवस्थापक ।
सेफालिका, स्त्री०, शेफालिका, नील सिंधुवार का पौधा, निर्गुंडी ।
सेम्ह, नपु०, श्लेष्मा, कफ ।
सेय्य, नपु०, श्रेष्ठतर ।
सेय्य जातक, मत्री ने राजा के रनिवास मे गडबडी की । उसे देश-निकाला दे दिया गया (२८२) ।
सेय्यथापि, अव्यय, जैसे ।
सेय्यथीदं, अव्यय, निम्नोक्त के अनुसार ।
सेय्या, स्त्री०, शय्या ।

सेरिचारी, वि०, स्वेच्छाचारी, यथा-रुचि विचरने वाला।
सेरिता, स्त्री०, स्वैरी-भाव, स्व-तन्त्रता।
सेरिवाणिज जातक, लोभी सेरिवा बनिये ने मुंह की खाई (३)।
सेरिविहारि, वि०, जैसे चाहे वैसे रहने वाला।
सेल, पु०, शैल, पर्वत।
सेलमय, वि०, पत्थर का बना।
सेलेय्य, नपु०, शिलाजीत।
सेवक, पु०, नौकर, सेवा करने वाला, वि०, सेवा करता हुआ, सगति मे रहता हुआ।
सेवति, क्रिया, सेवा करता है, सगति करता है, उपभोग करता है, अभ्यास करता है।
(**सेवि, सेवित, सेवन्त, सेवमान, सेवित्वा, सेवितब्ब**)।
सेवन, नपु०, सगति, सेवा, उपभोग।
सेवना, स्त्री०, सगति, सेवा, उपभोग।
सेवा, स्त्री०, सेवा-टहल।
सेवाल, पु०, काई।
सेवित, कृदन्त, उपयोग मे लाया गया, अभ्यस्त, सगति मे रहा।
सेवी, सगति करने वाला, अभ्यास करने वाला।
सेस, वि०, शेष, बचा हुआ।
सेसेति, क्रिया, शेष छोडता है।
(**सेसेसि, सेसित, सेसेत्वा**)।
सो, सर्वनाम, वह।
सोक, पु०, शोक।
सोकग्गि, पु०, शोकाग्नि।
सोक-परेत, वि०, शोकाभिभूत।
सोक-विनोदन, नपु०, शोक का दूर करना।
सोक-सल्ल, नपु०, शोक-शल्य।
सोकी, वि०, शोक करने वाला।
सोख्य, नपु०, स्वास्थ्य, सुख।
सोखुम्म, नपु०, सूक्ष्मता, बारीकी।
सोगन्धिक, नपु०, श्वेत कमल।
सोचति, क्रिया, सोचता है, चिन्ता करता है, पश्चात्ताप करता है।
(**सोचि, सोचित, सोचन्त, सोचमान, सोचितब्ब, सोचित्वा, सोचितु**)।
सोचना, स्त्री०, चिन्ता करना, अफसोस करना।
सोचेय्य, नपु०, पवित्रता।
सोण, पु०, कुत्ता।
सोणित, नपु०, शोणित, रक्त।
सोणी, स्त्री०, कुत्ती, कटि-प्रदेश।
सोण्ड, (**सोण्डक** भी), वि०, नशेबाज़।
सोण्डा, स्त्री०, हाथी की सूंड, वि०, नशेबाज औरत।
सोण्डिक, वि०, शराब बेचने वाला।
सोण्डिका, (**सोण्डी** भी) स्त्री०, पर्वतो मे प्राकृतिक जलाशय।
सोण्ण, नपु०, स्वर्ण, सोना।
सोण्णमय, वि०, स्वर्ण-निर्मित।
सोत, नपु०, कान; पु०, स्रोत, धारा।
सोत-द्वार, नपु०, कर्णेन्द्रिय।
सोत-विल, नपु०, कान का छेद।
सोतवन्तु, वि०, कान वाला।
सोत-विञ्ञाण, वि०, श्रोत्र-विज्ञान।
सोत-विञ्ञेय्य, वि०, कान द्वारा प्राप्त किया जाने वाला विज्ञान।
सोतायतन, नपु०, कर्णेन्द्रिय।
सोतब्ब, कृदन्त, सुना जाने योग्य।

सोतापत्ति, स्त्री०, धर्म-पथ रूपी स्रोत मे आ पडना, धर्म-पथ की पहली मजिल।

सोतापन्न, वि०, धर्म-पथ रूपी स्रोत मे आ पडा।

सोतिन्द्रिय, नपु०, श्रोत्रेन्द्रिय, कान।

सोतु, पु०, सुनने वाला।

सोतु-काम, वि०, सुनने की इच्छा वाला।

सोतु, सुनने के लिए।

सोत्थि, स्त्री०, स्वस्ति, कल्याण, सुरक्षा, आशीर्वचन।

सोत्थि-कम्म, नपु०, आशीर्वचन।

सोत्थि-भाव, पु०, स्वस्ति-भाव, कुशलता।

सोत्थि-साला, स्त्री०, हस्पताल।

सोदक, वि०, भीगा हुआ, पानी चूता हुआ।

सोदरिय, वि०, एक ही माता की सन्तान, सहोदर।

सोधक, वि०, सफाई करने वाला, शुद्ध करने वाला।

सोधन, नपु०, सफाई, शुद्धि।

सोधापेति, क्रिया, सफाई कराता है, शुद्धि कराता है।
(सोधापेसि, सोधापित, सोधापेत्वा)।

सोधित, कृदन्त, साफ किया गया, शुद्ध किया गया।

सोधेति, क्रिया, साफ करता है, शुद्ध करता है।
(सोधेसि, सोधेन्त, सोधयमान, सोधेतब्ब, सोधेत्वा)।

सोनक जातक, अरिन्दम तथा सोनक की कथा (५२९)।

सोन-नन्द जातक, नन्द ने माता-पिता को कच्चा फल ला दिया था। यह उसके भाई सोन के रोष का कारण हुआ (५३२)।

सोपाक, पु०, चाण्डाल।

सोपान, पु० तथा नपु०, सीढी।

सोपान-पन्ति, स्त्री०, सीढियों की कतार।

सोपान-पाद, पु०, सीढियो का आरम्भ।

सोपान-फलक, नपु०, एक सीढी।

सोपान-सीस, नपु०, ऊपर की सीढी।

सोप्प, नपु०, नींद।

सोब्भ, नपु०, गड्ढा, जलाशय।

सोभग्ग, नपु०, सौभाग्य, सौन्दर्य।

सोभग्ग-पत्त, वि०, सौभाग्यवान, सुन्दर

सोभण, (शोभन भी), वि०, शोभन, चमकने वाला, सुन्दर।

सोभति, क्रिया, चमकता है, सुन्दर। लगता है।
(सोभि, सोभित, सोभन्त, सोभमान, सोभित्वा)।

सोभा, स्त्री०, शोभा, सौन्दर्य।

सोभित, कृदन्त, शोभित, शोभा-सम्पन्न।

सोभेति, क्रिया, चमकता है, सजाता है, (सोभेसि, सोभेन्त, सोभेत्वा)।

सोम, पु०, चन्द्रमा।

सोमदत्त जातक, अग्निदत्त के पुत्र सोमदत्त की कथा (२११)।

सोमदत्त जातक, तपस्वी अपने पोषित सोमदत्त नाम के हाथी के बच्चे की मृत्यु पर दुखी हुआ (४१०)।

सोमनस्स, नपु०, सौमनस्य, प्रसन्नता, सुख।

सोमनस्स जातक, ठग तपस्वी ने राज-

कुमार सोमनस्स को दण्डित कराना चाहा (५०५)।
सोम्म, वि०, सौम्य, अनुकूल।
सोरच्च, नपु०, विनम्रता।
सोवग्गिक, वि०, स्वर्ग ले जाने वाला।
सोवचस्सता, स्त्री०, आज्ञाकारिता, विनम्रता।
सोवण्ण, नपु०, सोना।
सोवण्णमय, वि०, स्वर्ण-निर्मित।
सोवत्थिक, नपु०, स्वस्तिक।
सोवीरक, पु०, काँजी, सिरका।
सोस, पु०, शोषण, सूखना।
सोसन, नपु०, सुखाना।
सोसानिक, वि०, श्मशान मे रहने वाला।
सोसेति, क्रिया, सुखवाता है।
(**सोसेसि**, **सोसित**, **सोसेन्त**, **सोसेत्वा**)।
सोस्सति, क्रिया, सुनेगा।
सोहज्ज, नपु०, मित्रता।
स्नेह, देखो सिनेह।
स्वाकार, वि०, अनुकूल प्रकृति वाला, भली प्रकृति वाला।
स्वाक्खात, वि०, भली प्रकार व्याख्या किया गया, या उपदेश किया गया।
स्वागत, वि०, स्वागत, कण्ठस्थ।
स्वागत, क्रि० वि०, स्वागत।
स्वातन, वि०, (आने वाले) कल से सम्बन्धित।
स्वातनाय, चतुर्थी विभक्ति, कल के लिए।
स्वे, क्रि० वि०, (आने वाला) कल।

ह

हञ्ज, वि० प्रियतम।
हञ्ञति, क्रिया, मारा जाता है, नष्ट किया जाता है।
(**हञ्ञि**, **हञ्ञमान**)।
हञ्ञन, नपु०, यातना देना, जान से मार डालना।
हट, कृदन्त, ले जाया गया।
हट्ठ, कृदन्त, हृष्ट, सतुष्ट, आनन्दित।
हट्ठ-तुट्ठ, वि०, प्रसन्न-चित्त।
हट्ठ-लोम, वि०, रोमाञ्चित।
हठ, पु०, हिंसा, ज़िद।
हत, कृदन्त, मारा गया, जख्मी हुआ, नष्ट कर दिया गया।
हत-भाव, पु०, नष्ट किये जाने का भाव।
हतन्तराय, वि०, बाधा-रहित।
हतावकासो, वि०, शुभाशुभ की सीमा से परे।
हत्थ, पु०, हाथ, हत्था, हाथ-भर का माप।
हत्थक, पु०, हत्था, वि०, हाथ वाला।
हत्थ-कम्म, नपु०, शारीरिक श्रम।
हत्थ-गत, वि०, हस्तगत, जिस पर अपना अधिकार हो।
हत्थ-गहण, नपु०, हाथ से पकड़ना।
हत्थ-गाह, पु०, हाथ से धरना।
हत्थच्छिन्न, वि०, जिसके हाथ कटे हो।
हत्थ-छेद, पु०, हाथो का कटना।
हत्थ-छेदन, नपु०, हाथो का काटा जाना।

हत्थ-तल, नपु०, हथेली ।
हत्थ-पसारण, नपु०, हाथ फैलाना ।
हत्थ-पास, पु०, हाथ की लम्बाई ।
हत्थ-वट्टक, पु०, हाथ की गाडी ।
हत्थ-विकार, पु०, हाथ का सञ्चालन ।
हत्थ-सार, पु०, मूल्यवान वस्तु, चल-सम्पत्ति ।
हत्थापलेखन, नपु०, भोजनान्तर हाथ चाटना ।
हत्थाभरण, नपु०, बाजूबंद ।
हत्थत्थर, पु०, हाथी का चोग़ा ।
हत्थाचरिय, पु०, हाथी को सिखाने वाला ।
हत्थारोह, पु०, पीलवान, महावत ।
हत्थि, (हत्थी का ह्रस्वीकरण), हाथी ।
हत्थि क्रन्त-वीणा, स्त्री०, हाथियों को वशमाने की वीणा ।
हत्थि-कलभ, हाथी का बच्चा ।
हत्थि-कुम्भ, पु०, हाथी का मस्तक ।
हत्थि-कुल, नपु०, हाथियो की जाति ।
हत्थिक्खन्ध, पु०, हाथी की पीठ ।
हत्थि-गोपक, पु०, महावत ।
हत्थि-दन्त, पु० तथा नपु०, हाथी का दांत ।
हत्थि-दमक, पु०, हाथी को सयत रखने वाला ।
हत्थि-दम्म, पु०, सिखाया हुआ हाथी ।
हत्थि-पद, नपु०, हाथी का पांव या क़दम ।
हत्थि-पाकार, पु०, हाथियो की शक्ल उत्कीर्ण की हुई दीवार ।
हत्थिप्पभिन्न, वि०, पगलाया हुआ हाथी ।
हत्थि-बन्ध, पु०, महावत, हाथी-रख-वाला ।
हत्थि-मेण्ड, पु०, महावत, हाथी-रख-वाला ।
हत्थि-मत्त, वि०, हाथी जितना बड़ा ।
हत्थि-मारक, पु०, हाथियो का शिकारी ।
हत्थि-यान, नपु०, हाथी की सवारी ।
हत्थि-युद्ध, नपु०, हाथियो का युद्ध ।
हत्थि-रूपक, नपु०, हाथी का चित्र ।
हत्थि-लेण्ड, पु०, हाथी की विष्ठा ।
हत्थि-लिङ्ग-सकुण, पु०, हाथी की सूण्ड सदृश चोंच वाला गीध ।
हत्थि-साला, स्त्री०, हस्ति-शाला ।
हत्थि-सिप्प, नपु०, हस्ति-शिल्प ।
हत्थि-सोण्डा, स्त्री०, हाथी की सूण्ड ।
हत्थिनी, स्त्री०, हथिनी ।
हत्थी, पु०, हाथी ।
हदय, नपु०, दिल, हृदय ।
हदयङ्गम, वि०, अनुकूल, आकर्षक ।
हदय-मंस, नपु०, हृदय का मांस ।
हदय-वत्थु, नपु०, हृदय का सार ।
हदय-संताप, पु०, हृदय का सताप या पश्चात्ताप ।
हदयस्सित, वि०, हृदय-सम्बन्धी ।
हदय-निस्सित, वि०, हृदय-आश्रित ।
हनति, (हन्ति भी) क्रिया, मारता है, चोट पहुँचाता है, जख्मी करता है । (हनि, हत, हनन्त, हनमान, हन्त्वा, हनित्वा, हन्तुं, हनितु, हन्तब्ब, हनितब्ब) ।
हनन, नपु०, मारना, चोट पहुँचाना ।

हनु, हनुका, स्त्री०, दाढ ।
हन्तु, पु०, जान से मारने वाला, चोट पहुँचाने वाला ।
हन्त्वा, पूर्व० क्रिया, मार डाल कर ।
हन्द, अव्यय, अच्छा, अब मेरी बात पर ध्यान दो, इस अर्थ मे अव्यय ।
हम्भो, अपने समान लोगो को सम्बोधन करने का ढग ।
हम्मिय, नपु०, अनेक तल्लो का मकान ।
हय, पु०, घोडा ।
हय-पोतक, पु०, बछेडा ।
हय-वाही, वि०, घोडो द्वारा खीची गई (गाडी) ।
हयानीक, नपु०, घुडसवार सेना ।
हर, वि०, ले जाने वाला, लाने वाला ।
हरण, नपुं०, ले जाना ।
हरणक, वि०, ले जाता हुआ, ले जाया जा सकने वाला (पदार्थ) ।
हरति, क्रिया, ले जाता है, चुरा लेता है, लूट लेता है ।
(हरि, हट, हरन्त, हरमान, हरित्वा, हरितुं) ।
हरायति, क्रिया, लज्जित होता है, चिन्तित होता है ।
(हरायि, हरायित्वा) ।
हरापेति, क्रिया, लिवा जाता है ।
(हरापेसि, हरापित, हरापेत्वा) ।
हरिण, पु०, मृग ।
हरित, वि०, हरा, ताजा, नपु०, साग-सब्जी ।
हरितत्त, नपु०, हरितपन, हरियाली ।
हरितब्ब, कृदन्त, ले जाये जाने योग्य ।
हरिताल, नपु०, पीली हडताल ।
हरितु, पु०, ले जाने वाला ।
हरित्तच, वि०, सुनहरे रग का ।
हरिस्सवण्ण, वि०, सुनहरी झलक वाला ।
हरीतक, नपु०, हरड ।
हरीतकी, स्त्री०, हरड ।
हरे, सम्बोधन शब्द ।
हल, नपु०, (खेत जोतने का) हल ।
हलं, अव्यय, पर्याप्त ।
हलाहल, नपुं०, हलाहल, विष ।
हलिद्दा, स्त्री०, हल्दी ।
हलिद्दी, स्त्री०, हल्दी ।
हवे, अव्यय, निश्चय से ।
हव्य, नपु०, आहुति ।
हसति, क्रिया, मुस्कराता है, हँसता है ।
(हसि, हसित, हसन्त, हसमान, हसितब्ब, हसित्वा) ।
हसन, नपु०, हँसी ।
हसित, कृदन्त तथा नपु०, मुस्काया, हँसी ।
हसितुप्पाद, पु०, मुस्कराहट ।
हस्स, नपुं०, हँसी, मजाक ।
हस, पु०, हस ।
हस-पोतक, हस का बच्चा ।
हसति, क्रिया, रोमाञ्चित होता है ।
(हसि, हसित्वा) ।
हंसन, नपु०, रोमाञ्चित होना ।
हसी, स्त्री०, हसिनी ।
हसेति, क्रिया, हँसाता है ।
हा, अव्यय, अफसोस ।
हाटक, नपु०, सोना, स्वर्ण ।
हातब्ब, कृदन्त, त्याज्य ।
हातु, त्याग देने के लिए ।
हानभागिय, वि०, छोडने के अनुकूल ।
हानि, स्त्री०, नुकसान ।

हापक, वि०, हानि का कारण, हानि पहुँचाने वाला।

हापन, नपु०, हानि।

हापेति, क्रिया, उपेक्षा करता है, विलम्ब करता है, कम कर देता है।
(हापेसि, हापित, हापेन्त, हापेत्वा)।

हायति, क्रिया, घटाता है, व्यर्थ नष्ट करता है।
(हायि, हीन, हायन्त, हायमान, हायित्वा)।

हायन, नपु०, कमी, ह्रास, वर्ष।

हायी, वि०, छोड देने वाला।

हार, पु०, फूलो या मोतियो आदि की की माला।

हारक, वि०, हटाता हुआ, ले जाता हुआ।

हारिका, स्त्री०, हटाती हुई, ले जाती हुई।

हारिय, वि०, ले जाया जा सकने वाला।

हास, पु०, हँसी।

हासकर, वि० आनन्द-प्रद।

हासेति, क्रिया, प्रसन्न करता है, हँसाता है।
(हासेसि, हासित, हासेन्त, हासयमान, हासेत्वा)।

हि, अव्यय, निश्चय से, वास्तव में।

हिक्का, स्त्री०, हिचकी।

हिङ्गु, नपु०, हींग।

हिङ्गुसक, नपुं०, सिन्दूर।

हित, नपु०, भलाई, वि०, उपयोगी; पु०, मित्र।

हितकर, वि०, हित करने वाला।

हितावह, वि०, हितकर।

हितेसी, पु०, हितैषी, हित चाहने वाला।

हिताल, पु०, खजूर।

हिम, नपु०, बर्फ।

हिमवन्तु, वि०, हिमालय पर्वत।

हियो, क्रि०, वि०, कल (गुजरा हुआ)।

हिरञ्ञ, नपु०, सोना।

हिरि, स्त्री०, लज्जा।

हरि-कोपीन, नपु०, लँगोटी।

हिरिमन्तु, वि०, शर्मीला।

हिरीयति, क्रिया, लज्जा करता है।

हिरीयना, स्त्री०, लज्जा।

हिरोत्तप्प, नपु०, लज्जा-भय (पाप से)।

हिंसति, क्रिया, हिंसा करता है, चोट पहुँचाता है, चिढाता है।
(हिंसि, हिंसित, हिंसन्त, हिंसमान, हिंसित्वा)।

हिंसन, नपु०, हिंसा करना, चोट पहुँचाना, चिढाना।

हिंसना, स्त्री०, हिंसा करना, चोट पहुँचाना, चिढाना।

हिंसा, स्त्री०, कष्ट पहुँचाना।

हिंसापेति, क्रिया, कष्ट पहुँचाता है।
(हिंसापेसि, हिंसापित, हिंसापेत्वा)।

हीन, वि०, नीच।

हीन-जच्च, वि०, हीन-जन्मा।

हीन-विरिय, वि०, हिम्मत हारे हुए।

हीनाधिमुत्तिक, वि०, मन्दोत्साह।

हीयति, क्रिया, हानि को प्राप्त होता है, त्याग दिया जाता है।
(हीयि, हीयमान)।

हीयो, अव्यय (गुजरा हुआ) कल ।
हीर, हीरक, नपु०, खमाची ।
हीलन, नपु०, घृणा करना ।
हीलना, स्त्री०, घृणा करना ।
हीळेति, क्रिया, घृणा करता है ।
(हीळेसि, हीळित, हीळेत्वा, हीळियमान) ।
हुत, नपु०, आहुति ।
हुतासन, नपु०, अग्नि ।
हुत्त, नपु०, होम किया गया ।
हुत्वा, पूर्व० क्रिया, होकर ।
हुर, क्रि० वि०, दूसरे लोक मे ।
हुङ्कार, पु०, 'हुँ' शब्द ।
हे, अव्यय, सम्बोधन के लिए शब्द ।
हेट्ठतो, (हेट्ठतो भी), क्रि० वि०, नीचे से ।
हेट्ठा, क्रि०, वि०, नीचे ।
हेट्ठा-भाग, पु० नीचे का हिस्सा ।
हेट्ठा-मञ्चे, क्रि० वि०, चारपाई के नीचे ।
हेट्ठिम, वि०, सबसे नीचे ।
हेट्ठक, वि०, कष्टदायक ।
हेठना, स्त्री०, कष्ट पहुँचाना है ।
हेठेति, क्रिया, कष्ट पहुँचाता है
(हेठेसि, हेठित, हेठेन्त, हेठयमान, हेठेत्वा) ।
हेति, स्त्री०, हथियार ।
हेतु, पु०, कारण ।
हेतुक, वि०, कारण से सम्बन्धित ।
हेतुप्पभव, वि०, कारण से उत्पन्न, हेतुप्रभव ।
हेतुवाद, पु०, हेतु-फल का सिद्धान्त ।
हेम, नपु०, सोना ।
हेम-जाल, नपु०, स्वर्ण-जाल ।
हेमन्त, पु०, हेमन्त ऋतु, शीत ऋतु ।
हेमन्तिक, पु०, हेमन्त ऋतु सम्बन्धी ।
हेम-वण्ण, वि०, सुनहरे रग वाला ।
हेमवतक, वि०, हिमालय मे रहने वाला ।
हेरञ्ञिक, पु०, सुनार ।
हेला, स्त्री०, हाव-भाव ।
हेसा, स्त्री०, घोडे का हिनहिनाना ।
हेसा-रव, पु०, घोडे के हिनहिनाने की आवाज ।
होति, क्रिया, होता है ।
(अहोसि, होन्त, होतब्ब, होतुं) ।
होम, नपु०, आहुति ।
होम-दब्बि, स्त्री०, यज्ञ करने की कडछी ।
होरा, स्त्री०, घटा ।
होरा-पाठक, पु०, ज्योतिषी ।
होरा-यन्त, नपु०, बडी घडी ।
होरा-लोचन, नपु०, घडी ।